www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

01 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 312


चिरुडीह में शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगेगी




Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरुआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I | Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


प्रोजेक्ट भवन में सम्मान समारोह कल, 10वीं-12वीं के टॉपर होंगे सम्मानित

# सीएम देंगे नियुक्ति पत्र

## सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को मिलेगी नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार दो सितंबर को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन स्थित नये सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग से जेइइ मेंस और एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों और राज्य स्तर पर द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जोयगा। सम्मान समारोह के संबंध में जिलों को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहनेवाले विद्यार्थी को दो सितंबर को राज्य स्तर पर होनेवाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जायेगा। राज्य में प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को तीन लाख, दूसरे स्थान पर रहने वाले को दो लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये दिये जायेंगे। टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप भी दिया जायेगा। आकांक्षा कोचिंग के सफल विद्यार्थियों को लैपटॉप दिया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चयनित अभ्यर्थी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।



### आकांक्षा कोचिंग से 25 विद्यार्थियों का हुआ नामांकन

इस वर्ष आकांक्षा कोचिंग से 25 विद्यार्थियों का नामांकन देश के अलग-अलग इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ है। इनमें छह का नामांकन आइआइटी में हुआ है, जबकि 10 का नामांकन एनआइटी और शेष विद्यार्थियों का नामांकन अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ है।

भारत-चीन की बातचीत में उड़ान-वीजा से लेकर आर्थिक संतुलन तक के मुद्दे उठे

# मोदी-जिनपिंग की ट्रंप को दो टूक: हमारे रिश्ते में किसी तीसरे लेंस की जरूरत नहीं

दोनों नेताओं ने कहा, हाथी और ड्रैगन की दोस्ती दुनिया के लिए अहम

एजेंसी

**तियानजिन।** भारत और चीन के बीच रविवार को हुई शिखर वार्ता के दौरान अमेरिका को तगड़ा झटका दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 50 मिनट तक हुई मुलाकात ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा संदेश दिया। दोनों नेताओं ने यह स्वीकार किया कि भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाएं विश्व व्यापार को स्थिर करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। दोनों देशों ने साफ किया कि हाथी और ड्रैगन की दोस्ती दुनिया के लिए अहम है। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नये टैरिफ निर्णयों से जूझ रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी और जिनपिंग की बैठक के दौरान वैश्विक व्यापार माहौल पर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने ट्रंप का नाम लिये बिना कहा: हमारे रिश्ते में किसी तीसरे लेंस की जरूरत नहीं है। बातचीत के दौरान उड़ान से लेकर वीजा तक के मुद्दे भी उठाये गये। वार्ता में सिर्फ व्यापार ही नहीं, बल्कि लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के उपायों पर भी सहमति बनी। दोनों नेताओं ने सीधे हवाई संपर्क बहाल करने, वीजा प्रक्रिया आसान करने और कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को अहम कदम बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने माना कि पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान आपसी भरोसा बढ़ाने में मदद करेंगे। अगस्त में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की यात्रा के दौरान ही दोनों देशों ने जल्द ही सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने और हवाई सेवा समझौता को अपडेट करने पर सहमति दी थी।



### मोदी, पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ एक फ्रेम में



चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान रविवार को एक आकर्षक नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य नेता एक मंच पर नजर आये। तियानजिन में आधिकारिक स्वागत समारोह के दौरान ये नेता एक फोटो फ्रेम में खड़े नजर आये। यह तस्वीर दुनिया भर में तेजी से वायरल हो गयी। कहा जा रहा है कि इस एक तस्वीर ने अमेरिका समेत दूसरे शक्तिशाली देशों को मजबूत संदेश दिया है।

### रणनीतिक स्वायत्तता और साझा चुनौतियां

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि भारत और चीन दोनों रणनीतिक स्वायत्तता का पालन करते हैं और उनके रिश्तों को किसी तीसरे देश के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देशों को द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर साझा जमीन तैयार करनी होगी। इसमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और बहुपक्षीय मंचों पर न्यायसंगत व्यापार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आपसी व्यापार घाटा कम करने और निवेश बढ़ाने के लिए राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में काम करने पर भी सहमति जतायी।

### पीएम के मन की बात : यूपीएससी में चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को 'प्रतिभा सेतु' के जरिये नौकरी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के 125वें संस्करण में प्राकृतिक आपदा, खेल-खिलाड़ी, इनोवेशन, शिक्षा, वोकल फॉर लोकल पर बात की। उन्होंने कहा, इस मानसून के मौसम में प्राकृतिक आपदाएं हमारे देश की परीक्षा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों हमने भीषण बाढ़-भूस्खलन देखे। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुख पहुंचाया है। हम उन परिवारों के दुख में शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। जहां भी आपदाएं आयीं, हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर दिन-रात अथक परिश्रम किया है। पीएम ने कहा कि कई उम्मीदवार यूपीएससी की अंतिम सूची में जगह नहीं बना सके। उनकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'प्रतिभा सेतु एप' पर उपलब्ध करायी जा रही है। यह देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ शेयर की जायेगी, ताकि उन्हें इन कंपनियों में अच्छी नौकरी मिल सके।

# सीएम हेमंत आज पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के मौके पर निकाली जानेवाली पदयात्रा में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह पटना जायेंगे और देर शाम तक रांची लौट जायेंगे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कई मंत्री भी शामिल होंगे। यह जानकारी झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दी। हेमंत सोरेन की भागीदारी से बिहार में विपक्षी एकता को और मजबूती मिलेगी।

**शामिल नहीं होंगी ममता, प्रतिनिधि मंडल को भेजा:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पटना में आयोजित जनसभा में शामिल नहीं होंगी, बल्कि उन्होंने अपनी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल को पटना भेजा है। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने यह जानकारी दी।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering
Faculty of Law
- LL.B. - B.A. LL.B. - B.B.A. LL.B
Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) - B.A (English) - B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) - B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) - M.A (Hindi) - M.A (English)
- M.A (Sanskrit) - M.A (Economics)
- M.A (Psychology - M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy - B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry - B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
- OT - DMLT - ECG - X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser
Library Science
- B.Lib.I.Sc. - M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) - B.Sc. (Chemistry) - B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) - B.Sc. (MLT) - B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) - B.Sc. (Biochemisty) - B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) - M.Sc. (Chemistry) - M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) - M.Sc. (Zoology) - M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) - M.Sc. (MLT) - M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
- B.Com - M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/


# बोकारो स्टील के दो जीएम निलंबित

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के दो महाप्रबंधकों को निलंबित कर दिया गया है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के इस संयंत्र में शुक्रवार को ब्लास्ट फर्नेस में विस्फोट हुआ था। हादसे में एक श्रमिक जख्मी हो गया। इसके बाद कार्यवाहक प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा ने सुरक्षा पदाधिकारी और एक अन्य महाप्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उनमें जीएम ब्लास्ट फर्नेस एवं डीएसओ धनंजय कुमार और जीएम ऑपरेशन श्याम सुंदर शामिल हैं। कार्यवाहक प्रभारी निदेशक द्वारा की गयी कार्रवाई से पूरे संयंत्र में हड़कंप मच गया है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। बता दें कि बोकारो स्टील प्लांट में शुक्रवार रात में ब्लास्ट फर्नेस 5 के कास्ट हाउस में हादसा हुआ था। ठेका मजदूर बिनय कुमार गंभीर रूप से झुलस गये। वह कार्य के दौरान अनियंत्रित होकर स्लैग के नाले में गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गये। वह अकुशल श्रमिक हैं और अतुल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधीन काम कर रहे थे।



पिथौरागढ़ में भूस्खलन

# पावर हाउस की सुरंग का मुहाना बंद, 19 श्रमिकों को बचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बड़ा हादसा हो गया है। पहाड़ी टूटने से धारचूला के ऐलागाड़ स्थित एनएचपीसी पावर हाउस की भूमिगत टनल का मुहाना बंद हो गया। टनल के मुहाने पर भारी मात्रा में मलबा और पत्थर जमा हो जाने से टनल के भीतर कार्यरत 19 कार्मिक फंस गये। इन सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि प्रशासन, एसडीआरएफ और बीआरओ की संयुक्त टीम ने लगातार प्रयास करते हुए सुरंग में फंसे 19 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम को ऐलागाड़ की है। यहां पहाड़ी दरक गयी थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की सुरंग के मुहाने पर जमा हो गये। इससे सुरंग में काम कर रहे 19 कार्मिक फंस गये थे। कार्मिकों के फंसे होने की सूचना मिलते ही युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। जिला प्रशासन के अफसरों ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।

### न्यूज रील्स

#### तीन दशक बाद कश्मीर में फिर खुला शारदा भवानी मंदिर

**श्रीनगर।** कश्मीरी पंडित समुदाय ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शारदा भवानी मंदिर को तीन दशक से भी ज्यादा समय बाद फिर से खोल दिया। इस समारोह में स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भारी भागीदारी रही।

# फर्जी दलों पर सख्ती के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

चुनाव आयोग को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपना पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गये हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, नशीली दवाओं के तस्करों, मनी लांड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है।

**काले धन को सफेद बनाने का मामला :** याचिका में हाल ही में मीडिया में आयी एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो काले धन को सफेद करने का काम कर रहा था। इस दल पर आरोप है कि वह 20 प्रतिशत कमीशन लेकर काले धन को वैध चंदे में बदल रहा था। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय का कहना है कि राजनीतिक दल सार्वजनिक कार्य करते हैं, इसलिए उनमें पारदर्शिता और जवाबदेही होना बेहद जरूरी है।



### सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता की जरूरत

याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी सार्वजनिक जीवन में इमानदारी और पारदर्शिता लाने के लिए कई सुधार कर चुका है। अब राजनीतिक दलों पर भी सख्त नियम लागू करना जरूरी है। अगर चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के लिए ठोस नियम बनाये, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती देगा। इसमें कहा गया है कि बिना नियमन के राजनीतिक दल लोकतंत्र को कमजोर करते हैं और जनता के भरोसे को तोड़ते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में सियासी तूफान पैदा कर गयी राहुल-तेजस्वी की यात्रा

## ■ 16 दिन की यात्रा के दौरान तीन बड़े निशाने साध गये कांग्रेस के युवराज

## ■ बड़ा सवाल: बंपर भीड़ तो मिली, क्या वोट में तब्दील कर सकेगा महागठबंधन

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हो गयी है। महागठबंधन की यह यात्रा 16 दिनों तक चली और बिहार के 22 शहरों से होकर गुजरी। इस यात्रा में कांग्रेस के तीनों मुख्यमंत्री के अलावा तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और यूपी के अखिलेश यादव ने भाग लिया। यात्रा का आधिकारिक समापन एक सितंबर को पटना में पदयात्रा के साथ होगा। इस यात्रा की सबसे बड़ी खासियत रही कि यह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर आयोजित की गयी थी। राहुल गांधी और उनके साथ के लोग स्कूल या किसी बड़े अहाते में कैंप लगाते थे और वहीं रहते थे। हर दिन उनके कंटेनर एक जगह से दूसरे जगह जाते थे। बिहार में एसआइआर और वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ी के खिलाफ निकाली गयी इस यात्रा ने बिहार की सियासत में एक तूफान तो पैदा कर दिया है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इसका असर चुनाव तक बरकरार रहेगा। इस यात्रा से राहुल ने कम से कम तीन बड़े निशाने साधे हैं। इनमें पहला है बिहार में मृत पड़े कांग्रेस संगठन में नया उत्साह पैदा करना, दूसरा है विपक्षी एकता को मजबूती प्रदान करना और तीसरा खुद को राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे के रूप में स्थापित करना। यात्रा से पहले जहां विपक्ष की सियासत तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर के इर्द-गिर्द घूम रही थी, वहीं अब इसकी कमान राहुल गांधी ने संभाल ली है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के बीच चल रहे अवरोधों को भी पाटने में कामयाबी हासिल की है। क्या है वोटर अधिकार यात्रा का हासिल और बिहार के आसन्न चुनाव में इसका कितना होगा असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह
संपादक

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हो गयी है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया के खिलाफ यात्रा के दौरान धावा बोला। राहुल गांधी इससे पहले भी भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से दो बार देश के कई राज्यों का दौरा कर चुके हैं। अब एक बार फिर राहुल ने हुंकार भरी है और उन्होंने 16 दिन तक तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा चलकर बिहार के 22 जिलों के लोगों से संपर्क किया। उनकी यात्रा का आधिकारिक समापन सोमवार एक सितंबर को पटना में पदयात्रा के साथ होगा। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बार-बार कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में बड़े पैमाने पर वोटों की चोरी हुई और इस वजह से ही एनडीए को लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि न सिर्फ लोकसभा चुनाव 2024, बल्कि उसके बाद महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भी वोटों की चोरी हुई है। उन्होंने अपने इन दावों के समर्थन में तमाम तरह के सबूतों को सामने रखा है, हालांकि चुनाव आयोग ने उनके तमाम आरोपों को खारिज कर दिया है।

### राहुल को लड़ाई का चेहरा बना रही कांग्रेस

कांग्रेस ने भरपूर कोशिश की कि राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान आम लोगों तक पहुंचें। इसलिए राहुल गांधी कार से उतर कर बाइक पर लोगों के बीच निकले। उनके साथ प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। मखाना किसानों से राहुल ने बातचीत की और लोगों को यह समझाने की कोशिश की कि बीजेपी और एनडीए वोट चोरी के जरिये ही सत्ता में बने हुए हैं।

### राहुल गांधी की यात्रा के तीन बड़े उद्देश्य

राहुल गांधी की इस यात्रा ने बिहार की सियासत को गहरे प्रभावित किया है। यात्रा से पहले जहां राज्य में विपक्ष की राजनीति तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर के इर्द-गिर्द घूम रही थी, वहीं अब पूरी कमान राहुल गांधी के हाथों में है। यात्रा से पहले कहा जा रहा था कि बिहार में कांग्रेस बहुत बड़ी ताकत नहीं है और यहां वह राजद के भरोसे है, लेकिन यात्रा के बाद यह स्थिति बदल गयी है। बिहार कांग्रेस अब बेहद उत्साहित नजर आ रही है। इसका उदाहरण प्रदेश कांग्रेस का मुख्यालय सदाकत आश्रम है, जहां अब नेताओं-कार्यकर्ताओं का हुजूम हमेशा मौजूद रहता है। राहुल की यात्रा की दूसरी बड़ी कामयाबी यह रही कि राहुल गांधी अब देश स्तर पर विपक्ष के सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित हो गये हैं। यही कारण है कि यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव को भी कहना पड़ा कि यदि अगली बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो राहुल गांधी ही पीएम होंगे, जबकि बिहार के सीएम के बारे में राहुल गांधी ने चुप्पी साध ली। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री के चेहरे के मुद्दे पर जिस तरह सीधा जवाब नहीं दिया, उससे यह पता चलता है कि कांग्रेस आरजेडी से आगे निकलने की होड़ में है। कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती कि बिहार में उसे राजद के सामने कमतर आंका जाये। ऐसी ही स्थिति उत्तर प्रदेश में है, जहां वह खुद को सहयोगी दल समाजवादी पार्टी से पीछे नहीं दिखाना चाहती। राहुल गांधी की तीसरी कामयाबी विपक्षी एकता के रास्ते में पैदा हुए छोटे-छोटे अवरोधों को पाटना रहा। चाहे तेजस्वी-पप्पू यादव के बीच मतभेद हों या तेजस्वी-पप्पू-कन्हैया के बीच के मतभेद, यात्रा के दौरान सभी का अंत हो गया और इंडिया गठबंधन की एकजुटता मजबूत हुई।




### राजनीतिक लिहाज से बेहद अहम है बिहार

बिहार राजनीति की प्रयोगशाला है। यहां अगले चार महीने के भीतर विधानसभा चुनाव होने हैं। उस चुनाव के नतीजे यदि महागठबंधन के पक्ष में रहे, तो इससे विपक्ष को अगले साल जिन राज्यों में चुनाव हैं, उनमें एनडीए पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल सकती है। अगले साल केरल, बंगाल, तमिलनाडु में विधानसभा के चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को बिहार में 2019 जैसी कामयाबी नहीं मिली। 2019 में एनडीए ने लोकसभा की 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 में यह आंकड़ 30 रह गया था।

### 2020 में खराब रहा था कांग्रेस का प्रदर्शन

यहां पर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करना बहुत जरूरी होगा। तब महागठबंधन में कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी दलों ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन कांग्रेस फिसड्डी रह गयी थी। वह चुनाव में बंटवारे के तहत मिली 70 सीटों में से सिर्फ 19 सीटों पर जीत दर्ज कर पायी थी और यह माना गया था कि इसी वजह से एनडीए को नीतीश की अगुवाई में बिहार में सरकार बनाने का मौका मिला। राजद की अगुवाई में महागठबंधन ने 110 सीटें जीती थी, जबकि एनडीए बहुमत से सिर्फ तीन सीटें, ज्यादा यानी 125 सीटों पर जीत दर्ज कर पाया था। जेडीयू को उस चुनाव में जबरदस्त नुकसान हुआ था और वह 2015 में मिली 71 सीटों के मुकाबले 43 सीट ही जीत पाया था। 243 सीटों वाले बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत है। कांग्रेस इस बार फिर से अपने कोटे की विधानसभा की 70 सीटें या उससे कुछ ज्यादा हासिल करना चाहती है, लेकिन पिछली बार उसके प्रदर्शन को देखते हुए शायद ऐसा नहीं लगता कि तेजस्वी यादव और राजद के इसके लिए तैयार होंगे। पार्टी ने दलित नेता राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर दलित मतदाताओं के बीच संदेश देने की कोशिश की है।

### यात्रा का मकसद और सियासी असर

इंडिया गठबंधन ने बिहार में इस यात्रा के जरिये एक साथ कई मैसेज देने की कोशिश की है। राहुल और तेजस्वी के साथ अखिलेश के मंच साझा करने पर सवाल उठता है कि क्या बिहार में विपक्ष माय समीकरण से पीडीए की ओर बढ़ चला है? क्या विपक्ष का फोकस पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक पर है या फिर ये सिर्फ समीकरण साधने की कवायद है। लेकिन बिहार की राजनीति में ये पहला बिगुल नहीं है और आखिरी भी नहीं होगा। असली सवाल बाकी है कि क्या ये यात्रा जनता के अधिकार के लिए निकली थी या नेताओं की राजनीति के अधिकार के लिए या एसआइआर के खिलाफ निकली यात्रा का मकसद पूरा हुआ। जिस वोट चोरी के नारे को लेकर राहुल निकले थे, क्या उसका फायदा बिहार विधानसभा चुनाव में हो सकेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस यात्रा ने विपक्ष के सियासी समीकरण और सत्ता के समीकरण पर जोर दिखाया है। हालांकि एनडीए इसे केवल चुनावी रणनीति के रूप में देख रहा है। असली परीक्षा अब बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में होगी, जब जनता तय करेगी कि किसे अधिकार मिलेगा और किसे बाहर का रास्ता।

---

# वोटर बनने के लिए अब तक 15.32 लाख आवेदन

## दावा-आपत्ति का आज आखिरी दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में अब तक 2 लाख 7 हजार 565 मतदताओं ने नाम प्रारूप सूची से नाम हटाने का आवेदन दिया है। इसके लिए उन्होंने फार्म 7 भर कर जमा कराया है। रविवार को चुनाव आयोग ने इसकी जानकारी दी। आयोग के अनुसार व्यक्तिगत रूप से आवेदकों ने 33,326 नाम शामिल करने को लेकर आवेदन दिए हैं। वही, आयोग के अनुसार, राजनीतिक दलों के बीएलए के माध्यम से 25 नाम मतदाता सूची में शामिल करने तो 103 नाम हटाने के आवेदन दिये गये हैं। अब तक, 15 लाख 32 हजार 438 मतदाताओं ने नये मतदाता के रूप में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म 6 भरकर आवेदन किये थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में दावा-आपत्ति के लिए तीन दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो सोमवार तक 10 बजे पूर्वाह्न से 04 बजे अपराह्न तक जिले सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा। डीएम ने कहा कि जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किया जा रहा है।



बीएलओ मतदान केंद्र पर निर्वाचकों से दावा-आपत्ति (प्रपत्र-6, 7, 8) तथा आयोग की ओर से निर्धारित दस्तावेज प्राप्त कर रहे हैं। इस आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। विशेष अभियान दिवसों में सभी विधान सभा क्षेत्रों में 5665 मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रह कर निर्वाचकों से दावा-आपत्ति प्राप्त करेंगे।

डीएम ने विशेष अभियान दिवसों को सभी मतदान केंद्र वाले विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रधानाध्यापकों एवं सेविकाओं के माध्यम से खोलने का निर्देश दिया। पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उक्त अभियान के कार्य-प्रगति का गहन अनुश्रवण करेंगे। प्रतिनियुक्त बीएलओ पर्यवेक्षक को भी इसके लिए निर्देशित करेंगे। सभी इआरओ-एइआरओ को निर्देशित किया गया कि विशेष अभियान दिवस के लिये निर्धारित तिथियों को अपने-अपने विधान सभा के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वयं भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।

---

### चाचा नीतीश पर भतीजे तेजस्वी की चुटकी

# एक्टिंग लाइक ए चीट मिनिस्टर, कॉपी करते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के युवराज तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित टिप्पणी की है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार को चीट मिनिस्टर बताया है। कहा है कि वे राजद की सभी योजनाओं की नकल उतार रहे हैं, क्योंकि उनके पास अपना कोई विजन नहीं है। तेजस्वी के बयान पर एनडीए गुस्से में है। बीजेपी नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि राजद को काफी महंगा पड़ेगा तो जदयू प्रवक्ता नीरज ने भाषाई मर्यादा में रहने की नसीहत दी है।

पटना में पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार लगातार चीटिंग कर रहे हैं। वे अब चीफ मिनिस्टर नहीं, बल्कि चीट मिनिस्टर बन कर रह गये हैं। कहा कि ही इज नॉट वर्किंग लाइक ए चीफ मिनिस्टर बट वर्किंग लाइक चीट मिनिस्टर। खुद से कुछ नहीं कर सकते, तो हमारी सभी घोषणाओं की कॉपी करके एलान कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि सीएम चीटिंग तो कर ही रहे हैं ना। बिहार की जनता उनको पहचान गयी है। अब जनता परिवर्तन लाने के मूड में आ गयी है। राज्य के लिए उन्होंने क्या किया, इसका



हिसाब देना पड़ेगा।

तेजस्वी यादव के इस बयान पर सियासी खलबली मच गयी है। बीजेपी नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि महागठबंधन के नेताओं को विश्वास हो गया है कि उनकी आगामी चुनाव में हार होने वाली है। इस वजह से बौखला गये हैं। पहले पीएम नरेंद्र मोदी को गाली दी गयी। अब नीतीश कुमार के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है। जनता सब समझ रही है। तेजस्वी यादव को यह बयान देना बहुत महंगा पड़ेगा।

जदयू ने भी तेजस्वी के बयान पर प्रहार किया है। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि ये लोग भाषाई लंपटीकरण के नायक हैं। कभी पीएम को गाली देंगे, तो कभी सीएम के बारे में अपमानजनक बयान देंगे।

---

### मुजफ्फरपुर की देवकी देवी के मुरीद हुए मोदी

# पीएम ने सुनायी बिहार की 'सोलर दीदी' की कहानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** पीएम ने मन की बात के 125वें एपिसोड में 'सोलर दीदी' की कहानी सुनायी। रविवार को पूरे देश के लोगों ने प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी की जुबान से मुजफ्फरपुर की देवकी देवी की सफलता की कहानी सुनी। 'सोलर दीदी' के नाम से मशहूर देवकी देवी की सफलता की प्रेरक कहानी पीएम ने सुनायी। उन्होंने कहा कि सोलर सिंचाई के माध्यम से जीवन में बदलाव लाने वाली देवकी देवी की कहानी संघर्ष और दृढ़ता की मिसाल है।

पीएम ने कहा कि देवकी देवी की जिंदगी आसान नहीं थी। आर्थिक तंगी में पली-बढ़ीं और कम उम्र में शादी हो गयी। पति की स्थिर आय की चुनौती ने उनके परिवार पर अतिरिक्त बोझ डाला। उनके पास केवल आधा कट्ठा जमीन थी, जिससे गुजारा करना मुश्किल था। लेकिन, मुश्किल हालात में उन्होंने कामयाबी की बड़ी लकीर खींच दी। ना सिर्फ अपनी तरक्की की, बल्कि गांव की तस्वीर बदल दी।

**सशक्तिकरण की राह इस तरह बढ़ा कदम :** देवकी देवी को जब इस योजना के बारे में पता चला तो कई बाधाएं उनके सामने थीं। उनके पति के मन में भी संदेह था। लेकिन, देवकी देवी ने अपने





आत्मविश्वास और सेल्फ हेल्प ग्रुप के सहयोग से इस मौके को अपने हाथों से जाने नहीं दिया। उनके सोलर पंप से आसपास के करीब 40 एकड़ में सिंचाई होती है। पहले उनकी जिंदगी घर की दीवारों के बीच सिमटी हुई थी। अब उनकी पहचान और किस्मत दोनों बदल गयी है। लोग उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं।

**बोचहा की करणपुरा पंचायत की हैं सोलर दीदी :** चार बच्चों की मां देवकी देवी की मेहनत और लगन को देख कर सीएलएफ ने भूमिगत पाइपलाइन के लिए पहली सूची में उन्हें जगह दी। इस योजना से उनकी सौर सिंचाई प्रणाली की स्थापना का रास्ता साफ हुआ। देवकी देवी ने सौर सिंचाई पंप के माध्यम से स्थायी सिंचाई प्रदान करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि करने और अपने समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रयास किया, जो कामयाबी में बदल गयी।

### पूरे समुदाय का विकास हुआ

देवकी देवी के प्रयासों ने पूरे समुदाय पर गहरा प्रभाव डाला। 40 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई और 66 किसानों को सहायता प्रदान करते हुए उन्होंने 1 लाख 40 हजार की आय अर्जित की। 1141.5 घंटे तक पंप का संचालन करने के बाद उनका प्रभाव अभूतपूर्व था। पहले यहां के किसान डीजल पंप पर निर्भर थे, जिसमें प्रति 1.25 डिसमिल भूमि की सिंचाई के लिए 150 रुपये खर्च होते थे, लेकिन सौर सिंचाई के आने के बाद, यह लागत केवल 30 रुपये रह गयी, जिससे किसानों को काफी बचत हुई। देवकी देवी की यह प्रेरक यात्रा सशक्तिकरण और सामुदायिक सुधार का प्रतीक है। उनकी यह सफलता पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गयी। उन्होंने 1141 घंटे तक सौर पंप चला कर 1 लाख 40 हजार की आय अर्जित की। इस उपलब्धि के बल पर वे इलाके में 'सोलर दीदी' के नाम से मशहूर हो गयीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.9°c | 23.6°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |



## जामताड़ा के चिरुडीह गांव में दिशोम गुरु को दी गयी श्रद्धांजलि

# चिरुडीह में शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगेगी

**चिरुडीह को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की याद जामताड़ा के चिरुडीह गांव में रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो सहित कांग्रेस और झामुमो के नेता शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने गुरुजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर जामताड़ा विधायक सह सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने चिरुडीह गांव में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और गांव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का एलान किया।



श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और झारखंड विधानसभा के स्पीकर ने चिरुडीह नरसंहार कांड और गुरुजी की महाजनी और सूदखोरों के खिलाफ चलाये गये आंदोलन का याद किया। मंत्री ने कहा कि गुरुजी के नाम से चिरुडीह में एक ऐतिहासिक पार्क का निर्माण भी कराया जायेगा। साथ ही चिरुडीह गांव को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जायेगा।

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि चिरुडीह को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने के बाद एक तरफ लोग दिशोम गुरु और उनके आंदोलन को जान पायेंगे। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र का भी विकास होगा। यहां बड़े-बड़े होटल खुलेंगे। सैलानी गुरुजी के बारे में जानने के लिए यहां पहुंचेंगे तो होटलों में ठहरेंगे। मंत्री ने कहा कि इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है और शीघ्र ही इसे अमली जामा पहनाया जायेगा। इस ऐतिहासिक श्रद्धांजलि सभा में जामताड़ा के डीसी, एसपी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने किया पुष्पा सहाय की किताब का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ द्वारा काव्य-संग्रह सुनो न! मन की... का लोकार्पण किया गया। इस किताब की लेखिका पुष्पा सहाय 'गिन्नी' एक जानी-मानी कवयित्री हैं और उनका ये दूसरा काव्य संग्रह है। पुस्तक लोकार्पण के इस कार्यक्रम में संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड रत्न डॉक्टर सुरिंदर कौर नीलम, महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उधोगपति और समाजसेविका पूनम आनंद उपस्थित थीं।

इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। उसके बाद पुष्पा सहाय ने अपने मन के भावों को लोगों के समक्ष रखा कि किस तरह एक-एक एहसास को पिरोकर कविताएं तैयार की गयी हैं और अब ये काव्य- संग्रह के रूप में प्रकाशित हुई हैं। इस काव्य संग्रह में विविध विषयों पर कविताएं लिखी गयी हैं, लेकिन अधिकांशतः कविताएं श्रृंगार-रस की हैं। उत्साहवर्धक और हास्य पर भी इनकी लेखनी चली है। बेटियों पर लिखी हुई कविताओं में से जब इन्होंने बेटी का घर पर आना कविता सबको सुनायी तो सबकी आंखें भर आयीं।




संजय सेठ ने पुष्पा सहाय को इस संग्रह के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ सुरिंदर कौर नीलम ने इस किताब की समीक्षा करते हुए कहा कि पुष्पा सहाय भावों की कवयित्री हैं। सारिका भूषण ने किताब पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी कविताएं सीधे आत्मा को स्पर्श करती हैं। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने कवि-कवयित्रियां शामिल हुए। सचिन शर्मा ने उनके लिखे हुए गीत को अपना स्वर दिया। इस अवसर पर राजीव सहाय, सीमा सहाय, आशमा निलय, डॉ रजनी चंद्र शर्मा, रंगोली सिन्हा, निर्मला कुमारी, राजलक्ष्मी, संजय अखौरी, अमरेश श्रीवास्तव और खुशबू बरनवाल उपस्थित थीं।

# भगवान श्री गणेश की भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति, काली मंदिर रोड, डोरंडा रांची द्वारा विशाल भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें मनमोहक झांकी का प्रदर्शन किया गया। डीजे के धुन पर ढोल नगाड़ा बजाया गया। झारखंड की मशहूर ताशा पार्टी झारखंड की इंडियन ताशा पार्टी ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। रांची का भांगड़ा पार्टी, खूंटी का नगाड़ा बाजा ने भी मनमोहक प्रदर्शनी से विसर्जन शोभा यात्रा को भव्य बनाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और मोबाइल भजन ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

शोभा यात्रा में श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष नवीन मलहोत्रा, सचिव अमित गुप्ता, बिट्टू घोष, नितेश गुप्ता, बाबू सोना दास, शंभू गुप्ता, जयंत मजूमदार, पप्पू बाली, शिशिर शेत्री, विक्की घोष, लड्डू जी, राजू दास, विकल घोष, तापु घोष आदि उपस्थित रहे जहां बड़ी संख्या में महिला बच्चे और बुजुर्ग भी उपस्थित रहे।

# जिसको ठुकराया दुनिया ने उसका सहारा श्याम दरबार...

## 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मण्डल रांची के 58वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के चौथे दिन रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु का प्रातः में मंगल आरती के पश्चात नवीन वस्त्र एवं अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से 250 महिला एवं पुरुष द्वारा सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। तत्पश्चात 11 बजे से स्थानीय भजन मंडलियां श्री हनुमान मंडल और श्री शिव भक्त मंडल ने एक से बढ़ कर एक भजनों की गंगा श्री श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित की। इससे मन्दिर में आये हुए भक्तगण भाव विभोर होने पर मजबूर हो गये। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को भक्तों द्वारा 501 सवामणी का भोग अर्पित किया गया। साथ ही दो हजार भक्तों के सवामणी का पूर्ण प्रसाद ग्रहण किया।

आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुरप्रीत धारीवाल ने इतने सेठ जहां में मौज उड़ाते हैं इन्हीं से पूछो कहां से



लेकर आते हैं... सब झूमो नाचो वो आने वाला है पगड़ी बांध रहा है लीले चढ़ने वाला है... तेरा सिंहासन क्यों हिल रहा है क्या कोई अर्जी लगा रहा है... जिसको ठुकराया दुनियां ने उसको सहारा श्याम दरबार ऐसा... बाबा तू ही ढके मेरी नाकामियां रे, बाबा तू ही ढके मेरी नादानियां रे... इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही संपूर्ण दिवस मंदिर में आये हुए भक्तगण के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा था।

कार्यक्रम के अंत में श्याम मंडल के मंत्री धीरज बंका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। श्री श्याम महोत्सव श्री श्याम मंडल के अधिकृत यू-ट्यूब चैनल पे प्रसारण किया गया। रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु का महाआरती कर 58वें श्री श्याम महोत्सव का समापन किया गया। श्री श्याम मंडल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश लाखोटिया, लल्लू सारस्वत, महेश सारस्वत, लड्डू सारस्वत, जितेश अग्रवाल, विजय शंकर साबू, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, कुणाल जलान, मनोज ढांढनियां और प्रियांश पोद्दार का विशेष सहयोग रहा।

# भारतीय एकता कमेटी ने लोगों को दिया भोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के तत्वावधान में रविवार को दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन और आजाद सिपाही के वरिष्ठ संपादक वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय हरि नारायण सिंह के याद में कर्बला टैंक रोड मिशन चौक संत मारिया महा गिरजाघर के पास जरूरतमंद गरीब लोगों को खाने का पैकेट और वाटर बोतल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने केंद्रीय सरकार से मांग की कि गुरु जी को जल्द से जल्द भारत रत्न दिया जाये। गुरुजी और वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह के लिए भारतीय एकता कमेटी ने प्रार्थना की कि इन लोगों की आत्मा को शांति मिले। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन को और वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। यह लोग झारखंड के हर नागरिकों के दिलों में बसे हुए हैं। भारतीय एकता कमेटी हमेशा इन महान लोगों को अपने दिल में जगह देती है और आगे भी इन महान लोगों के याद करती रहेगी। इन लोगों की याद में सामाजिक कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का रांची में जेइइ-नीट डिवीजन शुरू

## रांची में ही पूरे होंगे स्टूडेंट्स के डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने

**एलन ने महेंद्र सिंह धोनी से किया वादा निभाया, जनवरी से शुरू होंगी कक्षाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले दस वर्षों से प्री-नर्चर कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) के रूप में सेवाएं दे रहा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने राजधानी रांची में सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। एलन रांची में नीट-जेइइ डिवीजन की शुरुआत 31 अगस्त से हो चुकी है। यहां चाणक्य बीएनआर होटल में आयोजित समारोह में यह घोषणा की गयी। इस अवसर पर एलन के झोनल हेड एवं वाइस प्रसीडेंट डॉ विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में स्टूडेंट्स एवं पेरेंट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। एलन रांची में वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जेइइ मेन, एडवांस्ड और नीट-यूजी के बैच जनवरी से शुरू होंगे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ विपिन योगी ने बताया कि फरवरी माह में एलन के कार्यक्रम में आये कैप्टन कूल और भारतीय क्रिकेट जगत के बादशाह रांची के सपूत महेंद्र सिंह



धोनी से एलन ने रांची में सेंटर शुरुआत करने का वादा किया था। इस वादे को निभाते हुए एलन सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए जेइइ-नीट डिवीजन शुरू करने की घोषणा कर चुका है। अब रांची के स्टूडेंट्स को डॉक्टर एवं इंजीनियर बनने का सपना पूरा करने के लिए किसी दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। यहां की प्रतिभाओं को यहीं संबल मिलेगा और वो आगे बढ़ेंगे। रांची में कोटा जैसा श्रेष्ठ शिक्षा और श्रेष्ठ माहौल दिया जायेगा।

डॉ योगी ने झारखंड सरकार द्वारा कोचिंग रेगुलेशन बिल पारित करने का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एलन सरकार और प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार गाइडलाइन की पालना करते हुए विद्यार्थियों के कॅरियर को दिशा देगा। गाइड लाइन का अध्ययन किया जा रहा है और हर कदम सरकार के निर्देशानुसार ही उठाया जायेगा।

हेमंत योगी, जो विगत 22 वर्षों से एलन कोटा में फिजिक्स पढ़ा रहे हैं, उनको सेंटर हेड बनाया गया है और मुख्य रूप से कोटा की एक्सपर्ट फैकल्टीज द्वारा ही अध्यापन कार्य होगा। सेंटर हेड ने बताया कि रांची में हरमू, हवाई नगर एवं लालपुर कैम्पस में पढ़ाई होगी। जेइइ-नीट के बैच जनवरी माह से लालपुर कैम्पस में लगाये जायेंगे। स्टूडेंट्स एलन टैलेंटेक्स एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा आगामी 12 अक्टूबर को होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने कहा कि गत दस वर्षों में जूनियर डिवीजन सें जो विश्वास एलन का रांची से जुड़ा है। अब स्टूडेंट्स एलन रांची से नीट-जेइइ परीक्षा में रांची में रह कर ही राष्ट्रीय स्तर के परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

### एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट

18 अप्रैल 1988 को स्थापित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड वर्तमान में 7 देशों के साथ भारत के 24 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 65 शहरों में स्टडी सेंटर्स के माध्यम से शिक्षा मुहैया करवा रहा है। इन शहरों में 285 से अधिक क्लास रूम कैंपस हैं तथा 400 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर्स हैं। स्थापना से अब तक 35 लाख से अधिक विद्यार्थी एलन से मार्गदर्शन प्राप्त कर चुके हैं। एलन प्री-इंजीनियरिंग जेईई-मेन, एडवांस्ड, प्री-मेडिकल नीट-यूजी, प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (कक्षा 6 से 10 और ओलंपियाड) की तैयारी के लिए भारत का प्रमुख कोचिंग संस्थान है। एलन का फोकस स्टूडेंट्स के नॉलेज और कॉन्सेप्ट के फाउंडेशन को मजबूत करना है। गत 16 वर्षों में एलन के 27 स्टूडेंट्स ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की।

# नागरमल मोदी सेवा सदन का 68वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल का 68वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, सेवा भारती झारखंड,ओमप्रकाश केजरीवाल ने अध्यक्ष अरुण छावछरिया एवं मानद सचिव आशीष मोदी के साथ सदन का परिभ्रमण किया। समारोह की शुरुआत ओम मंत्रोच्चारण एवं अपराजिता कुमारी की गणेश वंदना से हुई। परिचारिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया ने पौधा भेंट कर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अस्पताल के विकास एवं सेवाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी कार्य संभव है। मानद सचिव ने बताया कि शीघ्र ही मात्र 500 रुपये में डायलिसिस सेवा प्रारंभ की जायेगी।

कार्यक्रम में सेवा सदन संवाद पत्रिका का लोकार्पण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसकी जानकारी संपादक आलोक तुलस्यान ने दी। सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने समाज सुधारक पूज्यनीय नागरमल मोदी के 1953 के सार्वजनिक अभिनंदन का वाचन कर सभी को भावुक कर दिया।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य हेतु चिकित्सक डॉ प्रवीण मेहरा तथा कर्मचारियों कुमार नीतिन, शांति टोप्पो, अंबेश्वरी, रंजीत गाड़ी एवं सोमनाथ महतो को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि चिकित्सक भगवान का स्वरूप हैं और सेवा सदन एक मानव मंदिर है, जहां सच्ची सेवा के जरिए समाज को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सरावगी, अजय मारू और राजकुमार केडिया ने शॉल, मेमेंटो एवं नागरमल मोदी का डाक टिकट भेंट कर सम्मानित किया। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव श्री ललित केडिया ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य भागचंद पोद्दार, गोवर्द्धन गाड़ोदिया, चंडी प्रसाद डालमिया, नवनीत मोदी, प्रदीप नारसरिया, वरुण जालान सहित अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील रूंगटा, डॉ रमण कुमार, डॉ अंजु कुमार, डॉ अरविंद सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## फुटपाथ दुकानदारों ने बंद रखी अपनी दुकानें, किया विरोध प्रदर्शन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के फुटपाथ दुकानदारों ने रविवार को अपनी दुकान बंद रखी। इस दौरान जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने बताया कि जिला प्रशासन हजारीबाग के द्वारा आए दिन हम गरीबों का फुटपाथ दुकान बुलडोजर लगाकर तोड़ा जाता है। हम गरीबों के पेट में लात मारने का काम किया जाता है। फुटपाथ अधिनियम के तहत लोगों को वेंडिंग जोन बना दिया जाना है मगर अब तक दुकान नहीं मिल। इस संबंध में फुटपाथ संघ के लोगों ने कई बार मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रशासन गुहार लगायी है। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही फुटपाथियों के हित में नहीं हुई। जिला प्रशासन फुटपाथ अधिनियम के विरुद्ध जाकर आये दिन दुकान बुलडोजर के द्वारा उजाड़ रहा है। रविवार को सैकड़ों की संख्या में अनन्दा कॉलेज हजारीबाग परिसर में फुटपाथ दुकानदारों ने आम सभा की। उसके बाद अन्नदा चौक से छठ तालाब से झंडा चौक, बंसीलाल चौक होते हुए विरोध प्रदर्शन निकाला।

## अंडमान निकोबार में सम्मानित हुए होमियोपैथी चिकित्सक डॉ पवन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अंडमान निकोबार में अंतस्राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन में इचाक के होमियोपैथी चिकित्सक डॉ पवन कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। अंडमान निकोबार में आयोजित इस सम्मेलन में डॉ पवन कुमार अग्रवाल को अवार्ड से सम्मानित किया गया। बेल्सन होम्योपैथिक द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, असम आदि राज्यों के चिकित्सक शामिल हुए। इस मौके पर देश-विदेश के होम्योपैथिक चिकित्सकों के जुटान के साथ-साथ होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में बदलाव पर चर्चा हुई।

## विष्णुगढ़ स्कूल में करम महोत्सव



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** रविवार को विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय मैदान में आज बतौर मुख्यातिथि अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एवं कुड़मी विकास समिति विष्णुगढ़ के पदाधिकारियों ने दीपप्रज्वलन कर करम परब महोत्सव का शुभारंभ किया। बता दें कि प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों से झूमर नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लोकनृत्य के पूर्व जावा और करम डाली की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। करम डाली की पूजा के पश्चात खोरठा लोक गायिका लाली पटेल, कौशल्या पंडित और खोरठा लोक गायक विकास कुमार और मनोज झारखंडी ने करम परब से जुड़े लाइव लोकगीत गाये और इनके लोकगीतों पर प्रखंड से आये युवक-युवतियों की टीमों ने जमकर लोकनृत्य किया। ढोल और मांदर की मंत्रमुग्ध करने वाली थाप ने सभी का मन मोह लिया। कुड़मी समाज से आने वाले समाजसेवी हीरामन महतो ने कहा कि विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में मनाया जाने वाला पहला करम परब महोत्सव है, आने वाले समय मे यह करम महोत्सव और भव्य और विशाल होगा। करम परब महोत्सव में मुख्य रूप से उप-प्रमुख सरयू साव, चेडरा पंसस मुन्नी देवी, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, हिरामन महतो, रामलाल महतो, तारकेश्वर महतो, सेवा महतो, रामकिशुन महतो, सुशील कुमार महतो, टेकोचन्द महतो, लालधन महतो, थानेश्वर महतो, जोधा महतो, गुलाबशंकर महतो, पंचम महतो, प्रदीप कुमार महतो, महेंद्र महतो, जगदीश महतो, प्रदीप कुमार महतो, गिरधारी लाल महतो, सुखलाल महतो, राजेश महतो, नीलकंठ महतो, अविनाश कुमार महतो, प्रीतम महतो, नारायण महतो, तुलसी महतो, मुकेश कुमार, रामकुमार पटेल, महेश महतो, रवि राज, नीतीश कुमार, प्रकाश कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चलकुशा : अंचल में हो रहा अजब-गजब खेल

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** अंचल में इन दिनों अजब-गजब का खेल चल रहा है। मामला हल्का संख्या-3 के ग्राम मसकेडीह का है। यहां खाता संख्या 102, प्लॉट संख्या 2684, रकबा 6 डी० जमीन खतियान में बुटू मियां के नाम दर्ज है। इसके बावजूद अंचल कर्मियों ने एक ही जमीन पर दो अलग-अलग लोगों के नाम से लगान रसीद निर्गत कर दी है। जानकारी के अनुसार अनवर हुसैन पिता स्वर्गीय हाकीम मियां के नाम से उक्त प्लॉट की 6 डी० जमीन का लगान रसीद 15 जूलाई 2013 से 11 अप्रैल 2025 तक लगातार निर्गत की गयी है। इसका डीड नंबर 8240, दिनांक 13 अक्टूबर 1982 है। वहीं दूसरी ओर कुंती देवी पति नकुल राणा के नाम से भी इसी प्लॉट संख्या 2684 के तहत 5 डी० जमीन की लगान रसीद 2 जुलाई 2025 तक निर्गत कर दी गयीहै। एक ही जमीन पर दो लोगों के नाम से रसीद कटने की इस प्रक्रिया को ग्रामीण अंचल कार्यालय की गंभीर लापरवाही मान रहे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि जब खतियान में जमीन 6 डी० ही दर्ज है तो फिर 11 डी० जमीन का दो अलग-अलग नाम से लगान रसीद कैसे निर्गत की गयी।

## बच्चों के बीच साइकिल का वितरण




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय बरकनगंगो में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ग 8 के कुल 77 छात्र /छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंधु प्रसाद प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष ममता पासवान, रामविलास यादव समेत कई लोग उपस्थित वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल बेवजह रोड पर न चलाये सावधानी पूर्वक चालान। मौके पर सभी शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।

# हजारीबाग में बनेगा दिल्ली के थल सेना भवन के प्रारूप का पूजा पंडाल

### डिज्नीलैंड मेला भी होगा आकर्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के मटवारी में इस बार दुर्गा पूजा का आयोजन बेहद खास होने वाला है। शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति की ओर से तैयार किये जा रहे इस भव्य पंडाल की थीम दिल्ली स्थित थल सेना भवन पर आधारित होगी। पंडाल का निर्माण कार्य जोर-शोर से शुरू हो चुका है और इसका स्वरूप देखने योग्य होगा।

निर्माण कार्य मिलन लाइट के द्वारा किया जा रहा है। समिति ने बताया कि पंडाल निर्माण पर लगभग 15 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। पंडाल की चौड़ाई 140 फीट और ऊंचाई 80 फीट होगी, जो शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं दुर्गा प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध कलाकार अनिल परजात्य कर रहे हैं, जिनकी कला हमेशा लोगों का ध्यान खींचती रही है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार का दुर्गा पूजा आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें सांस्कृतिक और मनोरंजन का रंग भी जुड़ जायेगा। इसी क्रम में शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति की ओर से मटवारी गांधी मैदान में डिज्नीलैंड मेला का भी आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला 8 सितंबर 2025 से शुरू होगा और पूरे पूजा पर्व के दौरान बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजन का बेहतरीन साधन बनेगा। मेले में झूला, विभिन्न प्रकार के खेल, खाने-पीने के स्टॉल लगायी जायेंगी। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक हर कोई इस मेले में आनंद ले सकेगा। इस आयोजन को लेकर पूरे मटवारी इलाके में अभी से उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थल सेना भवन जैसा भव्य पंडाल और डिज्नीलैंड मेला हजारीबाग की पहचान को और खास बनायेगा। समिति को विश्वास है कि इस वर्ष हजारीबाग आने वाले लोग पूजा और मेले का अनुभव जीवनभर याद रखेंगे।

## विधायक ने ग्रामीण पथ का किया शिलान्यास
# विकास का पैमाना होती हैं सड़कें : डॉ नीरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** प्रखंड के चौपनाडीह स्थित बैंक आफ इंडिया मोड़ से डेगन राणा घर तक व गायत्री चेतना केंद्र से आरइओ रोड पूरब नाला तक जाने वाले ग्रामीण पथ का भूमि पूजन रविवार को विधायक डॉ. नीरा यादव ने फीता काट व नारियल फोड़ कर किया। उक्त सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक करोड़ 59 लाख की लागत से कराया जायेगा। मौके पर विधायक डा. यादव ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना सड़कें ही होती है। उक्त सड़क के जर्जर अवस्था में रहने से यहां के स्थानीय ग्रामीणों को काफी असुविधा होती थी। इस सड़क को बनाने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा वर्षो से की जा रही थी। उक्त सड़क बनने की खबर सुन स्थानीय लोगों के चेहरे खिले हुए थे। पंचायत प्रतिनिधियों समेत स्थानीय जनता ने विधायक का आभार जताया। मौके पर जेई संतोषमहतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, महामंत्री विजय यादव, मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, पवन सिंह, प्रकाश पंडित, अजय यादव, श्रीकांत यादव, अनिल सिंह, देवधारी साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार को नवलशाही थाना क्षेत्र के कटही मे बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान खूबलाल राणा उम्र 40 वर्ष पिता बाबूलाल राणा ग्राम मसमोहना डोमचांच के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से घर से बहन के यहां जाने के क्रम में कटही के पास कोई गाड़ी चकमा दे देने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया है। बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होगा जिसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।**

# मरकच्चो : दो गांवों में 8 घरों से हुई चोरी

### ताला तोड़कर नगद और कीमती जेवरात की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता





**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के गगरेसिंगा और योगिडीह गांव में बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक साथ लगभग 8 घरों में चोरी की। बताया जाता है कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से कई घरों का ताला तोड़कर नगद राशि गहने और कीमती सामान उड़ा लिए। सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी हुई तो पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल फैल गया। ग्रामीणों ने बताया कि चोर देर रात गांव में घुसे और घरों को निशाना बनाया। घटना से ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से गांव में गस्त बढ़ाने और शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। घटना की जानकारी देते हुए अलग-अलग गृहस्वामी ने अपनी अपनी आपबीती बताई है। थाना क्षेत्र के गगरेसिंघा निवासी चिंता देवी ने बताया कि चोरों द्वारा उनके घर से दो लाख रुपये नगद सहित लगभग एक लाख रुपये के सोने, चांदी के जेवरात, जमीन का केवाला व पासबुक की चोरी कर ली गयी है। वहीं सुमित्रा देवी ने बताया कि बीती देर रात करीब 10 बजे वे लोग करमा का गीत गा कर अपने घर लौटे और सो गये थे। सुबह उठकर देखा तो पाया कि उनके घर से एक लाख रुपये नगद की चोरी हो चुकी थी। गगरेसिंघा की ही बिंदकी देवी ने बताया कि बीती रात वे लोग अपने पुराने मकान में ताला जड़कर अपने नये मकान में सोने के लिए चले गये थे। सुबह चोरी का हल्ला होने पर वे अपने पुराने मकान पहुंची तो देखा कि वहां का ताला टूटा हुआ था। वहीं उक्त घर से तीस हजार रुपए नगद सहित लगभग एक लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर की चोरी हो चुकी थी। वहीं कमलेश मसोमात के कमरे से पेंशन का चार हजार रुपये गायब थे। कारू साव ने बताया कि उनके घर से चोरों द्वारा बीस हजार रुपये के बर्तन सहित 60 हजार रुपये का जेवर चोरी हुआ है। इधर योगिडीह गांव निवासी रामदेव साव ने बताया कि उनके घर से लगभग 10 हजार रुपये के जेवरात और दो हजार रुपए नगद की चोरी हुई है। वहीं मारिमा खातून ने बताया कि वे लोग पूरा परिवार अपने किसी बीमार परिजन को देखने के लिए बल्हारा गये थे। सुबह जब वे अपने गांव लौटीं तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ था और घर से 11 हजार रुपए नगद सहित दो लाख रुपये का जेवर चोरी लर लिया गया है। इसके अलावे खीरुधर साव, कमल पति साव, लालमन साव पंकज साव और लखपत साव के घर में भी चोरों द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया गया। उक्त लोगों ने बताया कि चोरों द्वारा उनके घर का ताला तोड़ा गया और उनके कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी गयी। वहीं चोरों को कुछ नहीं मिलने पर उनलोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इधर घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना प्रभारी नंद किशोर तिवारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये।

# ऑनलाइन सेब खरीदने में झारखंड को मिला तीसरा स्थान

### इ-नैम पॉर्टल में कोडरमा को ऑन लाईन खरीदारी पर राज्य में मिला पहला स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** इ- नैम पॉर्टल से ऑनलाईन खरीदारी करने पर झारखंड प्रदेश को तीसरा स्थान सेब की खरीदारी के लिए मिला है। पहले स्थान पर पंडीचरी दूसरा स्थान आंध्रा प्रदेश चौथे पर उत्तर प्रदेश और पॉचवे में उत्तराखंड शामिल है। इ-नैम झारखंड के खरीदारी मे बिहार छतीसगढ़ उडीसा जम्मु कश्मीर महाराष्ट्र पंजाब उतराखंड और प बंगाल भी कारोबार में जुटा हुआ है। इधर झारखंड के अंतर्गत सेब के व्यापार में ऑनलाईन खरीदारी में कोडरमा के किसान चालु बित्तीय वर्ष के चार माह में 65 लाख 23 हजार के सेब की खरीदारी की है। कोडरमा में इ-नैम मंडी से 2072 क्विंटल सेब की बिक्री हुई है। जबकि दूसरे स्थान पर रांची में 27 लाख के प्याज किसानों ने महाराष्ट्र से खरीदा। इसी तरह तीसरे स्थान पर 20 लाख की खरीदारी देवघर में महूआ इमली और सेब की खरीदारी की। यह खरीदारी छतीसगढ़ जम्मु कश्मीर से हुई। झारखण्ड स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के नॉडल पदाधिकारी और कोडरमा बाजार समिति के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अंतराजीय बाजार 2022 में शुरू हुआ। इसमें वर्तमान समय तक पूरे देश में 2 लाख 67 हजार किसान 360 उत्पादन समूह 2546 व्यापारी इ नैम पॉटल से जुडे है। पूरे प्रदेश में 68 करोड 39 लाख का टेज्ड हुआ है जिसमें 41 करोड 51 लाख किसान का डीजीटल भूगतान किया गया। उन्होनें बताया कि वर्तमान में 22 राज्य 3 केंद्र शासित प्रदेश में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की यह योजना 2016 में शुरू हुई जिसमें झारखंड के 19 बाजार समिति एक देश एक बाजार की परिकल्पना के तहत शुरू हुई। पूरे देश में 4.4 लाख रुपए का ई व्यापार इ-नैम पोर्टल से किया गया। उन्होनें बताया कि 25 अगस्त को नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय में अंतराजीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त सचिव आईएस पूर्णचंद किसन की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में झारखंड, बिहार, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मु कश्मीर और त्रिपुरा के विपणन प्रबंधक निर्देशक और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। कृषि विपणन सलाहकार एसे के सिंह और वित्त पदाधिकारी सिकेन्द्र कुमार के अलावा झारखंड विधान सभा सत्र आहूत होने को लेकर नॉडल पदाधिकारी झारखंड और बाजार समिति कोडरमा के सचिव राकेश सिंह इस बैठक में शामिल हुए।

## सांसद ने स्व चोहन महतो को दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के इचाक प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत डुमरौन के मुखिया स्व. चोहन महतो के आकस्मिक निधन के पश्चात शनिवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल उनके डुमरौन स्थित आवास पहुंचकर उन्हें अंतिम नमन किया और श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान स्व चोहन के पुत्र दिनेश मेहता और बहु रेणु कुमारी से मिल सांत्वना दिया। कहा कि स्व चोहन महतो एक मुखिया होने के साथ समाजसेवा में भी अग्रणी रहते थे, उनके जाने का दुख हर आम और खास को है।

## खेल दिवस समारोह उत्साह के साथ संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह और बादम कोयला खनन परियोजनाओं में स्पोर्ट्स काउंसिल के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह बड़े उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पहले दिन फिटनेस प्रतिज्ञा के साथ हुई थी जिसमें सभी कर्मचारियों ने स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। पहले दिन आयोजित बैडमिंटन, टेबल टेनिस और रस्सा कशी जैसी प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन का आयोजन और भी रोमांचक रहा, जिसमें कर्मचारियों के बीच प्लैंक चैलेंज और स्पोर्ट्स क्विज की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इन प्रतियोगिताओं ने न केवल फिटनेस बल्कि खेलों से जुड़ी जानकारी और मानसिक चपलता को भी प्रोत्साहित किया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। विजेताओं को पदक और प्रोत्साहन राशि चेक प्रदान करते हुए सुब्रत कुमार दास परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह और पीबी-एनडब्ल्यू ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना बनाए रखने और जीवन में फिटनेस को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री आर.के. अधिकारी, अध्यक्ष खेल परिषद भी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने यह साबित किया कि एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य और टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## डीसी ने किया केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड का दौरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि प्रकाश सिंह ने रविवार को केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अष्टभुजी माता मंदिर, घाघरा डैम और बड़कागांव स्थित इस्को गुफा का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने कहा कि केरेडारी और बड़कागांव प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधताओं से परिपूर्ण क्षेत्र हैं, जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए तथा आवागमन को और अधिक सुगम बनाया जाये। इस अवसर पर डीसी ने घाघरा डैम नहर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नहर में जमी मिट्टी और गाद की सफाई मनरेगा योजना के माध्यम से कराए जाने का निर्देश दिया, ताकि सिंचाई के लिए किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके और साथ ही मनरेगा के तहत मानव रोजगार सृजन अधिक से अधिक हो सके। इसके पूर्व डीसी ने केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कंडाबेर स्थित प्राचीन अष्टभुजी माता मंदिर का भी दर्शन किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ केरेडारी सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल, बड़कागांव बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल सहित अन्य अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारोटेफ ने किया कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के हिन्दू +2 उच्च विद्यालय प्रांगण में आयोजित कर्मचारी शक्ति समागम में बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए। यह समागम झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्प्लॉइज फेडरेशन ( झारोटेफ) की जिला इकाई द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों की 11 सूत्री मांगों को सामने रखा गया, जिनमें एमएसीपी का लाभ, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करना और शिशु शिक्षण भत्ता पुनः लागू करना जैसी अहम माँगें प्रमुख थीं। इस अवसर पर झारखंड पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में और मैं विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह उपस्थित हुए। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, उपाध्यक्ष रंजीत मेहता, राजेश मेहता, झारोटेफ के महासचिव उज्जवल तिवारी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधा शर्मा सहित कई शामिल हुए।

## करमा और ईद मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाड़ी कलां थाना में करमा और ईद मिलादुन्नबी त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर ललित कुमार ने किया। बैठक में इंस्पेक्टर ललित कुमार ने कहा कि किसी भी तरह के अफवाहों से बचें। साथ ही किसी भी तरह की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा। साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से त्योहार मनाने में कहां-कहां कठिनाई आ सकती है या आती है उक्त बारे में भी जानकारी हासिल की। कहा कि किसी भी परिस्थिति में प्रशासन को खबर करें। तत्काल प्रशासन आपका सहयोग करेगा। थाना प्रभारी सागेन मुरमू ने कहा कि यहां सभी धर्म के लोग शांतिपूर्ण त्योहार मनाते हैं ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। यही आशा और विश्वास है कि यह संबंध आगे भी बना रहे। उन्होंने करमा पर्व को लेकर कहा कि सभी जनप्रतिनिधि विसर्जन के दिन विशेष ध्यान रखें। उस दौरान छोटे-छोटे बच्चे नदी या तालाब में विसर्जन करने जाते हैं। उन्हें ज्यादा पानी में उतरने नहीं दें। बैठक में डाड़ी कलां पंचायत मुखिया इल्यास अंसारी, पंसस फयूम अंसारी, चेपाकलां पंसस सह सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, सदर रियासत हसन, चेपा खुर्द सदर खलील मियां, सेक्रेटरी मो० मोख्तार, खेमानी साव, रंजीत कुमार, बालदेव महतो, मो० ताहिर, अजय यादव, प्रमोद महतो, नियामत अली, मेराज अंसारी, अमित कुमार साव, नसरुल अंसारी, कासिम मियां, अनुज यादव, एसआई संजय कुमार सिंह, एएसआई चंद्र मोहन झा, सतीश कुमार उरांव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

## गरसुला में साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण



उरीमारी (आजाद सिपाही)। गरसुला पंचायत अंतर्गत शिखर बेड़ा में जनवितरण प्रणाली के माध्यम से रविवार को लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम का आयोजन डीलर नरेश बेदिया के द्वारा किया गया, जिसमें कुल 242 साड़ी, 154 धोती और 88 लुंगी लाभुकों के बीच वितरित किये गये। कार्यक्रम में गरसुला पंचायत के उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया और वार्ड सदस्य ऋतु सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर वितरण कार्य की निगरानी की और लाभुकों को वस्त्र सौंपे। इस अवसर पर उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए चलायी जा रही यह योजना सराहनीय है। त्योहार के पूर्व इस प्रकार के वितरण से गरीब परिवारों को राहत मिलती है और उनमें खुशी का संचार होता है। पंचायत स्तर पर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी लाभुक वंचित न रह जाये। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों लाभुकों ने वितरण व्यवस्था पर संतोष जताया। उपस्थित प्रमुख लाभुकों में पवन सिंह, राजू सिंह, सौरभ कुमार, शिवपुजन सिंह, मुकेंदर सिंह, सिकेंदर बेदिया, मुनि देवी, फुल कुमारी देवी, तिला देवी और सावित्री देवी शामिल थीं।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ केंद्रीय समिति की बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेसर पलानी परगना की केंद्रीय समिति की बैठक ओरला पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद और संचालन केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद और अरविंद प्रसाद ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही, ओरला ग्राम कमेटी द्वारा आगत अतिथियों का अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान ग्राम मरार में प्रस्तावित शौंडिक भवन निर्माण कराने को लेकर रैयतों द्वारा दस सूत्री जारी प्रस्ताव और मुख्य संरक्षक के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही, समाज के उत्थान एवं विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने कहा कि संघ के लिए न्याय संगत, विधि सम्मत व संविधान का पक्षधर हूं। भवन निर्माण को लेकर हमारी पारदर्शिता हमेशा बनी रहेगी। इसके लिए मरार के रैयतों का सहयोग का आभार प्रकट करता हूं। बैठक में केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, सचिव महेंद्र प्रसाद साहू, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, खोखेंद साव, भीम प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व गुलाब प्रसाद साहू, उमेश प्रसाद, रतन प्रसाद साहू, लखन प्रसाद, दयामंती देवी, बिंदु देवी, महावीर प्रसाद, संजय प्रसाद, उमेश प्रसाद, बीरबल प्रसाद, लोचन साहू, संतोष प्रसाद, मनोज प्रसाद, नरेश प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, गणेश प्रसाद, अमरजीत कुमार, बिनोद प्रसाद, शंकर प्रसाद, दिनेश्वर साहू, सत्येंद्र प्रसाद, ननकू प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, रामावतार प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, श्याम प्रसाद, केदार प्रसाद, अनुज लाल, नकुल साव, देवराज प्रसाद, विक्की प्रसाद, जमुना साव, जर्नादन प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, प्रेम प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद समेत 24 ग्राम समिति के पदाधिकारी, सदस्य, समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

## विधायक रौशन लाल चौधरी ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



पतरातू (आजाद सिपाही)। डीएमएफटी योजना के तहत पतरातू प्रखंड के पालू पंचायत के रोचाप डोकाटांड टोला में पीसीसी सड़क कार्य का बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम पर विधायक के सम्मान में भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में जहां भी सड़क संबंधी समस्या है उसे निदान करना प्राथमिकता में शामिल रहा है। विधायक सभी समस्या को लेकर गंभीर हैं और एक एक करके निदान कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, कामेश्वर महतो, गोपाल महतो, दिलीप महतो, करण महतो, सीताराम महतो, सुनील कुमार, देवचरण महतो, सुरेश महतो सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## दुर्गा पूजा समिति राहम के अध्यक्ष बने उपेंद्र पांडेय



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रकृति के जननी आदि शक्ति नव दुर्गा के नौ रूपों की दस दिवसीय उत्सव मनाने को लेकर सीसीएल और एनटीपीसी के विस्थापित गांव राहम में रविवार को ग्रामीणों की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रफुल पांडेय, संचालन बैजनाथ पांडेय ने किया। बैठक में गांव के ग्रामीण भाग लिए और दुर्गा पूजा को भव्यता के साथ मनाए जाने को लेकर अपना अपना विचार व्यक्त किया। जिसमें सर्वसम्मति से पूजा समिति कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय, उपाध्यक्ष मिथिलेश पांडेय (पूर्व सैनिक), दीपक विश्वकर्मा, सचिव रितेश पांडेय उर्फ बिट्टू और कोषाध्यक्ष अमरदीप पांडेय को बनाया गया। सभी ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा और भी धूम धाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। अंत में सभी के सहमति के साथ बैठक को संपन्न किया गया। मौके पर गांव के जन प्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित थे।

## चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की हुई पूजा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में की गयी। शौच धर्म के पूजन, जलाभिषेक आदि धार्मिक अनुष्ठान किये गये। प्रातः काल से ही जैन श्रद्धालु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, पूजन, जलाभिषेक की क्रियाएं रामगढ़ जिनालय में पंडित निवेश शास्त्री और रांची रोड जिनालय में पंडित पंकज शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुई। शौच धर्म की विस्तृत जानकारी देते हुए दिगंबर जैन समाज के उपाध्यक्ष राजू पाटनी ने बताया की शौच का अर्थ है पवित्रता अपने हृदय में मद क्रोधादिक बढ़ाने वाली जितनी भी दुर्भावनाएं हैं। इससे पूर्व उत्तम शौच धर्म के उपलक्ष में रामगढ़ जिनालय में प्रथम जलाभिषेक का सौभाग्य जीवनमल जैन, जम्बू पाटनी परिवार, पुष्पा अजमेरा परिवार, अशोक जैन, अमित काला परिवार, राजेंद्र चूड़ीवाल, राजेश चूड़ीवाल परिवार, मांगीलाल जैन, मनोज चूड़ीवाल और शांति धारा का सौभाग्य अशोक जैन, विकास रपरिया परिवार, पुष्पा अजमेरा को प्राप्त हुआ। रांची रोड जिनालय में प्रथम अभिषेक विनय जैन तथा शांति धारा का सौभाग्य मैना देवी सेठी परिवार को प्राप्त हुआ।

### रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में मारपीट का मामला

# छह छात्रों और 40 अज्ञात पर केस दर्ज

**जूनियर छात्र के साथ मारपीट की घटना क्षेत्र में बना चर्चा का विषय**

**दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी : थाना प्रभारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में बीते शुक्रवार को हुए मारपीट की घटना तूल पकड़ चुका हैं। सीनियर छात्रों ने कॉलेज के ही जूनियर छात्रों के रैगिंग कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बड़ी कार्रवाई की हैं। मारपीट मामले में कॉलेज के छह छात्रों का नामजद और 40 अज्ञात छात्रों के ऊपर एफआइआर दर्ज हुआ हैं। एफआइआर दर्ज होने के बाद कॉलेज के सीनियर छात्रों में हड़कंप मच गया हैं। रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि जिनपर उपर मामले दर्ज किया गया हैं, सभी को चिन्हित कर जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

**इन छात्रों के ऊपर नामजद मामला दर्ज :** रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में जूनियर छात्र ऋशु कुमार गुप्ता के साथ रैगिंग और मारपीट मामले में माया शंकर, गौतम, शुभम, अमन सागर, आदित्य सिंह, साहिल के ऊपर एफआइआर दर्ज किया गया हैं।

**कॉलेज में एंटी रैंगिग सेल बनाया जाय, ताकि बच्चे रह सकें सुरक्षित : राजीव जायसवाल :** रामगढ़ जिला के भाजपा जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने घटना को कड़े शब्दों में निंदा की हैं। कहा कि कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण ऐसी घटना घटी हैं। यदि कॉलेज प्रबंधन सख्त होता तो रैगिंग जैसी घटना नहीं घटती। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को एंटी रैंगिग सेल बनाने की बात कही। कहा कि एंटी रैगिंग सेल का उद्देश्य छात्रों को सुरक्षित और स्वस्थ शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। सांसद प्रतिनिधि ने आगे कहा कि कॉलेज प्रबंधन को सख्त होना होगा ताकि पुनः ऐसा घटना न हो सकें।

**सीनियर ने की थी जूनियर के साथ रैगिंग और मारपीट**

बीते शुक्रवार रात्रि को द्वितीय वर्ष के सीनियर छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्र ऋशु कुमार गुप्ता के साथ मारपीट और रैगिंग जैसा प्रतिबंधित घटना को अंजाम दिया था। मारपीट में ऋशु कुमार गुप्ता बुरी तरह से घायल हो गया था। जिसका इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में किया गया था। इस मामले को लेकर भुक्तभोगी छात्र ने रजरप्पा थाना में लिखित मामला दर्ज करवाया था। जिसपर रजरप्पा पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गयी।

## करमा झूमर प्रतियोगिता का आयोजन

**कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रौशन लाल चौधरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू।** झारखंड की संस्कृति से जुड़ा है झूमर अपनी इन परंपराओं के बचायें रखने के लिए झूमर प्रतियोगिता का आयोजन करना जरूरी है। यह बातें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पतरातू प्रखंड के डाडीडीह स्थित सरना स्कूल के मैदान में आयोजित गहदम करमा झूमर प्रतियोगिता समारोह के दौरान संबोधित करते हुए कही। विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा की झारखंड की संस्कृति से जुड़ा है झूमर। समारोह के पूर्व आयोजित समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। उसके बाद सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी ने झूमर प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के साथ मांदर के साथ नगाड़ा बजाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में कोतो, कटिया, कुरबीज रोचाप टेरपा पालू पंचायत सहित 23 टीमों ने प्रतियोगिता में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस मौके पर सिधनाथ सिंह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति राजीव जायसवाल, राधेश्याम अग्रवाल, मुखिया पानों देवी, निधि सिंह, बंधन गंझू, पंकज गुप्ता, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बालेश्वर कुमार, विजय साहू सहित कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगाधर महतो, धनेश्वर महतो, गोपाल महतो, गोविंद महतो, दिलीप महतो, कामेश्वर महतो, कमलेश महतो, करण महतो, दिलेश्वर महतो, सुरेश महली, सीताराम महतो, सुखदेव महतो, सुनील कुमार महतो, देवचरण महतो, रामेश्वर महतो, राम अवतार महतो आदि मौजूद थे।

## ग्राम बांदु में दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बांदु में युवा जागृति क्लब कि बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता उगन साहू ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा आयोजन के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से उगन साहू को अध्यक्ष, आदित्य प्रसाद साहू को उपाध्यक्ष , होरिल साहू को सचिव, संजय साहू को उप सचिव, सुरेन्द्र साहू को कोषाध्यक्ष और खगेश्वर साहू को उप कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। चंदन कुमार, राकेश साहू, पप्पू साहू, सुनील साहू, बढ़न साहू, दिलीप कुमार, विकास कुमार, अरुण साहू, शंभु साहू, संजय साहू, महेंद्र साहू, अशोक ठाकुर, उदय यादव, गोविंद भारती, जगरनाथ यादव, गुड्डू भारती, युगल साहू, संतोष साहू, रीतलाल साहू, बबलू यादव, प्रवीण सिन्हा , विजय ठाकुर, चुरामन साहू, अनिल साहू, प्रदीप साहू ,ननकू यादव, अशोक आर्य, राजकुमार ठाकुर, दीपक कुमार, गया प्रसाद साहू, संदीप साहू, पवन कुमार, दिनेश कुमार, नीतीश कुमार तथा पंकज कुमार को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

## छह पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार



चतरा (आजाद सिपाही)। सदर थाना की पुलिस ने छह पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में शहर के किशुनपुर मोहल्ला निवासी का अर्जुन साव का पुत्र शंकर साव, संतोष साव का पुत्र सतीश कुमार, देवरिया गांव निवासी हीरा पासवान का पुत्र जयराम पासवान, बिंड मोहल्ला निवासी मो मकसूद का पुत्र मो महरुफ शामिल है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को सूचना प्राप्त हुई थी कि बाबा घाट मैदान में एक अर्धनिर्मित मकान में कुछ ब्राउन शुगर तस्कर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री व पीने पिलाने का काम कर रहे हैं। उक्त सूचना पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम में एसडीपीओ के अलावे सदर थाना प्रभारी और पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने बाबा घाट मैदान के अर्धनिर्मित मकान की घेराबंदी कर उपरोक्त ब्राउन शुगर तस्करों को छह पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त ब्राउन शुगर का वजन लगभग 2.05 ग्राम है। इसका अनुमानित बाजार में लगभग एक लाख रुपया कीमत है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोग ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने के साथ साथ इसका सेवन भी करते थे। बाबा घाट मैदान में सभी ब्राउन शुगर पी रहे थे। इसी बीच पुलिस ने सभी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## भाई की पिटाई का विरोध करना टोटो चालक को पड़ा महंगा, आरोपियों ने मारकर फोड़ा सिर



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में स्थित कौलेश्वरी मोड़ में शनिवार देर शाम छोटे भाई की पिटाई कर रहे युवकों का विरोध करना एक टोटो चालक को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने भाई के अलावा चालक की जमकर पिटाई कर दी और सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। पीड़ित टोटो चालक उरैली पंचायत के पाती गांव निवासी सोमर यादव के 34 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव के मुताबिक वह और उसका भाई मिथलेश यादव दोनों ऑटो (टोटो) चालक है। दोनों टोटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पीड़ित ने लिखित आवेदन में बताया है कि शनिवार की शाम भाई मिथलेश हंटरगंज कौलेश्वरी टेम्पु स्टैंड में अपने टोटो में सवारी बैठा रहा था। इसी दौरान बाइक से पांच लोग आए और भाई के साथ गाली गलौज करते हुए गाड़ी किनारे लगाने की बात करते हुए मारने पीटने लगे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने मुझे बताया कि भाई के साथ तीन युवक मार पीट कर रहे हैं। मैं बीच बचाव करने पहुंचा तो उक्त आरोपियों ने मुझे भी जमकर पीटा। जिससे मेरे सिर पर गहरी चोट पहुंची और मैं अचेत होकर सड़क पर गिर गया। जब मैं होश में आया तो देखा कि मेरा सिर फटा है जिससे खून की धार बह रही है। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने मुझे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती करवाया। पीड़ित ने हंटरगंज थाना प्रभारी और चतरा एसपी से न्याय कि गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### राधा गोविंद विवि में खेल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# मेजर ध्यानचंद का खेल के प्रति समर्पण, उत्साह और देश प्रेम की भावना प्रेरणास्रोत : बीएन साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में जिला स्तरीय विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, डीएसओ रामगढ़ संजीव कुमार, डीएससी विकाश कुमार गोप, टूरिज्म स्पेशलिस्ट सत्यम उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का खेल के प्रति समर्पण, उत्साह और देश प्रेम की भावना हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और अनुशासन का आधार है।

**विभिन खेलों का आयोजन**

पूरे खेल प्रतियोगिता का नेतृत्व लेफ्टिनेंट डॉ अमन वर्मा ने किया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने गुलेल (बालक), मटका दौड़ (बालिका), फुटबॉल (बालक और बालिका), कबड्डी (बालक और बालिका) और स्विमिंग (बालक और बालिका) जैसे विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही पूरी उत्साह के साथ खेल की चुनौती में भाग लिया।

**विजेता और उपविजेता टीम सम्मानित :** जिसमें विजेता और उपविजेता सभी खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर समानित किया। बालक फुटबॉल का फाईनल मुकाबला-राधा गोविन्द पब्लिक स्कूल, बनाम आदिवासी क्लब, रामगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें आदिवासी क्लब विजेता रहे। बालिका वर्ग का फाईनल खेलो इंडिया प्रशिक्षण केंद्र, रामगढ़ बनाम चिकोर के बीच खेला गया। जिसमें चिकोर 1-0 से विजेता रहे। मटका दौड़ में प्रथम बीना कुमारी द्वितीय आकांक्षा कुमारी तृतीय रूपा कुमारी, बालक स्वीमिंग में प्रथम कमलेश कुमार, द्वितीय सुरज कुमार तृतीय प्रिन्स कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम भारती कुमारी, द्वितीय संजू कुमारी, तृतीय अम्रता कुमारी, योगा में प्रथम सुरज कुमार, द्वितीय मो० अकिल, तृतीय निखील कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम पुनम कुमारी, द्वितीय सरैया तृतीय पम्मी कुमारी, बालक वर्ग बुशू प्रथम रामकुमार, द्वितीय सौरभ कुमार, तृतीय विनय कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खुशी कुमारी, द्वितीय मदीरा कुमारी, तृतीय प्रिति कुमारी रही।

## बाबूलाल मरांडी का कुजू में भव्य स्वागत



कुजू (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत भाजपाईयों ने रविवार को जिला कार्यालय, रामगढ़ में की। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान रख-रखाव व विधि-व्यवस्था से अवगत होते हुए जिलाध्यक्ष को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता समेत भाजपाईयों ने अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत कर उनके पक्ष में जमकर नारेबाजी की। बाबूलाल मरांडी देवघर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जाने के दौरान कुछ देर के लिए भाजपा जिला कार्यालय रुके थे। इस दौरान उन्होंने जिलाध्यक्ष के चयन की कवायद पर कहा कि प्रक्रिया जारी है। निर्णय होने पर इसकी सार्वजनिक जानकारी दे दी जायेगी। स्वागत करने वालो में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, ओबीसी मोर्चा रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति, कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, विनोद प्रसाद, रोहन लाल समेत समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## गणेश पूजा को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बजरंग संघ रोड में गणपति पूजा के अवसर पर शनिवार की रात को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। धनबाद से आए जागरण मंडली के कलाकारों ने कई भक्ति गीतों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंडली के कलाकार वीरेंद्र सिंह, संगीता पांडेय के द्वारा गणेश भगवान के ऊपर कई गीत प्रस्तुत किया। जिससे देर रात तक भक्त भक्ति में डूबे रहे। इससे पूर्व समिति द्वारा शुक्रवार को बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई बच्चों ने भाग लिया। सभी ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा कप ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया बुलटी देवी मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में छिपी प्रतिभा की खोज होती है। साथ ही बच्चों को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर मदन कुमार दास, संजय दास, दीपक पोद्दार, सुभाष पोद्दार, टिंकू चंद्र पोद्दार, बीर सिंह दास, राजू दास, राजेश दास, धनंजय पोद्दार, प्रकाश चक्रवर्ती, बिट्टू दास आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री के बयान की भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष ने की कड़े शब्दों में निंदा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व रामगढ़ जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रेस की जारी कर झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी की बयान पर कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के सभी कार्यालय को तोड़ देंगे राहुल गांधी का आदेश मिला तो ऐसे घटिया मानसिकता वाले मंत्री को मुख्यमंत्री को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यालय कार्यकर्ताओं की खून पसीना और एक एक ईट से कार्यालय बनायी गयी है और उसे तोड़ने की बात करना तो दूर कार्यालय की तरफ उंगली भी उठा तो औकात बता दिया जायेगा। कार्यालय कार्यकर्ताओं का मंदिर होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयान एक संवैधानिक पद पर रहते हुए देना दुर्भाग्य है। भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता मंत्री के विरोध करेगा। श्री ठाकुर ने कहा कि इरफान अंसारी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इन्हें रिनपास में इलाज कराने की जरूरत है।

## सड़क दुर्घटना में घायल राजद नेता की मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। गिद्धौर प्रखंड के राजद नेता रामेश्वर प्रसाद केसरी की रविवार को मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम एक ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। मौत की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया। रविवार को पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद गांव के स्थानीय श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन पर राजद कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना प्रकट किया है। इधर प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार रजक ने कहा की राजद एक निष्ठावान कार्यकर्ता को खो दिया। इनकी भरपाई करना मुश्किल है। इधर सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल भी मृतक के स्वजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट किया। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, भाजपा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार दांगी, आंचल और थाना के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, आशीष कुमार, संजय केसरी, अमीर दांगी, अमरनाथ दांगी, बंशी दांगी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, जेएमएम के देवनारायण दांगी, निरंजन दांगी, परमेश्वर दांगी, प्रसादी राणा सहित अन्य शामिल है।

## स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी और पारस हॉस्पिटल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता विधान चंद्र सिंह ने अपनी मां की मौत के लिए झारखंड के दो बड़े संस्थानों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी और रांची से पारस अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने उन चिकित्सकों का नाम भी उस प्राथमिकी में शामिल किया है, जिन्होंने उनकी मां का इलाज करने में घोर लापरवाही बरती। उन्होंने स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के कर्मियों और पारस अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों पर धोखाधड़ी करने, फर्जीवाड़ा करने और कल्पेबल होमीसाइड नॉट अमाउंटिंग टू मर्डर जैसा गंभीर आरोप लगाया है। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 238/25 दर्ज किया है। अधिवक्ता विधान चंद्र सिंह ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उन्होंने अपनी मां अनीता देवी के इलाज के लिए स्टार हेल्थ इंश्योरेंस से सीनियर सिटीजन रेड कारपेट हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी थी। 4 लाख का कैशलेस चेकअप और ट्रीटमेंट कवर करने का दावा करने वाली इस पॉलिसी को उन्हें झंडा चौक के रहने वाले एजेंट संदीप कुमार और मैनेजर अभिषेक कुमार के द्वारा बेची गयी थी। इस इंश्योरेंस पॉलिसी का प्रीमियम 21583 रुपए उन्होंने समय पर जमा किये। मार्च 2025 में जब उनकी मां अनीता देवी की तबीयत खराब हुई तो उन्हें होप हॉस्पिटल, रांची रोड में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा। इसके बाद अनीता देवी को रांची के पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। 1 मार्च को जब उनकी मां का वहां इलाज शुरू कराना था, तो इंश्योरेंस कंपनी वालों ने उन्हें प्रक्रिया का झांसा दिया और तब तक खुद के रकम से इलाज शुरू करवाने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि जल्द ही उनके द्वारा खर्च की गयी रकम उन्हें वापस कर दी जायेगी। पांच दिनों तक वहां इलाज चला लेकिन इंश्योरेंस कंपनी वालों ने 1 भी वहां जमा नहीं कराये। उनकी मां की तबीयत ठीक नहीं रही तो उन्होंने वहां से डिस्चार्ज कर कर अनीता देवी को रिम्स में भर्ती कराया। इस दौरान 6,64,295 रुपए खर्च हुए। कुछ अन्य रकम दवाइयां और चिकित्सीय सामग्री में खर्च हुए। 7 लाख के खर्चे में से 4 लाख स्टार हेल्थ इंश्योरेंस को अस्पताल प्रबंधन को देना चाहिए था। लेकिन ना तो अस्पताल प्रबंधन को राशि दी गई ना ही वह रकम अनीता देवी के परिजनों को वापस की गयी।

# चीन के साथ मजबूत संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार दोपहर जापान में कहा कि चीन के साथ मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं और इससे क्षेत्रीय शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता आयेगी। पीएम मोदी दिल्ली और टोक्यो के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए जापान की दो दिवसीय यात्रा पर थे और अब चीन पहुंचे हैं। टोक्यो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार कारखानों का दौरा किया, जिनमें से एक ई10 शिंकानसेन बुलेट ट्रेन का प्रोटोटाइप बना रहा है, जिसे भारत खरीदना चाहता है। इसके अलावा वे रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और व्यवसाय से संबंधित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी किया। इसके बाद वे शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के लिए चीन चले गये। शंघाई सहयोग संगठन एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस भी शामिल हैं। उन्होंने जापानी मीडिया से कहा कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर मैं एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां से तियानजिन जाऊंगा। पिछले वर्ष कजान (रूस में, एससीओ की पिछली बैठक के दौरान) में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी मुलाकात के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में स्थिर और सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के दो सबसे बड़े राष्ट्रों, भारत और चीन के बीच स्थिर, पूवार्नुमानित और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यह बहुध्रुवीय एशिया और विश्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस महीने दिल्ली में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के बाद की गयी टिप्पणी को दोहराया। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत, यूक्रेन पर रूस के युद्ध, गाजा पर इजरायल के युद्ध, और उस देश को निर्यात किये जाने वाले भारतीय माल पर संयुक्त राज्य अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण उत्पन्न वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है। विशेष रूप से अमेरिका के इस कदम से दशकों से चले आ रहे भारत-चीन सैन्य तनाव में कमी आई है, क्योंकि दोनों एशियाई देश करों से उत्पन्न होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए संबंधों को पुनः संतुलित कर रहे हैं।

**भारत, यूक्रेन पर रूस के युद्ध, गाजा पर इजरायल के युद्ध, और उस देश को निर्यात किये जाने वाले भारतीय माल पर संयुक्त राज्य अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण उत्पन्न वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित -100 वर्ष की संघ यात्रा : नये क्षितिज कार्यक्रम में मोहन भागवत ने साफ कहा कि हिंदू मतलब जो अपने-अपने रास्ते पर श्रद्धा रखे, दूसरों का भी सम्मान करे और रास्तों को लेकर झगड़ा न करे। यह परंपरा और संस्कृति जिनकी है, वही हिंदू है। उनका सीधा संदेश था-हिंदू का अर्थ हिंदू बनाम अन्य नहीं, बल्कि समावेशिता है। संघ के खिलाफ हमेशा राजनीति की जाती रही है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के बारे में चर्चाएं बहुत होती हैं, लेकिन तथ्यपरक जानकारियां कम होती हैं।**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बदलता विमर्श

**अनिल पांडेय**


एक सदी पहले मुट्ठी भर लोगों से शुरू हुआ संगठन आज देश के सबसे सशक्त और प्रभावी संगठनों में गिना जाता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न तो कभी आत्मप्रचार की दौड़ में शामिल हुआ और न ही उसने संगठित दुष्प्रचारों का जवाब देने को आवश्यक समझा। लेकिन समय बदल रहा है। दशकों तक लगातार निशाना बनाये जाने के बाद अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सीधे सवालों का जवाब देना जरूरी समझा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू और हिंदुत्व का वास्तविक अर्थ क्या है, और क्यों संघ पर लगाये जाने वाले आरोप महज राजनीतिक हथकंडे हैं।

नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि के भाव के साथ राष्ट्रसेवा में जुटा यह संगठन दशकों से वामपंथी-उदारवादी विमर्श और पश्चिमी चश्मे से भारत को देखने वालों का सबसे प्रिय निशाना रहा है। संघ की आलोचना आज भी खुद को लिबरल और प्रगतिशील साबित करने की अनिवार्य शर्त मानी जाती है, लेकिन अब परिदृश्य बदल रहा है और नरेटिव का पेंडुलम संघ की ओर झुकता दिखायी दे रहा है।

नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित -100 वर्ष की संघ यात्रा : नये क्षितिज कार्यक्रम में मोहन भागवत ने साफ कहा कि हिंदू मतलब जो अपने-अपने रास्ते पर श्रद्धा रखे, दूसरों का भी सम्मान करे और रास्तों को लेकर झगड़ा न करे। यह परंपरा और संस्कृति जिनकी है, वही हिंदू है। उनका सीधा संदेश था-हिंदू का अर्थ हिंदू बनाम अन्य नहीं, बल्कि समावेशिता है।

**यदि विमर्श तथ्यों पर आधारित हो जाये, तो संघ-विरोधी दुष्प्रचार ठहर नहीं पायेंगे।**

संघ के खिलाफ हमेशा राजनीति की जाती रही है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के बारे में चर्चाएं बहुत होती हैं, लेकिन तथ्यपरक जानकारियां कम होती हैं। लेकिन यदि विमर्श तथ्यों पर आधारित हो जाये, तो संघ-विरोधी दुष्प्रचार ठहर नहीं पायेंगे। दरअसल, तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति लंबे समय से चुनावी फायदे के लिए संघ का हौव्वा खड़ा करती रही है। संघ का नाम लेकर एक समुदाय विशेष को डराये रखना है, ताकि थोक में उनके वोट मिल सकें। हिंदू राष्ट्र का हौव्वा खड़ा कर दलितों को आरक्षण पर खतरे का भय दिखाया जाता है। यही कारण है कि असहिष्णुता आंदोलन जैसे अभियानों को हवा दी गयी और संघ-भाजपा को तालिबान बताने तक की कोशिश हुई।



**संघ भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र मानता है, जबकि वामपंथ इसे 1947 में जन्मे नेशन स्टेट से आगे देख ही नहीं पाता। वामपंथ समाज को संघर्ष की दृष्टि से देखता है, जबकि संघ सहयोग और एकता पर बल देता है। वामपंथ की प्रेरणा मार्क्स, लेनिन और माओ हैं। संघ अपनी जड़ों को भारत की परंपरा, सनातन और अध्यात्म में खोजता है।**

संघ पर सबसे तीखा हमला वामपंथी विचारधारा से आता है। इसका कारण महज राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता नहीं है, बल्कि गहरी वैचारिक असहमति है। वामपंथियों का मानना है कि राष्ट्र की पहचान केवल आर्थिक वर्ग-संघर्ष और वैश्विक मार्क्सवादी एजेंडे से परिभाषित होनी चाहिए। दूसरी ओर, संघ मानता है कि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति और सभ्यता में निहित है। यही कारण है कि वामपंथी विमर्श में संघ को अक्सर प्रतिक्रियावादी और फासीवादी ठहराने का प्रयास किया जाता है। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ही वामपंथी धारा ने भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को गौण रख कर अंतरराष्ट्रीय साम्यवादी क्रांति को प्राथमिकता दी, जबकि संघ ने भारत- केंद्रित राष्ट्रवाद को अपनी मूल धुरी बनाया। यह वैचारिक विरोध आज भी कायम है।

संघ भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र मानता है, जबकि वामपंथ इसे 1947 में जन्मे नेशन स्टेट से आगे देख ही नहीं पाता। वामपंथ समाज को संघर्ष की दृष्टि से देखता है, जबकि संघ सहयोग और एकता पर बल देता है। वामपंथ की प्रेरणा मार्क्स, लेनिन और माओ हैं। संघ अपनी जड़ों को भारत की परंपरा, सनातन और अध्यात्म में खोजता है। यही कारण है कि संघ चाहे शिक्षा, सेवा या सामाजिक कार्य में कितना भी योगदान क्यों न करे, वामपंथी विमर्श उसकी छवि को संदिग्ध बनाने से बाज नहीं आता।

**क्या हिंदू तालिबान हो सकता है?**

मोहन भागवत ने इस सवाल को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां न कोई एक किताब है, न कोई एक पैगंबर, न कोई सर्वमान्य गुरु। यहां 33 करोड़ देवी-देवताओं की पूजा होती है। बौद्ध, जैन जैसी परंपराएं भी सहज रूप से फलती-फूलती रही हैं। कोई भी रास्ता गलत नहीं माना गया। हिंदू जन्मना समावेशी होता है, और इस समावेश की कोई सीमा नहीं। स्पष्ट है कि हिंदुओं की तालिबान से तुलना न केवल तथ्यहीन है, बल्कि भारत की आत्मा को समझने में असफलता भी है। मार्क्स और मैकाले की दृष्टि से प्रभावित बुद्धिजीवियों के लिए भारत महज एक नेशन स्टेट है, लेकिन भागवत का मानना है कि भारत अनादि काल से राष्ट्र रहा है। जिसका हजारों साल का इतिहास है। राष्ट्र केवल राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक परंपरा से जन्म लेता है।

मोहन भागवत के वक्तव्य का सार यही है कि संघ के बारे में सत्य और सही जानकारी सामने आनी चाहिए। निष्कर्ष निकालना सभी का अधिकार है, लेकिन भ्रम और दुष्प्रचार पर आधारित आलोचना अब स्वीकार्य नहीं होगी। भारत की संस्कृति का मूल भाव सद्भाव और समावेश है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर विभाजनकारी राजनीति करने भले इसे न मानें, लेकिन भागवत की परिभाषा ने संघ पर लगे पुराने आरोपों को अप्रासंगिक बना दिया है। उन्होंने हिंदू, हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र की ऐसी व्याख्या दी है जो विरोधियों को नयी चुनौती देती है और भविष्य के विमर्श को नई दिशा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### झारखंड बंगाली समिति के भवेश चंद्र देव अध्यक्ष और तपन सेनशर्मा महासचिव बने



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची हाई स्कूल में झारखंड बंगाली समिति जमशेदपुर शाखा की 55वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वपन दाशगुप्ता व अन्य के द्वारा दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर वार्षिक आमसभा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महासचिव तपन सेनशर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन और सह-कोषाध्यक्ष सरोज सेन ने लेखा-जोखा प्रस्तुत की।जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।वार्षिक आमसभा में बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर उपस्तित सभी सदस्यों के सहमति से नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। समिति के संरक्षक शेखर डे, उपदेशक मंडली में अचिंत्यम गुप्ता, सुदीप्त मुखर्जी, कृष्णेंदु चटर्जी, निखिल दत्ता, बासबी गोस्वामी,अध्यक्ष भवेश चंद्र देव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वपन दाशगुप्ता, उपाध्यक्षगण रमा मुखर्जी, सुजाता विश्वास, तरुण कांति घोष, सुमिता बेरा, पूरबी घोष, दिलीप कुमार सिंह मोदक, तापस सरकार, महासचिव तपन कुमार सेनशर्मा, संयुक्त सचिव आशीष गुप्ता, प्रदुत बेज, सह-सचिवगण में ज्योत्स्ना कर, तपती दत्ता, स्रोता दाशगुप्ता, आरती सेन, जयदेव बनर्जी, श्यामल सरकार, महिला विभाग में पूरबी चटर्जी, युवा शाखा में प्रणव नाहा,नीति निर्धारण एवं कार्यक्रम योजना में झरना कर, कोषाध्यक्ष सरोज सेन, इसके अतिरिक्त, समिति की मुखपत्र ह्लसमिति समाचारह्व के संपादक के रूप में निसार अमीन और सह-संपादक के रूप में पूरबी बनर्जी को नियुक्त किया गया।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा ने मुक्ति दिवस मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा ने रविवार को जिला अध्यक्ष सागर राय की अध्यक्षता में विमुक्त,घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदाय का मुक्ति दिवस हर्षउल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सागर राय ने कहा 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट से इन समुदायों को 31 अगस्त 1952 में मुक्ति मिली थी। इसलिए 31 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार इस वर्ग के लिए आयोग व विकास निगम का गठन किया गया। सीड योजना सहित छात्रवृत्ति, शिक्षा-लोन, स्वरोजगार, आवास और महिला समूहों के जरिए हजारों परिवार लाभान्वित हुए हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व अध्यक्ष राम बाबू तिवारी, धर्मेंद्र प्रसाद, शेखर कुमार, राज कुमार सह, महेंद्र प्रसाद, घनश्याम पांडे, उमेश साहू, रोहन प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नुवोको सीमेंट कंपनी के खिलाफ भाजपा गोविंदपुर मंडल की बैठक, गेट जाम की चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा गोविंदपुर मंडल के द्वारा यशोदा नगर बस्ती में एक बैठक का आयोजन किया गाय। रविवार को बैठक में नुवोको सीमेंट कंपनी पर सीएसआर के तहत विकास कार्य न करने और मनमानी रवैये का आरोप लगाया गया।मौके पर बस्तीवासियों ने प्रदूषण, जलजमाव, मच्छरों के प्रकोप, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सुविधाओं की कमी के मुद्दे उठाए।बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह ने चेतावनी दी यदि कंपनी प्रबंधन शीघ्र सुधार नहीं किया तो भाजपा जनआंदोलन और गेट जाम जैसे कठोर कदम उठायेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कंपनी को चेताने के लिए पहले मशाल जुलूस और फिर गेट जाम किया जायेगा। जिला महामंत्री संजीव सिंह एवं अन्य नेताओं ने भी कंपनी से सीएसआर दायित्व निभाने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी एक स्वर में आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की।

### चांडिल में ओवरलोड हाइवा पलटा, चालक घायल

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में ओवरलोड वाहनों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। शनिवार देर रात चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-33 स्थित कांदरबेड़ा चौक पर एक बालू लदा हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में हाइवा का चालक घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में थी और उस पर ओवरलोड बालू लदा हुआ था। स्थानीय लोगों ने बताया चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था,जिससे यह हादसा हुआ। लोगों ने आरोप लगाया यातायात पुलिस द्वारा सही तरीके से जांच नहीं किए जाने के कारण ऐसे हादसे बार-बार घट रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### आदिम जुमीद मार्शल मड़वा क्लब की धरना 23 को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आदिम जुमीद मार्शल मड़वा क्लब की ओर से मिर्जाडीह के कोलाबनी गांव स्थित फूलो-झानो फुटबॉल मैदान में माझी बाबा उपेंद्र हंसदा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।रविवार को बैठक में बड़ी संख्या में विभिन्न गांवों के माझी बाबा, ग्राम प्रधान और प्रतिनिधि शामिल रहे। मौके पर 5 अगस्त को राजकीय शोक के दौरान मिजार्डीह में रैयतों के घरों को ध्वस्त करने की घटना की तीव्र निंदा की गयी। सभी ने इसे अवैध कार्रवाई बताया। साथ ही अलकतरा फैक्ट्री,आमदा पहाड़ से बाटालुका, हंसाडूंगरी, शिरीघुटू, पुनरागमन और कोलाबोनी सड़क की दयनीय स्थिति पर भी चर्चा की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया आगामी 23 सितंबर को एक विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें विस्थापितों और रैयतों की समस्याओं के साथ आसपास के गांवों में शिक्षा, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।मौके पर कीतिक सोरेन,शंभु सिंह, हरमोहन महतो, नारायण महतो, उत्तम प्रधान, प्रह्लाद गोप, बादल सोरेन, बाबूराम सोरेन, युधिष्ठिर महतो, सुरेंद्र सोरेन,भानु सिंह, श्याम सिंह, विश्वनाथ हांसदा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आरटीआइ कार्यकर्ता संघ की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

## 12 अक्टूबर को जमशेदपुर में होगा राष्ट्रीय सेमिनार

**महासचिव और कार्यकर्ता से जुड़े मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संसद तक आंदोलन की चेतावनी।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर स्थित निर्मल गेस्ट हाउस में आरटीआइ कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय समिति की बैठक अध्यक्ष दिल बहादुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। रविवार को बैठक में बीते 25 अगस्त को झारखंड विधानसभा परिसर में हुए धरना-प्रदर्शन की समीक्षा की गयी। साथ ही धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं का आभार जताया गया। बैठक में निर्णय लिया गया सितंबर से संघ सदस्यता अभियान चलायेगी। साथ ही 12 अक्टूबर को आरटीआइ दिवस के अवसर पर जमशेदपुर में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए तैयारी, स्वागत और कोष समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों की नियुक्ति तथा आरटीआई कार्यकताओं की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाने की मांग दोहराई गई। मौके पर महासचिव कृतिवास मंडल और कार्यकर्ता सुनील मुर्मू से जुड़े मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर संसद तक आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही न्यायलय तक की दरवाजा खटखटाने की बात कही। बैठक का संचालन महासचिव कृतिवास मंडल और धन्यवाद ज्ञापन विजय सिंह मुंडा ने किया।इस अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दिल बहादुर, उपाध्यक्ष सदन कुमार ठाकुर, महासचिव कृतिवास मंडल, सुसेन गोप,सत्येन्द्र कुमार सिंह, छेदी कुमार, केन्द्रीय उपाध्यक्ष पूर्वी घोष,सुलोचना देवी, मोमिता मुखी,केन्द्रीय कोषाध्यक्ष ऋषेंदू केसरी, सुनील कुमार प्रसाद,राजू बेसरा, सुनील कुमार मुर्मू,बिजय सिंह मुंडा,रंजित सिंह,पुलक मंडल,चन्द शेखर रजक,राधेश्याम कर्मकार सहित अन्य आरटीआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन केंद्रीय महासचिव कृतिवास मंडल ने किया और बैठक में धन्यवाद ज्ञापन बिजय सिंह मुंडा ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से सुलोचना देवी, मोमिता मुखी, सुनील कुमार, प्रसाद राजू बेसरा सहित बैठक में दर्जनों आरटीआइ कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घायल झामुमो कार्यकर्ता का हाल जानने टीएमएच पहुंची सविता महतो



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झामुमो कीड़ा मोर्चा के जिला सचिव राहुल वर्मा विगत दिनों करंट लगने से छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज फिलहाल टीएमएच में चल रहा है। रविवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो टीएमएच पहुंचीं और राहुल वर्मा का हाल जाना। मौके पर विधायक ने चिकित्सकों से मुलाकात कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आशा जतायी राहुल वर्मा जल्द स्वस्थ होकर वापस हम सबके बीच लौटेंगे। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मनोज वर्मा, लालटू दास समेत परिजन उपस्थित रहे।

### सरायकेला-खरसावां जिले के ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बने मनमोहन सिंह राजपूत



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के ओलंपिक संघ का चुनाव अटल पार्क भवन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।रविवार को चुनाव में विभिन्न पदों पर नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मनमोहन सिंह राजपूत अध्यक्ष चुने गए। वही वरीय उपाध्यक्ष पद पर राजेश साहू, मोहम्मद दिलदार अंसारी, सुमंत महंती और रवि शेखर सिंह का चयन हुआ। उपाध्यक्ष बने सुनील कुमार सिंह, आरके वर्मा, लक्ष्मण महतो, राणा राज बाग और अनीता बेहरा। सिकंदर महतो को जनरल सेक्रेटरी, जबकि गणेश चंद्र महतो, नरेंद्र महतो, अरविंद कुमार शर्मा, बेबी महतो, दिलीप गुप्ता, अमितेश अमर मोदक और भीष्म देव सिंह को जॉइंट सेक्रेटरी चुना गया।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ ग्रामीण थाना में दिया आवेदन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। ऑनलाइन ठगी का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरसली उतरी के झूमरी टोला निवासी मनोज कुमार, पिता गोपाल मिस्त्री ने भवनाथपुर में थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है कि 30 अगस्त की शाम 6:24 बजे एक अज्ञात नंबर 9142837488 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को परिचित बताकर बातचीत में फंसा लिया और अपने अकाउंट में पैसे भेजने को कहा। शिकायतकर्ता के अनुसार ठग ने पहले 35,000 रुपये डालने की बात कह कर। ठगी करने वाले ने एक अन्य खाते में 25,000 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जिसमें से 25,000 रुपये वापस कराने को लिए 14,001 और डलवा लिया कुल मिला 39001 रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने थाना में आवेदन दे कर ठगी के इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# कोरेक्स सिरप की लत में फंस रहे किशोर व युवा, सीमावर्ती इलाकों से हो रही तस्करी

**खांसी की दवा के रूप में इस्तेमाल होने वाला यह सिरप अब किशोरों और युवाओं के लिए नशे का खतरनाक साधन बनता जा रहा है**

अरुण कुमार चौबे



**कांडी (आजाद सिपाही)।** कोरेक्स सिरप का नाम सुनते ही क्षेत्र के अभिभावकों और जागरूक लोगों की चिंता बढ़ जाती है। खांसी की दवा के रूप में इस्तेमाल होने वाला यह सिरप अब किशोरों और युवाओं के लिए नशे का खतरनाक साधन बनता जा रहा है। क्षेत्र में 16 से 30 वर्ष तक की आयु वर्ग के युवक बड़ी संख्या में इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार नशे की लत से ग्रसित युवक एक बार में पूरी बोतल सिरप का सेवन कर लेते हैं, जो शराब से भी अधिक घातक साबित हो रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार कोरेक्स का सेवन करने वाले युवा किडनी, लीवर और पैनक्रियाज संबंधी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा कोरेक्स की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सीमावर्ती क्षेत्रों से इसकी अवैध तस्करी हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक पलामू जिले के हैदरनगर और उत्तर प्रदेश के विंढमगंज से महंगे दामों पर बड़ी मात्रा में कोरेक्स सिरप लाकर क्षेत्र में स्टॉक किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है, ताकि इस जहरीली लत से युवाओं को बचाया जा सके और नशे की तस्करी पर पूर्ण रोक लगायी जा सके। बढ़ते नशे की प्रवृत्ति ने ग्रामीण समाज और शिक्षा व्यवस्था दोनों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाये गये तो आने वाले समय में युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। वहीं, कई अभिभावक प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि विशेष अभियान चलाकर कोरेक्स की अवैध बिक्री पर कड़ा नियंत्रण किया जाये।

# अगले सप्ताह से सभी दुकानों पर पर्याप्त यूरिया उपलब्ध होगा: डीसी

**यूरिया की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होगी, किसानों को मिलेगा उचित मूल्य पर खाद**

**यूरिया की आपूर्ति पर प्रशासन की सख्त नजर, किसानों को मिलेगी सहूलियत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर गढ़वा जिला में यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले के सभी खाद-बीज दुकानों पर भरपूर मात्रा में यूरिया उपलब्ध करा दिया जाएगा, जहां से किसान निर्धारित उचित मूल्य पर आसानी से यूरिया प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी दुकानदार से निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया न खरीदें। अगले तीन से चार दिनों में जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध हो जायेगा।

उपायुक्त श्री यादव ने जिले के सभी पैक्स, लैंप्स, सहकारी समिति एवं अधिकृत उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे उपलब्ध यूरिया केवल निर्धारित दर पर ही किसानों को उपलब्ध कराएं। अधिक मूल्य वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जायेगा।

साथ ही सभी अंचल अधिकारी एवं कृषि विभाग के पदाधिकारियों को यूरिया की कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। किसी भी व्यक्ति को अवैध रूप से यूरिया खाद की कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाने पर उसके विरुद्ध कठोर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिले के वरीय अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में यूरिया की अवैध बिक्री पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है, ताकि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके।

## पानी में डूबने से 7 वर्षीय बच्ची की मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सुखवाना गांव के केरवा टोला निवासी शिव भुईया की पुत्री राधा कुमारी (7 वर्ष) रविवार को स्नान करने के दौरान पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पहाड़ की ओर मोरंग मिट्टी निकाला गया है। जिसके कारण गड्ढे में पानी भरा हुआ था। उसी गड्ढे में सभी बच्चे स्नान कर रहे थे। इसी क्रम में राधा कुमारी उसी पानी में डूबने लगी साथ के बच्चे उसे डूबने की जानकारी साथ के बच्चों को दिया। लेकिन बच्चे स्नान करने के धुन में उसे पर ध्यान नहीं दी। इसके बाद एक बच्चा राधा कुमारी के घर जाकर उसके परिजनों को डूबने की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने पानी भरे गड्ढे के पास पहुंचकर उसकी खोजबीन करने लगे। खोजबीन करने के दौरान उसे पानी के गड्ढे से निकाल कर गढ़वा सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जहां अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती मनायी गयी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज युवा संघ के अध्यक्ष हर्ष सीटू कश्यप की अध्यक्षता में महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम महर्षि कश्यप ऋषि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर शुरूआत की गयी। जिसमें प्रमुखता से संरक्षक पृथ्वीनाथ कश्यप, अध्यक्ष उमेश कश्यप, अमित कश्यप, रविंद्र कश्यप,लखन कश्यप ने महर्षि कश्यप ऋषि के बारे में बताया एवं कसौधन जाति का उद्गम कैसे हुआ और किस तरह हम विभिन्न प्रदेशों में निवास करने लगे इन सभी तथ्यों के बारे में बताया गया वाकई में महर्षि कश्यप ऋषि के जीवन को आत्मसात करने की जरूरत है।

# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का समापन रविवार को एक प्रेरणादायक साइकिल रैली के साथ हुआ। इस आयोजन में 55 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने खेल, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे क्षेत्र में फैलाया।

रैली का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल श्री के.आर. झा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर उचरी गांव, मुखदेव हायर सेकेंडरी स्कूल होते हुए पुनः स्कूल लौट आयी। मार्ग में छात्रों ने जोशीले नारे लगाए जैसे– 'खेलेगा इंडिया, तो खिलेगा इंडिया', 'स्वास्थ्य ही धन है', 'साइकिल चलाएं, पर्यावरण बचाएं', 'खेलने-कूदने का लो संकल्प, स्वस्थ रहने का यही विकल्प'। इस अवसर पर श्री झा ने कहा, 'साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह आर्थिक रूप से भी किफायती और पर्यावरण के लिए हितकारी है। इससे मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचाव होता है।'

स्कूल के निदेशक, श्री अलख नाथ पांडे ने कहा कि इस प्रकार की पहल बच्चों में सामाजिक चेतना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देती है। यह रैली एक प्रेरक उदाहरण है कि कैसे शिक्षा संस्थान समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# सगमा में यूरिया खाद की किल्लत

## भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने कृषि विभाग पर मिलीभगत का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा(गढ़वा)।** सगमा प्रखंड में यूरिया खाद की किल्लत लगातार गहराती जा रही है। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी सगमा मंडल ने कृषि विभाग और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड में यूरिया खाद की भारी कमी है, जिसके कारण किसान और विक्रेता आपस में भिड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 266 रुपये प्रति बोरी बिकने वाली यूरिया खाद कालाबाजारी के चलते 800 रुपये तक किसानों को खरीदनी पड़ रही है। यह स्थिति किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग की ओर से यूरिया खाद का आवंटन सीमित रखा गया है। विभाग यदि सचमुच किसानों की चिंता करता, तो वह आवंटन बढ़ाकर इस संकट का समाधान निकालता। मगर इसके उलट विभाग ने सीमित आवंटन के नाम पर खाद विक्रेताओं को खुली छूट दे दी है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ दर्शाता है कि यूरिया खाद की कालाबाजारी में कृषि विभाग की मिलीभगत है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और विभाग इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं करते हैं, तो भाजपा किसानों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होगी। यादव ने कहा कि भाजपा किसानों के अधिकार और हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में विद्वत परिषद व मातृ भारती की बैठक आयोजित

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, कमलेश पांडे, मध्य विद्यालय, नगर उंटारी के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा, सहायक शिक्षक सुजीत कुमार, ध्रुव कुमार और विद्वत परिषद के प्रमुख आचार्य सुधीर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से भारत माता ओम मां सरस्वती और अहिल्याबाई होलकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पा अर्चन कर किया। बैठक में बच्चों के समग्र विकास पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि आजकल के बच्चे रिवाइज नहीं करते हैं जिस कारण उनके दिमाग में बातें नहीं रख पाते हैं उन्हें तथ्य को समझने का प्रयास करना चाहिए। उक्त अवसर पर रेणु पाठक, नागवंती देवी, अनीता कुमारी, प्रभावती देवी, तवी जोशी, मधुदेवी, नेहा कुमारी, राखी विश्वकर्मा, सुजाता देवी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक को कल्याण मंत्र के साथ समाप्त की गयी।

## एसपी ने रंका थाना का किया निरीक्षण

रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शनिवार को रंका थाना का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारियों तथा जवानों को कई दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुराने और नये केशों को निपटाने तथा जनता की समस्याओं निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही फरार और स्थायी वारंटियों के अलावा कोई फरार वारंटी तथा लाल वारंटियों की गिरफ्तारी एवं सतत निगरानी रखने के अलावा अपने कार्य एवं रिपोर्ट को अपडेट रखने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह एवं पुलिस निरीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जमीन पर बैठ कर खाना खाती हैं पंचायत सशक्तिकरण प्रशिक्षण में भाग लेने गयीं महिला वार्ड सदस्य

**महिला वार्ड सदस्यों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण में अव्यवस्था का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड कार्यालय सभागार में महिला वार्ड सदस्यों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन रविवार को जमीन पर बैठकर खाना खाते दिखीं महिला वार्ड सदस्यों में नाराजगी देखी गयी। प्रशिक्षण में महिला वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य व अधिकारों की जानकारी दिया जा रहा है ताकि स्वय सशक्त होकर अपने-अपने ग्राम पंचायत को सशक्त बना सकें, पंचायत के विकास का आवाज उठा सकें। परंतु प्रशिक्षण में ही उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। महिला वार्ड सदस्यों का आरोप है कि यूपिकॉन एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण में व्यवस्था के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे नाश्ता के नाम पर सिर्फ दो समोसा दिया जाता है और प्रशिक्षण समाप्ति के समय 3:30 बजे खाना दिया जा रहा है। खाना खिलाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है फर्श पर ही बैठकर खाना है। प्रशिक्षण में मीनू के अनुसार नहीं अपने मन से प्रशिक्षण देने वाली कंपनी के द्वारा व्यवस्था किया गया है। इस संबंध में दुलदुलवा पंचायत के महिला वार्ड सदस्य सरिता देवी एवं सविता देवी तथा हासनदाग पंचायत के चिंता देवी ने बताया कि प्रशिक्षण का समय 11 बजे से है लेकिन 12 बजे से प्रारंभ किया जाता है और 3:30 बजे खाना देकर कोरम पूरा किया जा रहा है। जबकि 5 बजे तक प्रशिक्षण देना है। ट्रेनर चंचला देवी से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि मैं एनजीओ के माध्यम से यहां पर प्रशिक्षण देने आई हूं, व्यवस्था के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। इस व्यवस्था में प्रशिक्षण के नाम पर खाना पूर्ति कर सरकारी राशि का बंदर बांट और दुरुपयोग हो रहा है।

# परीक्षा का उद्देश्य छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखार कर देश हित के लिए तैयार करना: अलखनाथ

**डीपीएससीसी ने जिले भर के 8 परीक्षा केंद्रों पर टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन, 3857 प्रतिभागी हुए सम्मिलित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा आयोजित 21वीं टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर रविवार को 3857 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। गढ़वा केआर के पब्लिक स्कूल सोनपुरवा के लिए अशोक विश्वकर्मा को केंद्राधीक्षक बनाया गया था, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में सिस्टर शांति, महेंद्र विश्वकर्मा एवं संजय सोनी थे। वहीं आरके वीएस बीएड संस्थान कैंपस का केंद्राधीक्षक सिस्टर रोशना एवं पर्यवेक्षक मुजीब खान एवं चंद्रभूषण सिन्हा को बनाया गया था। इसी तरह मेराल प्लस टू हाई स्कूल के लिए संजय कुशवाहा को केंद्राधीक्षक, अमित कश्यप और प्रदीप दुबे पर्यवेक्षक, नगर उंटारी के आरके पब्लिक स्कूल अधौरा का केंद्राधीक्षक सुशील केशरी और पर्यवेक्षक पवन तिवारी, आरआरपीडी हाई स्कूल बिशुनपुरा के केंद्राधीक्षक अभय दुबे और पर्यवेक्षक भोलानाथ साहू, परियोजना उच्च विद्यालय रंका के लिए अनिल विश्वकर्मा को केंद्राधीक्षक और अल्ताफ हुसैन को पर्यवेक्षक बनाया गया। इसी तरह 10 प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया के लिए तौहीद अंसारी को केंद्राधीक्षक, तौकीर अंसारी को पर्यवेक्षक जबकि आर के पब्लिक स्कूल मझिआंव केंद्र के लिए सुधीर पाठक को केंद्राधीक्षक और सतीश तिवारी को पर्यवेक्षक बनाया गया था। समन्वय समिति द्वारा यह लगातार 21वां परीक्षा का आयोजन किया गया है। यह परीक्षा चार ग्रुप में आयोजित थी। समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने बताया कि टैलेंट सर्च परीक्षा की ही देन है कि गढ़वा जैसे पिछड़े इलाके से अब देश के सबसे कठिन परीक्षा आईएएस और आई एफएस में भी यहां के छात्र लहरा रहे हैं और हमारे गढ़वा का नाम रोशन कर रहे हैं।

## दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने मुखिया शैलेश चौबे

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में जय हिंद संघ सिघीताली कमिटी ने दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक किया। दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष चपरी पंचायत के मुखिया शैलेश कुमार चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र चौबे, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश चौबे, सुधांशु चौबे, सुकांत चौबे, प्रदीप कुमार चौबे, अभिषेक चौबे,सचिव अरुण कुमार चौबे,सह सचिव आनंद कुमार चौबे, देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार चंद्रवंशी, सह कोषाध्यक्ष रिशु पांडेय, मुख्य संरक्षक राकेश चौबे, उपेंद्रनाथ चौबे सदस्य धीरज कुमार चौबे, आनंद कुमार चौबे, सुमित कुमार,सूर्य कुमार, अंकर पांडेय, मुना भूइयां को बनाया गया।

## भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना की गयी



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। ब्याहुत कलवार समाज श्री बंशीधर नगर की ओर से रविवार को शहर के चचेरिया स्थित अलका मैरिज हॉल में आराध्य देव श्री बलभद्र भगवान की जयंती व पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रुप मे डॉ संतोष कुमार एवं पत्नी प्रीति सागर ने भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना की। जिसमें चन्द्रशेखर प्रसाद, पूर्व एमओ जोखू प्रसाद, पूर्व प्रधानाध्यापक विद्या सागर को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ ओमप्रकाश, अजय प्रसाद गुप्ता, अरविंद प्रसाद, अमरेंद्र प्रसाद, मंटू प्रसाद, विनय प्रसाद, रामू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।

# मझिगावां : आजादी के इतने वर्षो बाद भी सड़क से वंचित है भेलवाखाड़ी टोला

**बीमार को खाट पर ढोने को मजबूर ग्रामीण**

अरुण कुमार चौबे



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** आजादी के 80 वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन आज भी कई गांव विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के वार्ड संख्या 16 स्थित भेलवाखाड़ी टोला के पूरब की ओर में ऐसा ही एक इलाका है, जहां लगभग 60 परिवारों के 40 से 45 घर आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। दलित परिवारों का यह टोला बरसों से सड़क का इंतजार कर रहा है, लेकिन यह सपना अब तक अधूरा है।

टोले के बुर्जुगों का कहना है कि पंचायत में चाहे कोई भी मुखिया बने, उनकी मजबूरी और पीड़ा को कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। वोट बैंक तो बने, पर अधिकार अब भी अधूरे हैं। चेहरे की झुर्रियों और हकलाती जुबान से बुजुर्गों ने अपनी बेबसी व्यक्त करते हुए कहा 'कितनी बार नेताओं, विधायकों और अधिकारियों से सड़क की गुहार लगाई, पर सब बेअसर रहा।'

टोले की बुजुर्ग महिला बाचो देवी बताती हैं, 'जब मायके से ससुराल आई थी, तब से सपना था कि सड़क बनेगी। जिंदगी बीत गई, पर सपना अधूरा ही रह गया। आज बीमार पड़ने पर खुद चलना तो दूर, दूसरों के सहारे खाट पर लादकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।' इसी तरह रीता देवी कहती हैं, 'हमारे परिवार के पुरुष मजदूरी करने दूसरे राज्यों में रहते हैं। घर में कोई बीमार होता है तो हम महिलाओं को किसी दूसरे के सहारे से खाट पर मरीज को सड़क तक पहुंचाना पड़ता है।'

युवक राजू राम का कहना है कि पूर्वजों से आज तक सड़क का सपना देखते-देखते पीढ़ियां गुजर गईं। पर सड़क नहीं बना। बरसात से लेकर ठंडी तक बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते। अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों को कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ता है।

सड़क की मांग करने वालों में मंजरी कुंवर, सोना देवी, पनवा कुंवर, फुलवा देवी, कविता देवी, विद्यावती देवी, प्रतिमा देवी, पूजा देवी, प्यारी, हरिराम, मुखदेव, निर्मल, राजू, मखड़ू, श्याम बिहारी, अखिलेश, भोला, संतोष, मुनि राम समेत दर्जनों लोगों का नाम शामिल है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब उनके दरवाजे पर विकास की किरण पहुंचेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इन ग्रामीणों के इस दर्द को समझते हैं या सड़क का सपना यूं ही अधूरा रह जायेगा?

ग्रामीणों का कहना है कि विकास की गंगा बहाने के लिए नेताओं को केवल भाषणों तक सीमित न रहकर धरातल पर काम करना होगा।

## जय मां शेरावाली संघ भगलपुर के अध्यक्ष बने सुनील



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जय मां शेरावाली संघ भगलपुर के संयोजक दौलत सोनी संरक्षक संत कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें लगातार 9वीं बार अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार का नाम मनोनीत किया गया व चंदन पासवान चंदन गुप्ता महिपाल कुमार धर्मेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। आनंद कुमार को कोषाध्यक्ष और सचिव विशाल गुप्ता दीपक गुप्ता राहुल कुशवाहा एवं मुख्य पुजारी पंकज विश्वकर्मा उत्तम कुमार रोहित कुमार को दायित्व सौंपा गया। मीडिया प्रभारी सोनू कुमार, जबकि मंत्री शनि कुमार उज्जवल, अविनाश रेड्डी, पंकज विश्व, रोहित, पंकज, संगठन मंत्री आकाश गुप्ता, सनी पहलवान, नितेश विश्वकर्मा, जीतू पहलवान, प्रिंस, वहीं सदस्य शुभम सोनी, ओम प्रकाश गुप्ता, चंदन सोनी, अमन, विवेक, रवि रंजन, शिवम, सुनील साव, और ओम प्रकाश को बनाया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का गठन, पप्पू बने अध्यक्ष

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के रारो बाजार प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता दिलदार सिंह तथा संचालन प्राण यादव ने की। इसके पश्चात सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें पप्पू यादव को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं चंद्रिका प्रसाद यादव, नागेंद्र सिंह और रामभरत सिंह को उपाध्यक्ष, नवरंग सिंह को सचिव तथा आनंद विश्वकर्मा को उपसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। साथ ही नाटक मंचन के अलावा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

## बरवाडीह रैनबसेरा में वृद्ध की मौत

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र स्थित रैनबसेरा में शनिवार को एक वृद्ध व्यक्ति मृत पाया गया। मृतक की पहचान गणेश राम के रूप में हुई है। वे पिछले कुछ समय से यात्री शेड में रहकर किसी तरह जीवन-यापन कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब उन्हें मृत अवस्था में देखा तो इसकी सूचना बरवाडीह पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनूप कुमार और सब-इंस्पेक्टर सुनील मंडल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि गणेश राम मूल रूप से बरवाडीह और लंका खड़िया निवासी प्रेमा देवी के पति थे। पुलिस ने उनके परिजनों को भी सूचना दे दी है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि मृत्यु कई घंटे पूर्व हुई होगी। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो पायेगा।

## वोटर लिस्ट पर की जा रही कांग्रेस की राजनीति हास्यास्पद : दीपक प्रकाश

**भाजपा जिला कार्यालय में बैठक व करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बख्शीडीपा में रविवार को सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) और सांसद खेल प्रतियोगिता (29 सितंबर से 25 दिसंबर) को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक के पश्चात करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार प्रदेश सहप्रभारी दीपक प्रकाश तथा पूर्व सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहे। बैठक में दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा सभी का सम्मान करते हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस जब भ्रष्टाचार और भ्रम की दुकानों में ताले लगते देख रही है, तब देश के प्रधानमंत्री की दिवंगत माता तक को अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा वोट चोरी करती तो अकेले पूर्ण बहुमत से 400 से अधिक सीटें पाती। कांग्रेस की दोहरे मतदाताओं को लेकर की जा रही राजनीति हास्यास्पद है। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि करमा पूजा झारखंड का महापर्व है। यह पर्व झारखंड की पहचान, संस्कृति और परंपरा को जीवंत करता है। इस पर्व से समाज में दूरियां खत्म होती हैं और भाइचारे की भावना प्रबल होती है।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अनिल उरांव एवं महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सामेला भगत ने दिया। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में मांदर, झूमर, नगेढ़ा और खोड़हा नृत्य प्रस्तुत कर महिलाओं ने विशेष रंग बिखेरा। भाजपा कार्यकताओं ने भी पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर राकेश प्रसाद, अजय मित्तल, मुरलीधर अग्रवाल, बालकृष्णा सिंह, नवीन कुमार टिंकू, अजय कुमार पंकज, सरिता देवी, पवन तिग्गा, विवेक चौहान, सचिन सिंघानिया, मुन्नीलाल उरांव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बरवाडीह में दो हजार सीएफटी बालू जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** एनजीटी के रोक के बावजूद बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार रात्रि बड़ी कार्रवाई की है। इस इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के रेलवे क्षेत्र में हो रहे रेल भवन निर्माण कार्य में एनजीटी के चार माह के रोक के बावजूद भारी पैमाने पर अवैध रूप से बालू संग्रह कर भवन निर्माण में लगाया जा रहा था। मिली गुप्त सूचना पर अंचलाधिकारी लवकेश सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी अनूप कुमार, एसआइ राजन अधिकारी समेत पुलिस बल ने छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बरवाडीह रेल क्षेत्र स्थित रेलवे क्वार्टर निर्माण स्थल से लगभग दो हजार सीएफटी से अधिक अवैध बालू जब्त किया गया। अधिकारियों द्वारा जब्त बालू से संबंधित कागजात की जांच की मांग किये जाने पर किसी तरह का बालू उत्खनन व संग्रहण का कोई कागजात नहीं दिखाया गया। मामले में अंचल अधिकारी लवकेश सिंह द्वारा आवश्यक करवाई करते हुए बरामद बालू की जब्त सूची बनाकर कर पंचायत के चौकीदार को देखरेख की जिम्मेवारी दी गयी है। वही इस संबंध मे अंचलाधिकारी लवकेश सिंह ने बताया कि जप्त बालू के बाद जिला खनन पदाधिकारी को मामले में आवश्यक करवाई करने हेतु पत्राचार किया गया है जिला खनन पदाधिकारी द्वारा मामले में उचित कार्रवाई किया जायेगा।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एचएस इंपीरियल पब्लिक स्कूल बना चैंपियन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा कैरो जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा जिले में 29 और 30 अगस्त को दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन जिले के अमृत पैलेस में किया गया था। जिसमें जिले के 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एचएस इंपीरियल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में चैंपियन कप जीता तथा अपने गांव, पंचायत और स्कूल का नाम रौशन किया। चैंपियन खिलाड़ियों को जिले के जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर इरशाद अंसारी ने कहा कि इस तरह की उपलब्धि हमारे विद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह बच्चों में खेल भावना और साहस की भावना विकसित करता है। इसके साथ ही विद्यालय के ताइक्वांडो प्रशिक्षक अरविंद यादव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दिये।

## अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने तीन मामलों की सुनवाई की



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** समाज में आपसी विवादों का सहज समाधान और आर्थिक रूप से कमजोर तबके को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अंजुमन इस्लामिया अदलिया लगातार सक्रिय है। रविवार को आयोजित बैठक में तीन अहम मामलों की सुनवाई हुई। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू, नायब सदर आरिफ हुसैन बबलू, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, इरसाद अहमद, अबुल कलाम तैगी और असगर तैगी मौजूद रहे। पहला मामला शहरी क्षेत्र के अजीज कॉटेज लाइन निवासी अब्दुल हनान खान और सेन्हा प्रखंड के डांडू ग्राम निवासी अमानत अंसारी के बीच जमीन विवाद से संबंधित था। इस पर विस्तृत सुनवाई हुई और अगली तारीख तय की गयी। इसके अलावा अन्य दो मामलों पर भी सुनवाई हुई, जिन्हें आगामी तिथियों में निपटाया जायेगा। मौके पर सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया की अदलिया कमिटी समाज को त्वरित और अनौपचारिक न्याय उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि विवादों का समाधान आपसी सहमति से हो, ताकि लोग महंगी और लंबी कानूनी प्रक्रिया से बच सकें। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग के लिए उपयोगी है तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## करमा के अवसर पर रोहित उरांव ने मांदर का किया वितरण

**सांस्कृतिक धरोहर ही हमारी पहचान : रोहित उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विधायक कार्यालय बरवाटोली में समाजसेवी सह कांग्रेस नेता रोहित उरांव ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में करमा पर्व के अवसर पर पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर का वितरण किया। इस अवसर पर रोहित उरांव ने कहा 'आदिवासी सांस्कृतिक धरोहर ही हमारी पहचान है, इसे संजोए रखना बेहद जरूरी है। हम आदिवासी अपनी संस्कृति, भाषा, पूजा-पद्धति और वेशभूषा से पहचाने जाते हैं। माँदर वाद्ययंत्र हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक पहचान का प्रतीक है, जिसका उपयोग पर्व-त्योहार, शादी-विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि हर वर्ष यह प्रयास रहता है कि लोहरदगा की जनता को पर्व-त्योहारों में माँदर व नगाड़े उपलब्ध कराये जाये, ताकि उत्सव में कोई कमी न रह जाये। कई ग्रामीण आर्थिक तंगी के कारण वाद्ययंत्र नहीं खरीद पाते हैं, इसलिए सामाजिक जरूरतों को पूरा करना भी उनकी प्राथमिकता है। ₹बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपराओं को संजोना ही सभ्य और खुशहाल समाज निर्माण की दिशा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, राजू उरांव, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, सुकेंद्र उरांव, हरिदास उराँव, सुकरा उरांव, राजू बखला, काले उरांव, मनराज उरांव, सोहराई उराँव, मनोज उराँव, आशीष उराँव, नारायण उरांव, मुन्नी उरांव, महादेव उरांव, पियर उरांव, सबिता उरांव, मनोज पन्ना, बुद्धिमान उरांव, मुनिया देवी, संदीप पाहन, नकुल उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्गा मंडल रोल महुआमिलान स्टेशन समिति की बैठक, अध्यक्ष बने प्रतुल

**लाल किला प्रारूप में भव्य दुर्गा पूजा पंडाल बनाने का लिया गया निर्णय**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्ति जागरण आयोजित करने पर भी बनी सहमति**

आजाद सिपाही संवाददाता



### लाल किला थीम पर होगा भव्य पंडाल का निर्माण

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण लाल किला प्रारूप पर किया जायेगा, पंडाल को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष शिल्पकार बुलाये जायेंगे। इसके अलावे संस्कृति कार्यक्रम और भक्ति जागरण का आयोजन करने पर सहमति बनी। विजयादशमी के अवसर पर लगने वाला जतरा मेला को और भी भव्य बनाने का निर्णय लिया गया।

**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य और धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। दुर्गा पूजा के निमित रविवार को दुर्गा मंडल रोल महुआमिलान स्टेशन समिति की बैठक दुर्गा मंडप प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने की, जबकि संचालन आशीष कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन दीपक निषाद ने किया। बैठक मौजूद धर्म प्रेमियों ने दुर्गा पूजा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गये।

**नयी कमिटी का गठन, अध्यक्ष बने प्रतुल शाहदेव :** दुर्गा पूजा के संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव, कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश साव, हरिवंश प्रजापति, गंदरु भगत, जगेश्वर भगत, सत्यपाल सिंह, कोलेश्वर यादव, रोहित शाहदेव, शिवचरण उरांव, बलकु मुंडा, राजेश यादव, प्रधान महासचिव आशीष सिंह को बनाया गया है।

## श्री राधा अष्टमी के अवसर पर सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर लोहरदगा में पूजा-अर्चना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्री राधा अष्टमी के पावन अवसर पर सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर सह विश्वकर्मा मंदिर, पुराना शुक्र बाजार स्थित अजय उद्यान परिसर में रविवार को भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे से पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की शुरूआत हुई। इस अवसर पर यजमान के रूप में विमला देवी पति हरे कृष्णा कांदु, राखी देवी पति अविनाश कांदु, अंकित कांदु, समर, इशा, सुदामा, विक्रम एवं हेमंती देवी उपस्थित रहीं। पूजा के उपरांत आरती और प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से राजा बंगला और सलगी की महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि 7 बजे महाआरती सम्पन्न हुई। पूरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति, सचिव कुलदीप कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोहर गुप्ता सहित संरक्षक विनोद प्रसाद, रामलखन प्रसाद, नवल अग्रवाल, प्रमोद प्रजापति, मनमोहन शर्मा, इंद्र प्रजापति, राजेश गुप्ता, प्रदीप प्रजापति, सेतुबांध शर्मा, महेश शर्मा, नरेश शर्मा, रामबालक शर्मा, दुर्गा प्रजापति, विनय शर्मा, नंदलाल शर्मा, ब्रजेश प्रसाद, राजकुमार साहू, शैलेश कुशवाहा, अजीत अग्रवाल, चंद्रशेखर प्रसाद (अधिवक्ता), अजय प्रसाद तथा अनेक भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नयी शिक्षा नीति के अनुरूप हो पढ़ाई : ओमप्रकाश



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में मासांत बैठक के आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में गुमला विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिन्हा के अलावे प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू संस्थापक सदस्य रामलाल महतो मौजूद रहे। वही विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिन्हा ने आचार्य आचायाओं को निर्देश देते हुए कहा कि नयी शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण पद्धति हो तथा शिशु वाटिका का संचालन सुंदर एवं प्रभावकारी तरीके से हो। शिशु वाटिका के 12 शैक्षणिक व्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि इसे क्रमशः लागू करने पर पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल बन सकेगा। जिस निमित प्रांतीय योजना अनुसार सभी आचार्य आचार्या प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लें। जिसे विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन करने की बात कही गयी। सभी आचार्य-आर्चायाओं से परिचयात्मक चर्चा करते हुए सभी को स्वाध्ययन करने की सलाह दिया गया और आगामी योजना पर चर्चा करते हुए भैया बहनों का नामांकन वृद्धि करने का निर्दर्श देते हुए कहा कि विद्यालय को क्षेत्र का आदर्श विद्यालय स्थापित करने आचार्यों की भूमिका प्रमुख मानी जाती है। शांति मंत्र के साथ बैठक सम्पन्न की गयी। मौके पर प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी, आचार्य आनन्द पाण्डेय, जयप्रकाश सिंह, सुधीर उरांव, आचार्या प्रतिभा देवी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, मीना देवी, संजना कुमारी समेत सभी आचार्य उपस्थित थे।

## भूमि संरक्षण के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार के खिलाफ याचिका

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भूमि संरक्षण विभाग के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार राम पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। पानी पंचायतों के करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित रहने, योजनाओं की स्वीकृति में देरी और लाभुकों से घूस वसूली के मामलों को लेकर माननीय उच्च न्यायालय रांची में रिट याचिका (संख्या डब्ल्यूपीसी/ 8993/2025, रजिस्ट्रेशन 4771/ 2025) दायर की गयी है। कयूम अंसारी ने कहा कि पूर्व पदाधिकारी ने कार्यालय को बिचौलियों का अड्डा बना दिया था। तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक और डीप बोरिंग जैसी योजनाओं में बिना घूस स्वीकृति नहीं दी गयी। कई लाभुकों की लिखित शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में स्टेट ऑफ झारखंड, डिप्टी कमिश्नर लोहरदगा, संजय कुमार राम और कनीय अभियंता को पार्टी बनाया गया है।

## जय श्रीराम समिति की बैठक में विवाद सुलझा संगठन हित में दोनों पक्षों ने मिलाया हाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सनातन धर्म की एकता और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए रविवार को जय श्रीराम समिति की महत्वपूर्ण बैठक समिति के संरक्षक परमेश्वर साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति की कोर कमेटी, संरक्षक, गणमान्य नागरिकों सहित जिला, प्रखंड, पंचायत और नगर स्तरीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा समिति में उत्पन्न विवाद का समाधान था। दोनों पक्षों को आमंत्रित कर चर्चा की गई और शांति व आपसी विश्वास कायम रखने की पहल की गई। अंततः संगठन, समाज और धर्म हित को सर्वोपरि मानते हुए सभी ने मिलकर एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में घोषणा की गयी कि समिति पहले की तरह यथावत संचालित होगी और सभी कार्यकर्ता मिल-जुलकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती और समाज की एकता संगठन की प्राथमिकता है। विवाद और मतभेद संगठन को कमजोर करते हैं, इसलिए आपसी समझ और समन्वय से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। निर्णय के बाद समिति के कार्यकताओं और सनातन समाज में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। बैठक में परमेश्वर साहू, सुषमा सिंह, अजय सोनी, शैलेश कुमार, अनूप गुप्ता, ओम महतो, उदय सिंह, अजीत सिंह, रमेश साहू, विनोद राय, रोहित साहू, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, रमेश राय, हेमंत वर्मा कपिल मिश्रा,अनुज महतो, बजरंग साहू, महावीर साहू, मनोज साहू, अंगद महतो रामकुमार साहू, जीवन मेहता, विनोद प्रसाद, संजय नायक, जागेश्वर साहू,सत्यजीत सिंह महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, पूर्णिमा वर्मा समेत नगर पंचायत के पदाधिकारी और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## विद्यालय प्रमाणीकरण में पीएम राष्ट्रीय उच्च विद्यालय जिंगी को मिला गोल्ड मेडल



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अवस्थित पीएमश्री रा उ विद्यालय जिंगी को राज्य स्तर पर हुए विद्यालय प्रमाणीकरण में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में यह कुडू प्रखंड सहित पूरे लोहरदगा जिला के लिए गर्व का विषय है। ज्ञात हो कि विद्यालय प्रमाणीकरण के प्रथम चरण में राज्य सरकार द्वारा राज्य के समस्त सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस,प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय एवं पीएम श्री विद्यालयों का प्रमाणीकरण विगत मई एवं जुलाई माह में कराया गया था। इस चरण में पूरे राज्य से कुल 49 विद्यालय को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। गोल्ड मेडल प्राप्त करनेवालों में लोहरदगा जिला से पीएमश्री रा उ विद्यालय जिंगी एवं पीएम श्री रा० मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा के नाम शामिल हैं। पीएम श्री रा उ उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों, प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, माता समिति,रसोइया,संयोजिका, आइसीटी इंस्ट्रक्टर सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों, मैजिक बस संस्था के सहयोगियों और सीआरपी को बधाई दी है।

## लोहरदगा में लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से नगर के विभिन्न बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद कार्यक्रम ह्लमन की बातह्व के 125वें एपिसोड को बड़े उत्साह के साथ सुना गया। बूथ संख्या 286 पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। सचिन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए युवाओं को नयी ऊर्जा और दिशा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री निषात परवीन ने कहा कि मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता से सीधा जुड़ाव का अद्भुत माध्यम है। मोदी जी ने परीक्षा पर चर्चा और बेटियों को खेलों में प्रोत्साहित कर देश की सोच को नयी दिशा दी है। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए खेलों में भाग लेना हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन जब वे हिम्मत के साथ मैदान में उतरती हैं तो न सिर्फ अपने सपनों को बल्कि पूरे समाज की मानसिकता को भी बदलती हैं। इस अवसर पर इश्तियाक अहमद, सत्यम कुमार, अशोक कसकर, मधु, रश्मि कुमारी, मोनी कुमारी, निखत आर, जेब तबस्सुम, ऋषिका, श्वेता बैक, अर्चना कुमारी, खुशबू कुमारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करमा आदिवासी संस्कृति का प्रतीक : अभिनव सिद्धार्थ भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कैरो जेठ जतरा टाड में गुरुवार को करमा पूर्व संध्या आयोजन समिति के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जतरा टाड स्थित निर्माधीन शक्ति खुटा के समीप पहान, पुजार और महतो के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना किया गया। जहां पर प्रखंड क्षेत्र से आये खोड़ाहा दल ने पूजा अर्चना किया तथा बारी-बारी से अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया। करमा पूर्व संध्या पर पहुंचे अतिथियों का स्वागत आयोजन समितियों के द्वारा बैच पहना कर और पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया। मौके पर कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय युवा सचिव एवं उड़ीसा प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा कि आदिवासी प्राकृतिक के पुजारी होते हैं। करमा पर्व के अवसर पर बहने अपने भाईयों की लंबी उम्र और अच्छी फसल के लिए व्रत रख पूजा अर्चना करती है। झारखंड राज्य का कर्मा आदिवादियों का दूसरा सबसे बड़ा पर्व है। करमा पर्व ढोल व मांदर के थाप पर झूमते गाते हैं। यह पर्व भी आदिवासी संस्कृति का प्रतीक है। आदिवासी समाज मे करमा पूजा एक लोकप्रिय उत्सव है। इस अवसर पर करमा नृत्य भी किया जाता है। साथ ही साथ वक्ताओं ने पर्व के इतिहास, कर्मा और धर्मा भाइयों की कहानी व भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर बेक ने कहा आदिवासी सभ्यता, सांस्कृतिक और रीति रिवाज के बारे में बतलाया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के 30 खोड़ाहा दल सामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी डॉ राकेश कुमार, उप मुखिया रवि प्रजापति, प्रवीण साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोर भगत, सचिव जयकेश्वर भगत, कोषाध्यक्ष जगबंधन भगत, मुख्य संरक्षक बुधवा उरांव, तिला उरांव, कृष्णा उरांव, संतोष उरांव, शुशील उरांव, बीरेंद्र पहान,मनोज उरांव, देवा उरांव, धनपत उरांव, बाबूलाल उरांव,संजय उरांव,प्रेम उरांव, अगनु उरांव,राम उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** न्यायालय के आदेश पर लम्बे समय से फरार अभियुक्त के घर पर गुमला जिला के घाघरा थाना पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा निवासी देवठान यादव का पुत्र राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर लम्बे समय से फरार है। जिसे घाघरा थाना में राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर के विरुद्ध विभिन्न धराओं के साथ कांड संख्या 36/19 दर्ज है। जिसके आलोक में राजेश यादव को अपर व सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायालय गुमला में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। परन्तु राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर न्यायालय में उपस्थित नही हुआ। जिस कारण न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया। जिसे घाघरा थाना के अवर पुलिस निरीक्षक द्वारा सेन्हा पुलिस के सहयोग से राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर के घर इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। मौके पर घाघरा थाना के एएसआई मृत्युंजय मिश्रा, सचित कुमार तथा चौकीदार दुर्गा महली उपस्थित थे।

## देवघर में बीएड छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



**देवघर (आजाद सिपाही)।** बीएड की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान अल्पना सोरेन के रूप में हुई है। वह जामताड़ा की रहने वाली थी और देवघर में रहकर बीएड की पढ़ाई कर रही थी। वह कॉलेज के पास ही किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। मृतका की रूममेट कल्याणी ने बताया कि अल्पना नहाने के लिए बाथरूम गई थी। अचानक बाथरूम से कराहने और पानी गिरने की आवाज सुनाई दी। उसने बाहर से अल्पना को आवाज दी, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। संदेह होने पर दरवाजा तोड़ा गया तो अल्पना को अचेत अवस्था में पाया गया। तुरंत उसे देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत की वजह क्या रही। पुलिस को कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## देवघर में विश्वप्रसिद्ध जादूगर सिकंदर का शो शुरू



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर वासियों के लिए मनोरंजन और रोमांच से भरपूर जादू का सिलसिला शुरू हो गया है। रविवार को बिलासी टाउन स्थित शंकर टॉकीज में विश्वप्रसिद्ध जादूगर सिकंदर के जादू शो का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने किया। इस दौरान जादूगर सिकंदर ने डॉ खवाड़े को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, डॉ खवाड़े ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और मोबाइल के युग में लोगों को जादू के माध्यम से मनोरंजन उपलब्ध कराना काबिल-ए-तारीफ है। देवघरवासियों से आग्रह है कि वे परिवार के साथ इस शो का आनंद लें। देवघर में यह शो 15 दिनों तक चलेगा, जिसमें रोजाना शाम 4 बजे और 7 बजे दो घंटे का प्रदर्शन होगा। वहीं रविवार को तीन शो होंगे, जो दोपहर एक बजे से शुरू होकर शाम सात बजे तक चलेंगे। इस मौके पर जिला खेल प्राधिकरण सचिव आशीष झा, नवीन शर्मा, कृष्ण कुमार वर्णवाल, प्रकाश भारद्वाज, दीपक दुबे, मनोज पांडे, टिंकु खवाड़े सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे। सभी ने सिकंदर के जादूई कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

## हुसैनाबाद में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के खराड़ पर संविधान के निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर यादव एवं रविदास परिवारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है। जिसे खत्म करने उद्देश्य से खराड पर गांव के समीप ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर सभी के हैं। सभी को मिलजुल कर उनकी प्रतिमा स्थापित करने में सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने यादव एवं रविदास परिवारों से कहा कि डॉ अंबेडकर जात-धर्म-समुदाय-संप्रदाय से ऊपर सभी के हितैषी थे। उनकी प्रतिमा की स्थापना पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दोनों समाज के लोगों से आपसी सहमति बना कर डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की अपील की। इस मौके पर भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, अजित सिंह, राजद नेता मदन पासवान, मनदीप राम, रंजित पासवान, विमलेश पासवान, अजय सिंह, बसपा नेता अजय भारती, अभिषेक शर्मा, कुंदन पासवान, राजेंद्र यादव और लखन यादव आदि उपस्थित थे।

## बिजली की चोरी मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 77 हजार लगा जुर्माना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने छापामारी कर पांच लोगों को बिजली चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा है। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। लगे हाथ सभी को 77 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी के रोकथाम के लिए छापामारी दल का गठन राम प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। जिसमें खुद राम प्रसाद सहायक विद्युत अभियंता, दशरथ कुमार, अशोक मेहता, राज कुमार यादव, संजीत कुमार शामिल थे। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापामारी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलाया गया। इसमें बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर बतौर जुर्माना ललन शर्मा 10 हजार, राकेश कुमार पटेल 30 हजार रुपए, मोहमद अफरोज 10 हजार, राजू कुमार गुप्ता 15 हजार, मनोज कुमार त्रिवेदी 12000 रुपये लगाया गया है।

## पथरा गांव में शराब दुकान खोलने का विरोध

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पथरा पंचायत स्थित ग्राम पथरा में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध किया है। ग्रामसभा की अध्यक्षता करते हुए विजय पासवान ने कहा कि गांव पूरी तरह से नशा मुक्त है। यहां शराब दुकान खोलना समाज के लिए घातक साबित होगा। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर पड़ेगा। नशे की लत से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ेगा और गांव की शांति एवं स्वच्छता प्रभावित होगी। ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि गांव में शराब दुकान किसी भी हाल में नहीं खुलने दी जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2020 में ही गांव के लोगों ने शराब का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया था। वे शराब मुक्त गांव चाहते हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग की कि पथरा पंचायत को 'नशामुक्त गांव' के रूप में अधिसूचित किया जाए और शराब दुकान की अनुमति किसी भी हालत में न दी जाए। ग्रामसभा में आलोक कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान मुखिया नरेश और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम पथरा में शराब दुकान नहीं खोलने की मांग संबंधित एक पत्र भी भेजा है।

### शहर के पांच चिकित्सालयों का हुई जांच

# रागिनी अस्पताल सील

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** डीसी समीरा एस के निर्देश पर रविवार को हरिहरगंज शहर के पांच चिकित्सालयों की जांच बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने की। इस दौरान चिकित्सालय प्रतिष्ठान प्रमाण पत्र के बिना ही संचालित होने के कारण रागिनी अस्पताल को सील कर दिया गया। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि जांच के दौरान कुछ चिकित्सालयों में निर्धारित मानकों से लगे विभिन्न



रागिनी अस्पताल की जांच करते बीडीओ और सीओ ।

बोर्ड और चिन्हों को हटाया गया। कुछ चिकित्सालय बंद होने के कारण जांच नहीं हो सकी, जिनकी जांच जल्द की जाएगी।

## सांसद वीडी राम ने केंद्रीय कृषि मंत्री को लिखा पत्र
## पलामू-गढ़वा में यूरिया संकट दूर करने की अपील

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय ग्रामीण एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर झारखंड सहित पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिलों में यूरिया खाद की भारी कमी के चलते किसानों को हो रही कठिनाइयों को अवगत कराते हुए उसे दूर करने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि पलामू और गढ़वा जिला उनके चुनाव क्षेत्र में आते हैं, जहां यूरिया खाद की भारी किल्लत है। किसानों को खरीफ एवं रबी फसल के लिए आवश्यक खाद समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे कृषि उपज एवं आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं। इस क्षेत्र के किसान पहले से ही सूखा एवं सिंचाई संसाधनों की



कमी जैसी समस्याओं से जूझते रहते है। इस वर्ष बारिश अच्छी होने के कारण खेतों में धान की बुआई अच्छी हुई है। पर उन्हें स्थानीय स्तर पर समय से यूरिया खाद की प्रर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण जमाखोरी एवं कालाबजारी चरम पर है, जिससे किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विदित है कि पलामू जिला में 9800 एमटी यूरिया की आवश्यकता है उसके एवज में मात्र 7129.70 एमटी एवं गढ़वा जिला में 7000 एमटी यूरिया की आवश्यकता के के बावजूद मात्र 6021.48 एमटी ही खाद्य आवंटन प्राप्त हुआ है। वर्तमान में पलामू जिला को 2670 एमटी एवं गढ़वा जिला को 978.515 एमटी यूरिया खाद की अविलंब अवश्यकता है। समाचार पत्रों में यह खबर प्रकाशित हुई है कि झारखंड को 1.59 लाख एमटी यूरिया का आवंटन था, पर उन्हें 1.13 लाख एमटी ही मिला है। सांसद ने कहा कि झारखण्ड सहित पलामू संसदीय क्षेत्र में अवश्यकता के अनुसार अविलंब यूरिया खाद उपलब्ध कराने संबंधी आवश्यक कार्यवाई किया जाय।

## डीडीसी ने किया शंकरी ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी पीयूष सिन्हा ने रविवार को देवघर प्रखंड के शंकरी ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम झूमरबाद एवं पदनबेहरा में विभिन्न योजनाओं का एरिया ऑफिसर ऐप की मदद से निरीक्षण किया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजनाओं, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजना, दीदी बाड़ी योजना, अबुआ आवास योजनाओं आदि का भी निरीक्षण किया और आवास योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं में पाई गई त्रुटियों का निराकरण करने को कहा। डीडीसी ने मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में युक्तधारा और जीओ फेंसिंग जैसी नवीन तकनीकी व्यवस्था को अनिवार्य रूप से अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा में लागू नयी भुगतान प्रणाली एसएनए स्पर्श के तहत भुगतान की प्रक्रिया में देवघर प्रखंड की धीमी प्रगति पर नाराजगी भी जताई और भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा, ताकि लाभुकों को लाभ मिल सके।

## स्वास्थ्य विभाग दिखाता तत्परता, तो बच सकती थी पूनम देवी की जान



**पांकी/पलामू (अमलेश ठाकुर आजाद सिपाही)।** पांकी थाना रोड सोमी सेवा सदन में ऑपरेशन के बाद पूनम देवी नामक महिला मरीज की मौत हो गयी। इससे आक्रोषित परिजनों ने पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ को जाम कर दिया। इससे करीब तीन-चार किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने तत्काल जाम स्थल पर पंहुचकर मृतक के परिजनों से मिला और परिजनों को उचित न्याय का भरोसा दिलाकर जाम को हटवाया। इधर, सोमी सेवा सदन के संचालक सह डॉ एचएन झा फरार बताये जा रहे हैं। गौरतलब है कि पांकी में दर्जनों अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। जिससे मौत की घटनाएं आम हो गई है। इसे लेकर विधायक ने अवैध नर्सिंग होम का मामला बीते दिनों विधानसभा सत्र में उठाया था। अगर स्वास्थ्य विभाग तत्परता दिखाती तो पूनम देवी की जान बच सकती थी। वहीं, सिविल डॉ सर्जन अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर चिकत्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद, बीडीओ सह सीओ ललित प्रसाद सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, अंचल निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने सोमी सेवा सदन, झारखण्ड नर्सिंग होम, कादरी नर्सिंग होम को सील कर दिया है।

### 27-28 सितंबर को डांडिया नाइट में लगेगा बॉलीवुड सितारों का मेला

# आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व का मनवा रही हैं लोहा: अरुणा शंकर

- इस साल पलामू चेंबर की महिला शाखा की तैयारी शानदार : प्रियंका सिंघानिया
- अतिथि सितारों की घोषणा सात को : टीना आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला शाखा ने अपने दूसरे स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य 'गेट-टूगेदर' कार्यक्रम आयोजित किया है। इस वार्षिक उत्सव की थीम 'बॉलीवुड ग्लैमर' रखा गया है, जिसमें सभी सदस्यों ने प्रसिद्ध बॉलीवुड पात्रों का रूप धारण कर पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में



प्रथम महापौर अरुणा शंकर शामिल हुईं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व का परिचय दे रही है। पलामू चेंबर की महिला शाख जिस प्रकार से सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। वह न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। कामना करती हूं कि यह शाखा आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छुए। वहीं, कार्यक्रम को महिला शाखा की सक्रिय सदस्याओं में गुंजन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, संध्या जायसवाल, अलका सिंघानिया, कोमल सराफ, आरती आनंद, गुरमीत कौर, खुशबू, संजू अग्रवाल, रीता अग्रवाल, पूजा भिवानिया, प्रियंका सिंघानिया, प्रीति राज गुप्ता, नूपुर, रूबी अग्रवाल, मोनिका गोस्वामी, नूपुर जायसवाल, शिवानी आनंद और शालिनी श्रीवास्तव आदि ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान महिला शाखा की ओर से विगत वर्ष आयोजित की गई गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। विशेष रूप से इस वर्ष 27-28 सितंबर को आयोजित होने जा रहे डांडिया नाइट की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सात सितंबर तक डांडिया कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों की घोषणा की जाएगी।

## कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और उनकी मां का नहीं पूरे देश का अपमान किया है: नारायण दास

### कहा- कांग्रेसियों को अविलंब देश से मांफी मांगनी चाहिए

**देवघर (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से रविवार को निकाली गयी आक्रोश रैली शिवलोक से शुरू होकर वीआईपी चौक तक गई। इसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पूर्व विधायक नारायण दास ने रैली का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कहा कि कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी-गाली गलौज कर पूरे देश का अपमान है। कांग्रेस और उसके कार्यकर्ताओं को तुरंत इसके लिए पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो जनता आने वाले समय में



कांग्रेस को किसी भी हाल में नहीं बख्सेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। ऐसे में उनकी माता के बारे में असम्मानजनक टिप्पणी करना भारतीय संस्कृति और सभ्यता पर भी हमला है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि यदि कांग्रेस ने माफी नहीं मांगी तो आने वाले दिनों में और भी बड़े आंदोलन किये जाएंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन सिर्फ देवघर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश स्वरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंग

## देवघर जिले में झामुमो महिला मोर्चा का विस्तार, 51 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महिला मोर्चा का जिला विस्तारीकरण कार्यक्रम रविवार को देवघर के एक निजी होटल में संपन्न हुआ। इसमें जिले भर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान 51 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही, जिले के सभी प्रखंडों से 6-6 डेलीगेट्स का चयन किया गया, जो आगे पंचायत स्तर तक संगठन को विस्तार देंगे। महिला जिला अध्यक्ष नीलम देवी ने कहा कि झामुमो महिला मोर्चा का मकसद हर घर-घर तक पहुंचकर महिलाओं को संगठित करना है। हमें गर्व है कि देवघर की महिलाएं अब न सिर्फ सामाजिक रूप से,



बल्कि राजनीतिक रूप से भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। विधायक कल्पना सोरेन के कार्य और उनकी सादगीपूर्ण नेतृत्व शैली से प्रेरित होकर महिलाएं बड़ी संख्या में संगठन से जुड़ रही हैं। नीलम ने कहा कि आने वाले दिनों में महिला मोर्चा पंचायत स्तर पर अपनी पकड़ और मजबूत करेगा, जिससे महिलाओं की आवाज सीधे समाज और सत्ता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन से जुड़ने वाली महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण और नेतृत्व के अवसर दिये जाएंगे, ताकि वे भविष्य में गांव, प्रखंड और जिला स्तर पर अपनी सशक्त भूमिका निभा सकें।

## रेहला खुर्द दुर्गा पूजा समिति का गठन, शशि शेखर बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला खुर्द देवी धाम स्थित मां अष्टभुजी मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें देवी धाम दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से शशि शेखर दीक्षित उर्फ मुन्ना दीक्षित को अध्यक्ष चुना गया। वहीं. टुनटुन दीक्षित को सचिव और सत्यनारायण तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि संरक्षक मंडली में बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला, संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, दीपक दीक्षित, रितेश दीक्षित, बबन पाठक, रामचंद्र साव, पूर्व सैनिक बनारसी दीक्षित, प्रमोद पासवान एवं प्रियब्रत सिंह को शामिल किया गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन हुआ है।

## देवघर प्रखंड कांग्रेस की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस की ओर से संगठन सृजन के तहत मानिकपुर में पश्चिमी भाग मंडल क्षेत्र की रविवार को बैठक हुई। जिसमें नवगठित ग्राम पंचायत कांग्रेस के अध्यक्ष और पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र के साथ पार्टी का झंडा प्रदान किया गया। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने बैठक में भाग लेते हुए संगठन सृजन के तहत ग्रास रुट पर संगठन को ले जाने के लिए प्रखंड कांग्रेस की सराहना की। कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के निति सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के साथ हर कार्यक्रम को सफल बनाया जा रहा है। वहीं, जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि संगठन सृजन ग्राम पंचायत कांग्रेस 15 सितंबर तक शत प्रतिशत पूरा करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान करन है। बताया कि पार्टी के निर्देश पर नियुक्ति पत्र के साथ झंडा सौंपा गया है। सभी पंचायत कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर झंडा लगाने के साथ अपने कमेटी के साथ हर माह बैठक करेंगी। राष्ट्रीय कांग्रेस एवं पीसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक सितंबर माह में सभी प्रखंड के पंचायतों में संगठन सृजन कार्य का मूल्यांकन करेंगे। वे सभी प्रखंड के पंचायतों में संगठन सृजन कार्य को देखेंगे और इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे। वहीं, बैठक में जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, दिलीप कुमार यादव, पिंटू कुमार यादव, विजय राय, मंडल अध्यक्ष लखेश्वर पंडित, लालू भोक्ता, पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, नवल किशोर यादव, शंभू पाठक, सिद्धार्थ कुमार यादव, लक्ष्मण यादव, प्रदीप ठाकुर और गोपाल मंडल आदि उपस्थित रहे।

## दुकानों में बेचे जा रहे गर्भवती और धात्री महिलाओं के पौष्टिक आहार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत अंतर्गत शकलदीपा गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां आंगनबाड़ी केंद्रों से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दिये जाने वाले पौष्टिक आहार रेडिड इट के पैकेट एक जनरल दुकान में बेची जा रही थी। इस मामले का खुलासा ग्रामीणों द्वारा बनाए गए एक वीडियो क्लिप से हुआ है। रविवार को जब ग्रामीणों ने तेनुडीह गांव के किसान जुगेशर यादव को विनोद साव के जनरल दुकान से रेडिड इट की पैकेट खरीदते देखा, तो उन्होंने पूछताछ की। किसान ने बताया कि वह यह पैकेट अपनी भैंस को खिलाने के लिए खरीद रहे हैं, क्योंकि इससे भैंस अधिक दूध देती है। यह सुनकर ग्रामीण हैरान रह गए और मामले की गहराई तक जाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने दुकान पर पहुंचकर वीडियो क्लिप बनाते हुए दुकानदार से रेडिड इट की पैकेट की कीमत के बारे में पूछा। दुकानदार ने बताया कि वह इन पैकेटों को 20 रुपए में खरीदते हैं और 25 रुपए में बेचते हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया और इसकी सूचना अपने मुखिया को दी। शकलदीपा गांव के ग्रामीण आलोक सिंह, अभिषेक सिंह, भोला सिंह, करीमन सिंह, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल राम, किशून शर्मा सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुई पंचायत के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवा पूरी तरह से बंद रहती है और गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को दी जाने वाली पौष्टिक आहार को बेचा जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह घटना सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है। इस संबंध में सीडीपीओ सह बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने मामले की जांच की बात की है। कहा है कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर मुखिया उषा देवी ने प्रशासन से जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## बारडीह पारिश में संत मोनिका का पर्व मना

जारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बारडीह पारिश में रविवार को संत मोनिका का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अधिष्ठाता फादर ललित जोन एक्का रहे सहयोगी के रूप फादर अजित केरकेट्टा ने निभायी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान के बाद फादर ललित जोन एक्का ने माताओं को संदेश देते हुए संत मोनिका के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत मोनिका माताओं के लिए एक आदर्श संत मानी जाती हैं, जिन्होंने अपने धैर्य, त्याग और प्रार्थना से परिवार व समाज को प्रेरणा दी। प्रार्थना सभा के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियां आयोजित की गयी। बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। पूरे दिन पारिश परिसर भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा।

## युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष बने मिथुन ओहदार



कामडारा (आजाद सिपाही)। युवा शक्ति संगठन सालेगुटू पंचायत का गठन किया गया। अध्यक्ष बने मिथुन ओहदार। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव चंदाटोली बाजार टांड़ में रविवार को ग्रामीण मिथुन ओहदार के नेतृत्व पर सालेगुटू पंचायत के युवाओं के द्वारा समाजिक कार्यो मे सामूहिक रुप योगदान देने हेतु युवा शक्ति संगठन सालेगुटू पंचायत का गठन किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिये मिथुन ओहदार, उपाध्यक्ष अरविंद नाग, सचिव अभिषेक साहु,उपसचिव जतन साहु, कोषाध्यक्ष प्रदीप ओहदार(तुषार), उपकोषाध्यक्ष मनोज चिक बड़ाइक को चुना। वहीं प्रवक्ता के रुप में जतन साहु और मीडिया प्रभारी अशोक ओहदार और उप मीडिया प्रभारी अरविंद नाग को बनाया गया। इस दौरान निर्मल कुमार, अभिषेक साहु, आजाद साहु, रुपेश कुमार साहु, मनीष साहु, राधे ओहदार, शिवकुमार साहु,राजेश लोहरा, दीपक साहु,पंकज साहु, देसराज साहु, गोवर्धन साहु, पवन साहु, राजू नाग सहित अन्य स्थानीय युवक मौजूद थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र को प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला




बसिया (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर बसिया प्रखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्र रोहित उरांव ने जिला स्तर (गुमला जिला) की प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 'जो रांची में आयोजित थी' में गुमला जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 में 50 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतिभावान छात्र रोहित उरांव को झारखंड सरकार के खेल सचिव मनोज कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। छात्र रोहित उरांव की इस बड़ी सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। सभी शिक्षकों के साथ-साथ प्राचार्य संजय कुमार सिंह, निरीक्षक अखिलेश कुमार और ओमप्रकाश सिन्हा तथा विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने रोहित उरांव को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## पालकोट अंजुमन सदर का निधन



पालकोट (आजाद सिपाही)। अंजुमन कमेटी के सदर सगीर मियां का रविवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक गतिविधियों में उनकी अहम भूमिका रही थी। सगीर मियां लंबे समय से अंजुमन कमेटी से जुड़े हुए थे और हमेशा समाज के उत्थान के लिए सक्रिय रहे। उनके नेतृत्व में कई सामाजिक कार्य हुए, जिन्हें लोग आज भी याद करते हैं। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम संस्कार में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने कहा कि सगीर मियां का जाना क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक घाघरा प्रखंड के सलगी लशटांड़ में जिलाध्यक्ष सनिया उरांव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गांव के जमीन के सवाल पर विचार विमर्श किया। साथ ही इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया गया कि जब कोई थानेदार अथवा अंचलाधिकारी का तबादला हो जाता है और उनके स्थान पर अन्य पदाधिकारी का पदस्थापन होता है। जमीन के पुराने जमींदार गांव में स्थित अपनी बेची गई जमीन को अपना बताकर भूमि के जोतकार किसानों को परेशान कराते हैं। गांव की लगभग सौ एकड़ जमीन पर सैकड़ों सालों से खेतिहर किसान खेती करते चले आ रहे हैं। खेतिहर किसानों की लड़ाई अगर है तो वह वन विभाग के साथ है। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि गांव की जमीन के मामले में पुलिसिया अनावश्यक हस्तक्षेप किसी तीसरे पक्ष के हित में सहन नहीं किया जायगा। किसानों के मान सम्मान के खिलाफ डराने धमकाने की कोशिश की गई तो महासभा के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जाएगा। खेतिहर किसानों को थाना बुलाया जाना गलत है। वन विभाग न्यायालय में फरियाद करता है तो हम न्यायपालिका के फैसले का सम्मान करेंगे। लेकिन बेवजह डराने धमकाने की कोशिश का विरोध किया जायेगा। बैठक में सुरेश प्रसाद यादव, जीतन गोप, बुधवा उरांव, बिहारी उरांव, मंगल उरांव, सुरेश गोप, मंजूरी उरांव, पुनी दास भगत, राजदेव उरांव, विष्णु उरांव तथा सचिन उरांव सहित दर्जनों की संख्या में अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला में गणेश पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार की देर रात तक सिसई रोड स्थित छठ तालाब में मूर्तियों का विसर्जन किया गया। शहर में गणेश पूजा के बाद कई संघ के लोगों ने शुक्रवार को ही मूर्ति का विसर्जन जलाशयों में किया। जबकि शनिवार को भी कई संघो ने डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया इसके बाद जलाशयों में मूर्ति का विसर्जन कर दिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। खुद थाना प्रभारी महेंद्र करमाली टावर चौक से सिसई रोड छठ तालाब तक मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम की निगरानी कर रहे थे। शहर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु गणेश भगवान की पूजा पाठ कर रहे थे जिन्हें प्रसाद वितरण किया जा रहा था।

# पालकोट में डीजल लदा टैंकर पलटा, लूट के लिए मची होड़



आजाद सिपाही संवाददाता

पालकोट। पालकोट थाना क्षेत्र के गुमला-सिमडेगा एनएच मुख्य सड़क पर दतली डेम के समीप रविवार को एक डीजल लदा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टैंकर चालक को हल्की चोटें आयी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। टैंकर पलटने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और डीजल लूटने की होड़ मच गयी। कोई बाल्टी लेकर पहुँचा तो कोई डब्बा, और देखते ही देखते दर्जनों लोग डीजल भरने में लग गये। स्थिति अनियंत्रित होने पर सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित हो गया।

सूचना पाकर पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार मौके पर पहुंचे और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षा व्यवस्था की और मुख्य सड़क पर यातायात को बहाल कराया।

## केबल चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में सक्रिय वायर केबल चोर गिरोह तीन सदस्य पवन साहु, नवीन उरांव और पवन को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार बिशुनपुर प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से वायर केबल चोर गिरोह काफी सक्रिय थे जिसके द्वारा प्रखंड मुख्यालय के चेडा रोड स्थित एयरटेल टावर, प्रखंड कार्यालय के समीप बीएसएनल टावर, नवागढ़ सेरका में लगे एयरटेल टावर, पानी टंकी का वायर केबल चोरी कर बेच दिया गया था। जिससे लोग काफी परेशान थे चोर गिरोह के तीन सदस्य दो दिन पूर्व चिंगरी स्थिति एयरटेल टावर में केबल चोरी करने गये जहां पर वे लोग केबल काट चोरी कर रहे थे। मौके पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया

## आयोग अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान करता है : आशा लकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

रायडीह। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा रविवार को रायडीह प्रखंड के जरजट्टा गांव का दौरा किया। उन्होंने कहा आयोग अनुसूचित जनजातियो का अधिकारों का संरक्षण व सुरक्षा प्रदान करता है। डॉ आशा लकड़ा ने कहा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़कर पारंम्परिक कार्यो को अपनाने और अपने अपने हुनर के साथ स्वरोजगार करने पर बल दिया, उन्होंने कहा जरजट्टा गांव में बनने वाला मांदर का नाम खूब है। कल्याण विभाग द्वारा मिलने वाले विभिन्न विकास योजनाओ की जानकारी देकर लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणो ने गांव के विकास, सड़क, धुमकुड़िया, मोबाइल टॉवर आदि कार्यो का आवेदन सौपा गया। मौके पर बीडीओ प्रधान हांसदाक, मुखिया मार्था एक्का, समाजिक कार्यकर्ता मिशिर कुजूर, एड सुजीत कुमार, कल्याण पदाधिकारी रामनिवास कुमार, पंचायत सचिव राकेश रौशन बादल कुमार रहमान शाह आदि महिला पुरुष मौजूद थे।

# तिलइडीह के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की, विधायक प्रतिनिधि ने दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

पालकोट। पालकोट प्रखंड के तिलईडीह गांव में लंबे समय से जर्जर हुई सड़क को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को कांग्रेस पार्टी जिला विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साहु (हिंदुस्तान), युवा नेता ऋषिकांत कुमार साहु, सामाजिक कार्यकर्ता रोशन कुमार साहु, साजिद एक्का एवं देवेंद्र लाल उरांव को आमंत्रित कर अपनी समस्याएं बतायीं। ग्रामीणों ने कहा कि कोनकेल से तिलईडीह तक सड़क का निर्माण आजादी के बाद से आज तक नहीं हुआ है। जिस रास्ते से रोजाना बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और मरीज गुजरते हैं, वहाँ सैकड़ों गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा के कारण बीमार और गंभीर मरीजों को अस्पताल तक ले जाना बड़ा संकट बन चुका है।



ग्रामीणों का कहना था कि कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में इतनी देरी हो जाती है कि उनकी जान पर बन आती है। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि सड़क की मरम्मत या निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। एक सड़क नहीं बन पायी तो यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साहु ने उपस्थित ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस मामले पर विधायक जी से बात हो चुकी है और जल्द ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक स्थायी सड़क निर्माण का काम नहीं शुरू होता, तब तक प्रखंड विकास पदाधिकारी को मोरम डालकर तत्काल मरम्मत कराने आग्रह किया जायेगा जायेगा। मौके पर माया उरांव, शांति देवी, सविन मिंज, मोनिका एक्का, संगीता एक्का, अनीता तिर्की, फूलमती उरांव, उलेश मिंज, भुवन टोप्पो, अमृत उरांव, मोहन उरांव, सुशील एक्का, सुरेश टोप्पो, प्रदीप एक्का, धर्मचंद एक्का सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो वे आगे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# हमें माता मोनिका के आदर्शों पर चलने की जरूरत : बसंती डुंगडुंग

कामडारा एवं बसिया के अनेक चर्चों में भी मनाया गया संत मोनिका दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



बसिया। प्रखंड के दलमादी चर्च में रविवार को संत मोनिका दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सह चर्च सभानेत्री बसंती डुंगडुंग द्वारा झंडोतोलन एवम दीप प्रज्वलित करने के पश्चात सभी माताओं को संबोधित करते हुए कहा की हमे माता मोनिका के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। उनका अनुकरण कर-के ही हम एक अच्छे मां बन बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते है। हमे अपने भाषा संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। एक लड़की के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है इसलिए हमे लड़कियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना चाहिए। माता मोनिका का जीवन बहुत संघर्षपूर्ण था उनका परिवार टूट चुका था लेकिन अपने जीवन मे प्रभु पर अटल विश्वास था। उन्होंने हमेशा प्रभु से प्रार्थना की जिसके फलस्वरूप उनके परिवार का स्वरूप बदल गया हमे भी ईश्वर पर भरोसा करना चाहिए। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान मुख्य अनुष्ठाता पल्ली पुरोहित फादर दीपक एक्का द्वारा संपन्न कराया गया। मिस्सा पूजा का शुभारंभ दलमादी चर्च में प्रवेश नृत्य से हुआ साथ ही पाठ भी पढ़ा गया। मिस्सा पूजा के उपरांत माता एवं बहनों को सम्मान और बधाई देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी धूमधाम से किया गया। जिसमें स्वागत गान के साथ साथ आदिवासी पारंपरिक नृत्यों तथा संत मोनिका के जीवन पर आधारित अनेक कार्यक्रम हुए। इस मौके पर लबिना किंडो मुक्तिलता डुंगडुंग, विलियम डुंगडुंग, हेलेना कुजुर, सुचिता, फिलिसिता टोप्पो,मुखिया अनिमा डुंगडुंग, हेलेना कुजुर, प्रतिमा डुंगडुंग, ग्रोरोटी धनवार, कारलुस कुजुर समेत सैकड़ो अनुयायी शामिल थे।

# एनजीटी आदेश को धता बताकर हो रहा है बालू का खनन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। 10 जून से 15 अक्टूबर तक झारखंड में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) का आदेश लागू है। सरकार का मकसद मानसून के दौरान नदियों से बालू खनन पर रोक लगाकर पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। लेकिन गुमला में यह आदेश सिर्फ फाइलों और सरकारी बैठकों तक सिमटा हुआ है। जमीनी हकीकत यह है कि जिले की हर सड़कों बालू लदे ट्रैक्टर सरपट दौड़ते हैं।

सुबह से लेकर देर रात तक पालकोट रोड, सिसई रोड, लोहरदगा रोड, जशपुर रोड और शहर की गलियों तक में धड़ल्ले से बालू ढुलाई होती है। हालत यह है कि न्यायालय परिसर में बन रहे सरकारी भवन मेंअवैध बालू धड़ाधड़ गिराया जा रहा है। रविवार को ट्रैक्टर से बालू स्टॉक करते देखा गया। चालक से पूछताछ की कोशिश की गई तो वह भाग खड़ा हुआ। रोके जाने पर उसने स्वीकार किया कि मरदा समेत कई नदियों से



### विभाग से मिलीभगत की बू

बालू माफियाओं का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे पुलिस चौकियों और पेट्रोलिंग वाहनों के सामने से ही ट्रैक्टर निकाल ले जाते हैं। उर्मी चौक पर बाकायदा पुलिस चौकी बनी है जवान तैनात हैं लेकिन उनके सामने से ही रोज ट्रैक्टर बालू लेकर गुजरते हैं। लोगों का कहना है कि जब पुलिस और खनन विभाग की जेबें गर्म रहती हैं तो रोक-टोक की उम्मीद ही बेकार है। खनन विभाग के अधिकारियों को यह सब मालूम है। लेकिन कार्रवाई करने की जगह खामोशी साध लेना खुद उनके मिलीभगत में शामिल होने का सबूत देता है। यही वजह है कि बालू कारोबारी पूरी निर्भीकता से ट्रैक्टर चलाते हैं और लाखों रुपये के राजस्व की चोरी कर रहे हैं।

रोजाना 4-5 ट्रैक्टर बालू यहां पहुंचाते हैं।

यानी एनजीटी आदेश को ठेंगा दिखाने का काम अब सिर्फ माफिया ही नहीं, बल्कि सरकारी ठेके और निर्माण कार्य भी कर रहे हैं। सवाल उठता है कि जब जिला मुख्यालय में खुलेआम यह खेल चल रहा है तो सुदूर प्रखंडों की हालत कैसी होगी।

**बालू माफियाओं की दबंगई :** शहर में आम चर्चा है कि बालू माफिया न सिर्फ पुलिस और खनन अफसरों को साधे हुए हैं बल्कि स्थानीय स्तर पर दबंगई दिखाकर हर किसी को चुप करा देते हैं। जो आवाज उठाता है उसे धमकी मिलती है। यही कारण है कि लोग सबकुछ देखकर भी चुप्पी साध लेते हैं।

**कानून व्यवस्था पर सवाल :** एनजीटी का आदेश हर साल मानसून में इसलिए लागू किया जाता है ताकि नदियों का क्षरण रुके और पर्यावरण संतुलन बना रहे। लेकिन गुमला में इस आदेश की धज्जियां उड़ना साफ दिखाता है कि प्रशासनिक मशीनरी खुद इसमें लिप्त है। सवाल यह है कि जब कानून और न्यायालय परिसर में ही नियम तोड़े जाएं तो आम जनता कानून व्यवस्था पर भरोसा कैसे करें? सरकार को लाखों का नुकसान और पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचाने वाला यह अवैध कारोबार न सिर्फ प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बल्कि पूरी कानून व्यवस्था की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

## बघिमा बड़कीटोली में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



गुमला (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला के महिला संगठन के द्वारा जिले के पालकोट प्रखंड अंतर्गत बघिमा बड़कीटोली स्थित राष्ट्रीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित निः शुल्क स्वास्थ जांच शिविर को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु एवं गुरुपद पूज्य बाबा संभव राम की पूजा अर्चना के साथ किया गया। शिविर में रांची एवं गुमला से आये चिकित्सकों हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आनंद रंजन देव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रुद्र कश्यप, जेनरल फिजीशियंस डॉ रजत कश्यप एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश यादव के द्वारा तीन सौ से उपर विभिन्न बिमारियों से पीड़ित ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया और जरुरत के मुताबिक मुफ्त में दवा भी दिया गया। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, मलेरिया एवं टाईफाइड बुखार के जांच की भी व्यवस्था थी। चिकित्सकों द्वारा कुछ मरीजों का उपरोक्त जांच कर भी आवश्यक परामर्श दिया गया। महिला संगठन की नीता हरीतिमा के द्वारा बतलाया गया कि संगठन के द्वारा सेवा भाव के साथ समय समय पर इस प्रकार का जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। भविष्य में भी हमारी ये सेवा यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने संगठन की सभी बहनों का आभार भी व्यक्त किया, जिन्होंने तन,मन,धन से सहयोग कर इस सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की। शिविर में संगठन की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित थीं।

# बसिया में धूमधाम से मनाया करम पूर्व संध्या समारोह

मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो रहे उपस्थित

पारंपरिक वेशभूषा में हजारों अनुयायी मांदर की थाप में झूमें

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड के बसिया सरना मैदान में करमा पूर्व संध्या बड़े ही धूमधाम ओर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी सरना सुरक्षा मंच के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो उपस्थित रहे। विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आदिवासी समाज की पहचान आदिकाल से भाइचारा, एकता



और प्रेम से है। करमा त्यौहार हमारी संस्कृति की पहचान है हमें अपने पूर्वजों की संस्कृति और पहचान को बचाये रखना है, त्योहार को हमें आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाना है इसके साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दिवगंत दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मंत्री रामदास सोरेन को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने समारोह में आये बसिया प्रखंड मुख्यालय समेत कामडारा पालकोट प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के लगभग 280 खोड़ा नृत्य मंडली को उपहार स्वरूप डेग भेंट मे दिया। कार्यक्रम के आयोजन में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव एवं आदिवासी सरना सुरक्षा मंच के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुकरात उरांव, अभिषेक लकड़ा, एमलेन खड़िया, जंसिता बरला, उमेश नाग, लुकमान खान, दुर्गा पहान, मंगलेश्वर उरांव, संतोष तिर्की, सोनू पांडेय, अंकित चौधरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास साहु, सतीश नायक, अलीम खान, जयंत दास, ललित उरांव सहित हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## पौधरोपण अभियान में गुमला जिला बना अव्वल



गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत इको क्लब के माध्यम से प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के स्कूली बच्चों द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गुमला जिला ने पूरे राज्य में सबसे अधिक पौधरोपण कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। जिला प्रशासन के सहयोग से स्कूलों, मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और बच्चों के घरों में अब तक एक लाख पंद्रह हजार से अधिक पौधरोपण सुनिश्चित किये गये हैं। कल तक की उपलब्धि में केवल एक दिन में 12,459 पौधे लगाकर गुमला ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभियान के अंतर्गत बच्चों को प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराए गये हैं। हरित विद्यालय, हरित गुमला के नाम से चल रही इस साप्ताहिक गतिविधि में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं वन प्रमंडल गुमला की समन्वित पहल से स्कूलों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराये जा रहे हैं। आज तक 1,20,000 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 1,15,000 पौधारोपण पूरे किए जा चुके हैं। यह उपलब्धि बच्चों के सक्रिय सहभागिता और प्रकृति संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता का प्रतीक है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अभिभावकों एवं स्कूली बच्चों से अपील की है कि इस अभियान को और मजबूत बनाते हुए हरित गुमला की परिकल्पना को साकार करें तथा प्रकृति संरक्षण की इस अनूठी मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## बिहार ले जायी जा रही अवैध शराब लदा पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत को गुप्त सूचना मिली कि आसनसोल की ओर से आ रहे पिकअप पर अवैध विदेशी शराब लदी है, जिसे बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को मोहन पेट्रोल पंप के समीप जीटी रोड पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी बीच संदिग्ध पिकअप वाहन आता देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। पर पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी खड़ी कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबोचा। उसकी पहचान प्रदुमन कुमार के रूप में हुई है। वह बिहाल के नालंदा जिला का रहने वाला है। वहीं, तलाशी के दौरान वाहन से 125 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुई। प्रत्येक कार्टून में 48 बोतल भरी थी। इस तरह कुल 6000 बोतल शराब जब्त की गई। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और आलू से भरे 10 बोरे भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त करने के साथ ही चालक को भी गिरफ्तार कर लिया।

## गोविंदपुर में एटीएम से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर के ग्रामीणों ने सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए एक युवक को एटीएम से छेड़छाड़ करते रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे गोविंदपुर पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान ऋतिक रौशन (24) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के नवादा जिले का रहने वाला है। घटना उपर बाजार स्थित एटीएम बूथ में घचित हुई, जहां आरोपी पेचकस और पिलास की मदद से मशीन से छेड़छाड़ कर रहा था। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। वहीं, थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से रकम की निकासी करता है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे जाने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया। पुलिस ने उसके पास से एक पेचकस, एक पिलास और एक एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि यह मामला संगठित अपराध से जुड़ा हो सकता है। संभावना है कि इस गिरोह के तार बिहार और झारखंड के अन्य जिलों से भी जुड़े हों। फिलहाल पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है।

## धार्मिक स्थलों को वक्फ बोर्ड से जोड़ने पर जोर




**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा बस्ती स्थित अंजुमन मस्जिद अंसार अल मुजीबी एवं मोजिबिया एजुकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार की रात वक्फ जागरूकता कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं स्टेट बार काउंसिल के सदस्य सह सुननी वक्फ बोर्ड से जुड़े अब्दुल कलाम रशीदी उपस्थित थे। इनके साथ अधिवक्ता मोहम्मद नदीम अहमद, अधिवक्ता शोहलत दाऊद, अधिवक्ता मोहम्मद फिरोज कुरैशी, अधिवक्ता हसन अख्तर और अधिवक्ता हैजुन अंसारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रशीदी ने बताया कि किस प्रकार मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, कब्रिस्तान, इमामबाड़ा, कर्बला और अन्य धार्मिक स्थलों को वक्फ बोर्ड से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी साझा करते हुए उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिये। इस दौरान मस्जिद कमेटी के सचिव वासिफ अली अंसारी, अध्यक्ष मो अहसनुल्लाह अंसारी, मदरसा कमेटी के सचिव मो मेहंदी हसन, अध्यक्ष मो इरफान अली, खजांची मो शाह हुसैन, हाजी मो कमालुद्दीन अंसारी, मो नदीम अख्तर आदि भी मौजूद रहे। साथ ही तेतुलिया, कुलटांड़, बारकी, कुम्हारडीह, सिगड़ा, महुदा बाजार, नगदा, चैतूडीह-कतरास सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी एवं मस्जिद के इमाम मो कमरुद्दीन अंसारी और हाफिज मो फैजान ज़िया भी मौजूद थे।

## कटे होठ, तालू की जांच और ऑपरेशन के लिए चयन को लेकर शिविर का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लायन्स क्लब ऑफ धनबाद की ओर से रविवार को आयोजित कटे होठ, तालू जांच एवं निःशुल्क ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन धनसार चक्रबर्ती नर्सिंग होम और जीएस मेमोरियल ट्रस्ट वाराणसी के सौजन्य से चक्रवती नर्सिंग होम में संपन्न हुआ। इसमें बच्चों के निःशुल्क जांच के लिए 300 को पंजीकृत और 50 लोगों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष लायन डॉ देवाशीष चक्रवर्ती (डायरेक्टर,चक्रवर्ती नर्सिंग होम) एवं लायंस क्लब ऑफ धनबाद के उपाध्यक्ष लायन मनोज कुमार बरनवाल ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ देवाशीष चक्रवर्ती, डॉ शिवांगी गौर, डॉ सृष्टि भारद्वाज, डॉ अभिनव राज गुप्ता और इनकी टीम पंकज, अमित, निसार, गीतांशू आदि मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि चक्रवर्ती नर्सिंग होम पिछले 20 वर्षों से लायंस क्लब ऑफ धनबाद के सहयोग से यह शिविर करते आ रही है। वहीं, उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आयी डॉ शिवांगी गौर ने बताया कि अगर कटे होंठ के बच्चे का जन्म होता है तो तुरंत इसकी जानकारी हमें दें। इस शिविर में 10 दिन के कटे होंठ वाले बच्चे को भी लाया गया। उन्होंने बताया कि अगर गर्भ में ही जानकारी मिल जाए कि बच्चे के होंठ कटे हुए हैं तो उसका इलाज और भी अच्छी तरह से संभव हो सकता है। मंच संचालन लायन अंजन ने किया। वहीं, शिविर को सफल बनाने में क्लब के सचिव लायन शेखर प्रसाद, लायन परेश ठक्कर, लायन अरुणा भगानीया, लायन अनूप अग्रवाल आदि की भूमिका सक्रिय रही।

### कोयला नगर में साइकिल रैली का आयोजन, शामिल हुए धनबाद के सांसद

# खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने का होगा निरंतर प्रयास : ढुल्लू महतो

- जिला साइकिलिंग संघ को 50 साइकिल उपलब्ध कराये जाने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



साइकिल रैली में शामिल सांसद ढुल्लू महतो।

**धनबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर धनबाद जिला साइकिलिंग संघ की ओर से कोयला नगर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह आठ बजे से शुरू हुई साइकिल रैली में राजगंज से धनंजय प्रसाद महतो, अघनु रवानी, अभिषेक कुमार महतो, लक्की कुमार महतो, मनीष कुमार महतो, रोहित कुमार रवानी, निखिल कुमार महतो, विवेक कुमार महतो, प्रियांशु कुमार महतो, पियुष कुमार महतो, चांदनी कुमारी, लखी कुमारी, मोहित कुमार महतो, राजकुमार महतो सहित बाघमारा, निरसा, झरिया, डिगवाडीह, सिंदरी, बरमसिया, आमटाल और गोविंदपुर क्षेत्र के करीब 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीसीसीएल के डीपी एमके रमैया शामिल हुए। सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि जिले में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि जिला साइकिलिंग संघ को 50 साइकिल उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान सांसद ने धनबाद जिला साइकिलिंग संघ को प्रत्येक रविवार को अधिक से अधिक लोगों को साइकिलिंग से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र ही सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरूआत आज से हो चुकी है। इस मौके पर साइकिलिंग खेल के पदाधिकारी धनंजय प्रसाद महतो, कृष्णा राम, अकलू रवानी, आलोक कुमार, बेबी कुमारी, शुभम रजक, देवाशीष कर्मकार, अभिषेक पांडे, अभिमन्यु कुमार, शुभम कुमार, रवि कुमार, पिंटू कुमार, मोनू कुमार, शिव कुमार महतो और धनबाद पब्लिक स्कूल के खेल शिक्षक शशिकांत पांडे को सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मिल्टन पार्थ सारथी, भोला साव, प्रदीप साव, विजय हांसदा, राजेश साव, शशि सिंह, आला पाल, संजय मुखर्जी, रामजी मिश्रा, उपेंद्र सिंह, संतोषी आनंद, सरिता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कतरास में इस बार दिखेगा अमेरिका के स्वामीनारायण मंदिर का प्रारूप



**कतरास (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर रविवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान स्थित पूजा पंडाल प्रांगण में रविवार को प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने बताया कि इस बार पूजा के 25 वर्ष पूरे हो रहे है। इस रजत जयंती के उपलक्ष्य में विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर अमेरिका का श्री स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप का पंडाल बनेगा, जो न केवल धनबाद और झारखंड, बल्कि पूरे देश में कतरास का नाम रोशन करेगा। पंडाल को सुंदर आकर्षक और भव्य बनाने के लिए चितरंजन के तपन आर्ट एण्ड डेकोरेटर और मूर्ति भी चितरंजन के कलाकारो द्वारा बनाया जा रहा है। इसके अलावा बोकारो के मनीष लाइट विद्युत सज्जा का कार्य पूरा करेगा इस प्रकार पूजा पंडाल का बजट लगभग 35 लाख एवं कुल बजट 45 लाख रुपए का होगा। हालांकि कार्यक्रम से पूर्व समिति के लोगों ने कतरास की कुलदेवी मां लिलोरी मंदिर में विधिवत पूजा कर मां को सर्वप्रथ्म आमंत्रण पत्र दिया। प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष शंकर जायसवाल, सचिव मुकेश भट्ट, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया, निगरानी समिति अध्यक्ष सरोज विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद रजक अशोक शर्मा, शैलेंद्र सिन्हा, दिलीप तर्वे, गोपाल बोस, राजा गुप्ता, प्रदीप लाला, सुनील यादव, राकेश हजारी, गणेश मोदक राखो, हरि पटवा, सट्टु जायसवाल, राहुल रजक शिवम दसोंधी आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी संतोष सेठ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

### जनसेवा के इच्छुक लोगों के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा खुले हैं : ब्रजेंद्र

आजाद सिवाही संवाददाता




**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को एक भव्य समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बाघमारा क्षेत्र के युवा समाजसेवी संतोष कुमार सेठ ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी ने किया। इसमें प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वकील बावरी, कार्यालय प्रभारी मधु सुधन चौधरी, आकाश कुमार प्रमाणिक एवं मयंक कुमार भी उपस्थित रहे। सबसे पहले संतोष सेठ को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। इसके बाद उनके समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें बबलू पांडेय, पंकज रवानी, रंजीत शर्मा, संजय प्रमाणिक, शंभू रजक, उपेंद्र दास, कारण चौहान, विनोद रवानी, अमन कुमार सहित महिला कार्यकताओं में आरती देवी, यशोदा देवी, सुशीला देवी, अंजली देवी, अंजू देवी आदि शामिल रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि युवा समाजसेवी संतोष सेठ एवं उनके सैकड़ों समर्थकों के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से बाघमारा में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उनके जुड़ने से राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। वहीं, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस का दरवाजा हमेशा उन लोगों के लिए खुला है, जो जनता की सेवा करना चाहते हैं। समाजसेवा के प्रति समर्पित युवाओं के आने से संगठन जमीनी स्तर पर और सशक्त होगा। दूसरी ओर, संतोष कुमार सेठ ने कहा कि मैं और मेरे साथी कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुई हैं।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 12 बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

### अपराधियों पर लगाम और अपराध पर संपूर्ण अंकुश का प्रयास : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो/कथारा।** बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के 12 बाइक भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी बोकारो के एसपी हरविंद सिंह ने दी। वे रविवार को कथारा ओपी थाना (गोमिया) में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने घटना में लिप्त अपराधियों की परेड कराते हुए जब्त वाहनों को भी दिखाया। बताते चलें कि विगत कुछ महीनों में बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के बोकारो थर्मल थाना और कथारा ओपी थाना क्षेत्र में दो पहिया वाहनों की चोरी की घटनायें काफी बढ़ गयी थी। जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने चोरी में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 बाइक जब्त कर लिया। एसपी ने ने कहा कि बोकारो थर्मल के थाना प्रभारी इस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव, कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति, गोमिया के सर्किल इस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों की टीम मामले का उद्भेदन करने में लगी थी। इसी बीच वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि दिखी। उसे पकडकर जब पूछताछ की गई तो वाहन चोरी के घटना का पदार्फाश हुआ। उन्होंने बताया कि पकड़े गये लोगों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। उनकी पहचान साडम टोला चटनिया बाग निवासी अमन अली, साडम भाट टोला निवासी मो इन्ताफ उर्फ फुचन राय और मो कलाम राय के रूप में हुई है। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह, गोमिया के सर्किल इस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, बोकारो थर्मल के थाना प्रभारी व इस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव, कथारा ओपी थाना के थाना प्रभारी राजेश प्रजापति, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार चौरसिया, सहायक अवर निरीक्षक कृष्ण नंदन पाठक, गुप्तेश्वर पांडेय आदि उपस्थित थे।

## युवक ने नशे में खुद को लगायी आग, इलाज जारी

**झरिया/पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला कुलाटांड़ बस्ती निवासी शिवशंकर महतो उर्फ जादू ने नशे की हालत में अपने शरीर पर पेट्रोल डाल आग लगा ली। शोरगुल हल्ला सुन गांव के लोगों ने आनन फानन में धनबाद के एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए। जहां चिकित्सों बेहतर इलाज के ली बोकारो बीजीएच रैफर कर दिया है। बताया जा रहा कि वह अपनी स्कूटी से नशे की हालत में अपने बस्ती कुलाटांड़ घर जा रहा था। इसी दौरान अपनी स्कूटी से पेट्रोल निकाल अपने शरीर पर डाल आग लगा ली जो लगभग 60 फीसदी जल चुका है। शिवशंकर महतो ने नशे की हालत में अपने शरीर पर पेट्रोल डाल आग लगा ली।

## निवर्तमान निदेशक प्रभारी को दी गयी विदाई, अधिकारी-कर्मचारी हुए भावुक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट का प्रशासनिक भवन रविवार को उस समय गमगीन हो गया जब निदेशक प्रभारी बीके तिवारी को अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। गेंदे और फूलों से सजी एक जीप उन्हें लेकर जब प्रशासनिक भवन से बाहर निकली तो वे खड़े होकर उपस्थित जनसमूह की ओर हाथ हिला रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों, और कर्मचारियों ने मिलकर रस्सियों से जीप को खींचा। यह उनके प्रति गहरे सम्मान और स्नेह को दर्शा रहा था। विदाई जुलूस ने माहौल को मिली-जुली भावनाओं से भर दिया। सुरक्षाकर्मियों के साथ ही पुरुष और महिला कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे थे। जिससे प्रशासनिक भवन यादों के गलियारे में बदल गया। कई लोगों के लिए वे एक प्रभारी निदेशक से कहीं बढ़कर थे। वे एक मार्गदर्शक थे, जिन्होंने अनुशासन को सहानुभूति के साथ जोड़ा और टीम वर्क को दूरदर्शिता से प्रेरित किया। जैसे-जैसे जीप आगे बढ़ी, पूरे परिसर में तालियों और जयकारों की गूंज उठा। जिसने विदाई समारोह को बंधन और अपनेपन के उत्सव में बदल दिया। बोकारो स्टील प्लांट के इतिहास में यह ऐसे दिन के रूप में याद किया जाएगा जब सम्मान भाषणों में नहीं, बल्कि कार्यों में व्यक्त किया गया।

## सेल में सकारात्मक रही 36 वर्षो की कार्यावधि : जे विजय शेखर

### सहकर्मियों का विश्वास एवं सहयोग के लिए जताया आभार

दीपक कुमार


जे विजय शेखर।

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र में अपने 36 वर्ष एक महीने की कार्यावधि को पूरे करने के बाद मुख्य महाप्रबंधक के पद से जे विजय शेखर रविवार को सेवानिवृत हुए। उन्होंने विशेष बातचीत में बताया कि सेल में साढे तीन दशकों का उनका सेवाकाल सकारात्मक रहा। हालांकि इस दौरान कई बार कठिन चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन सहकर्मियों के विश्वास एवं पूर्ण सहयोग से इन चुनौतियों का समय रहते हल भी ढूंढ लिया गया। उन्होंने बताया कि बोकारो इस्पात संयंत्र में जो वर्क कल्चर मिला वह संतोषप्रद रहा। दरअसल बचपन से ही विजय शेखर ने इंजीनियर बनकर देश एवं समाज की सेवा का सपना संजोए रखा था। उन्होंने 1982 में आंध्र प्रदेश के रेजिडेंशियल स्कूल किन्नरासनी से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद 1984 में साइंस विषय से आंध्र लोयोला कॉलेज विजयवाड़ा से इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की। इसके बाद आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित जेएनटीयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक की डिग्री हासिल की। साल 1989 में उन्होंने बोकारो इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस में बतौर अधिकारी ज्वाइन किया। वहीं, वर्ष 2006 में सीनियर मैनेजर और 2019 में महाप्रबंधक बने। उनकी सेवा काल का तकरीबन 30 वर्ष ब्लास्ट फर्नेस में ही बीता। इस दौरान पांच ब्लास्ट फर्नेस की आधुनिकरण में उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 से रिटायरमेंट तक इंजीनियर शॉप में बतौर सीजीएम योगदान दिया। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अधिकारी को अपने मातहत कार्य करने वाले सहकर्मियों के साथ सहयोग का रिश्ता रहे तो उसका परिणाम हमेशा सकारात्मक होता है। एक-दूसरे से हमेशा तालमेल बैठाकर ही बड़े से बड़े लक्ष्य को सहजता पूर्वक हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई आने वाले समय में सेल अपनी उत्पादन क्षमता और बेहतर उत्पादन क्वालिटी से देश का नाम रोशन करेगा।

## पाथरडीह कोलवाशरी में लगे ट्रांसफार्मर से कीमती पाट्‌र्स चोरी, 1500 घर अंधकार में



**झरिया/पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने 200 केवीए ट्रांसफार्मर को खोल लगभग पांच लाख रुपए की कीमती सामान लेकर चलते बने। इससे 1500 घर अंधकार में डूब गये। एसीवी में कार्यरत साइड इंचार्ज महावीर शर्मा ने बताया कि चालू लाइन में अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात ट्रांसफार्मर में लगे कीमती सामान की चोरी कर ली है। जिसकी सूचना बड़े अधिकारी के द्वारा पाथरडीह पुलिस को दे दी गई है। वहीं, सूचना पर पाथरडीह पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी ले जांच में जुट गई है। मामले की जानकारी देते हुए जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के शाखा सचिव मुरारी महतो ने बताया कि इस चोरी से क्षेत्र के लगभग 15 सौ घरों में अंधकार छा गया है। यही नहीं ट्रांसफार्मर में लगे लगभग 200 लीटर तेल भी साथ ले गए है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है ।तथा भय का माहौल व्याप्त है।

## ट्रंप का जापान पर अमेरिकी चावल खरीदने का दबाव

# नाराज जापानी डेलीगेशन ने दौरा रद्द किया

### भारत पर भी मांसाहारी दूध खरीदने का दबाव था

एजेंसी

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जापान पर अमेरिकी चावल के लिए बाजार खोलने का दबाव बना रहे हैं। इस वजह से जापान के मुख्य वातार्कार रयोसेई अकाजावा ने अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। निक्केई एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अकाजावा 28 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करने वाले थे, लेकिन ट्रम्प के अमेरिकी चावल खरीदने के दबाव के बाद उन्हें यह यात्रा रद्द करनी पड़ी।





अमेरिका ने इसी तरह का दबाव भारत पर भी बनाया था। अमेरिका चाहता था कि भारत उनकी मांसाहारी गायों का दूध खरीदे। साथ ही उनके किसानों के लिए भारत अपना मार्केट ओपन करे। लेकिन भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया था। इससे बाद अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया था, जो बाद में बढ़कर 50% तक पहुंच गया।

**अमेरिका से टैरिफ घटने की उम्मीद नहीं, इसलिए यात्रा रद्द :** निक्की एशिया के मुताबिक अकाजावा चाहते थे कि उनकी यात्रा से अमेरिका से यह लिखित वादा मिल जाए कि जापानी उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, लेकिन जब यह साफ हो गया कि ऐसा नहीं होगा, तो उन्होंने यात्रा रद्द कर दी। कई सरकारी अधिकारियों ने निक्केई एशिया से कहा कि ट्रम्प ने जापान पर दबाव डालकर पहले उससे टैरिफ कम कराया और फिर कृषि उत्पादों का आयात बढ़ाने की शर्त रखी। इसके बदले में जापान को उम्मीद थी कि अमेरिका ऑटोमोबाइल पर टैरिफ का बोझ कम करेगा, लेकिन ट्रम्प की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस भरोसा नहीं मिला। जापान का कहना है कि अमेरिका का रवैया उसकी घरेलू नीतियों में हस्तक्षेप है। अकाजावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अधिकारियों के स्तर पर और बातचीत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक वार्ता आगे बढ़ती रहेगी, वे अमेरिका की यात्रा टाल रहे हैं, लेकिन संभव है कि भविष्य में फिर से जाएं।

# जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है: नितिन गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर।** अक्सर अपने भाषण को लेकर चर्चा में रहने वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर नेताओं को लेकर जो बयान दिया है, उसकी काफी चर्चा हो रही है। नितिन गडकरी ने कहा, 'जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है।'

नितिन गडकरी ने नागपुर में अखिल भारतीय महानुभाव परिषद में बोलते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा, 'बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं लेकिन मैं इसकी अनुभूति करता हूं, क्योंकि मैं जिस क्षेत्र में काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने पर मनाही है।'



नितिन गडकरी ने कहा कि वहां हौसे, नवसे, गवसे (ये मराठी की कहावत है) सब लोग है, और जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है। उन्होंने कहा, 'एक बात सच है। भगवान श्रीकृष्ण ने लिख कर रखा है, श्रीमद्भगवद्गीता में लिखा है कि अंतिम विजय यहां सत्य की होती है।'

नितिन गडकरी ने कहा कि कोई चीज प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट है, शॉर्टकट से आदमी जल्दी पहुंचता है, नियम तोड़कर रास्ता क्रॉस करना है तो लाल सिग्नल हो, या फिर छलांग लगाकर जा सकते हैं लेकिन एक फिलॉसफर ने कहा है कि शॉर्टकट कट यू शॉर्ट। इसीलिए हमने होनेस्टी, क्रेडिबिलिटी, समर्पित भाव, सत्य यह जो वैल्यूज हैं, इन सब का समाज में महत्व है।

बता दें कि नितिन गडकरी बीजेपी में एक ऐसे नेता हैं, जो अपने खुले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्हें जो बात कहनी होती है, वह साफ और सीधे तरीके से जनता के सामने कह देते हैं। उनका कहना है कि मैं काम करता हूं, अगर आप लोगों को अच्छा लगे तो मुझे वोट करना, नहीं तो मत करना। उनके स्वभाव की वजह से ही उनके खिलाफ विपक्षी नेता भी कम ही बयान देते हैं।

# लखनऊ में अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 4 की मौत

### पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट में फैक्ट्री मालिक आलम, उनकी पत्नी और दो बेटों की मौत हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा में दशहरा की तैयारी के लिए बनाये जा रहे देशी पटाखे की फैक्ट्री में रविवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट से पटाखे बना रहे फैक्ट्री मालिक आलम, उनकी पत्नी और दो बेटों की मौत हो गयी। धमाका इतना तेज था कि दो किलोमीटर तक आवाज सुनायी दी। प्राप्त




जानकारी के मुताबिक आलम अपने ही घर में बारुद रखा था और उससे पटाखा बनाता था।

**धमाके से पड़ोसी के घरों में आई दरार :** धमाके से आलम का पूरा मकान ध्वस्त हो गया। आशंका जतायी जा रही है कि मकान में अभी भी कुछ लोग दबे हुए हैं। ब्लास्ट की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड, एडीसीपी पूर्व, इंस्पेक्टर गुडंबा फोर्स के साथ पहुंच गये हैं। धमाके से आसपास के घरों में दरारें पड़ गयी हैं। राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर और डीएम विशाख घटनास्थल पर पहुंचे।

**पुलिस ने जारी किया आधिकारिक बयान :** लखनऊ पुलिस ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि रविवार को समय करीब दोपहर 12.00 बजे थाना गुड़ंबा पर सूचना प्राप्त हुई की बेहटा में एक मकान में विस्फोट हुआ है। इस पर सूचना तत्काल थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स मौके के लिए रवाना होते हुए फायर बिग्रेड, एंबुलेंस, एसडीआरएफ एवं बीडीडीएसटी की टीम को मौके पर पहुंचने हेतु बताते हुए उच्चाधिकारिगणों को घटना की जानकारी देते हुए बचाव कार्य शुरू किया गया। मौके पर उच्चाधिकारी मौजूद हैं।

# बिग बॉस सीजन 19 : अपने नये अंदाज में हो चुका है शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** 'घरवालों की सरकार' थीम के साथ बिग बॉस सीजन 19 अपने नये अंदाज में शुरू हो चुका है। शो में हिस्सा लेने वालों में स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे, यूट्यूबर मृदुल तिवारी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तान्या मित्तल और नगमा मिराजकर हैं।


इसमें टीवी स्टार गौरव खन्ना हैं। फिल्मों और टीवी में काम कर चुकीं कुनिका सदानंद, 21 साल की अशनूर कौर और भोजपुरी फिल्मों की स्टार नीलम गिरी भी हैं। शो शुरू होने के साथ ही झगड़े भी चालू हैं। बसीर अली ने तान्या को ब्रेनलेस कहा, तो दाल की कटोरी को लेकर हुए झगड़े पर जीशान कादरी गौरव खन्ना को 'सबसे बड़ा जाहिल' कह चुके हैं।

भारत में साल 2006 में शुरू हुए इस रियलटी शो का तेवर और कलेवर पिछले 19 साल में काफी बदल गया है।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय पर्यवेक्षक नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। झारखंड कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के साथ आगे बढ़ रही है, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और नये जिला अध्यक्षों का चयन करना है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) की मंजूरी से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नयी सूची जारी की जा रही है। इस सूची में झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय को पलामू का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें एआइसीसी पर्यवेक्ष के साथ समन्वय करने और पलामू में संगठन को मजबूत करने के लिए काम करने है। पलामू के पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री राय को बधाई दी और इस निर्णय पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।



श्री राय कहा कि वो जल्द ही पलामू पहुंच कर संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए सभी की राय लेंगे, उन्होंने प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, सभी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।


# फोटो-वीडियो में पैचिंग की नहीं चलेगी चालाकी, पकड़ लेगा एआइ एल्गोरिदम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** तकनीक की दुनिया में लगातार हो रहे नवाचार अब सुरक्षा और भरोसे को नए आयाम दे रहे हैं। भोपाल स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइसर) के विज्ञानियों ने एक नया एआइ एल्गोरिदम तैयार किया है, जो फोटो और वीडियो में किए गए नकली बदलावों यानी 'पैच' की सटीक पहचान कर सकता है।

यह शोध न केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की दिशा में बड़ी उपलब्धि है, बल्कि आने वाले समय में सुरक्षा, निगरानी और डिजिटल मीडिया की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस एल्गोरिदम को आइसर भोपाल के डाटा साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. अक्षय अग्रवाल और शोधार्थी विशेष कुमार ने मिलकर विकसित किया है।

वीडियो और फोटो के विश्लेषण में एआइ और डीप लर्निंग तकनीक का प्रयोग कर तैयार की गयी यह प्रणाली उस स्थिति में भी काम करती है, जब कोई दुर्भावनापूर्ण तत्व छवि या वीडियो पर प्राकृतिक



आइसर के प्रयोगशाला में विज्ञानी डा. अक्षय अग्रवाल काम करते हुए।

दिखने वाला पैच जोड़ दे। यह पैच कभी किसी चेहरे को छिपाने, कभी आब्जेक्ट बदलने या फिर गलत संदेश देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वीडियो में दिखायी गयी तकनीक यह दशार्ती है कि कैसे एआइ एल्गोरिदम फ्रेम दर फ्रेम छवि की गहराई से जांच करता है और उन असामान्य हिस्सों को पहचान लेता है, जिन्हें सामान्य आंखें पकड़ नहीं पातीं। इस तरह यह तकनीक भविष्य में ड्रोन निगरानी, चालक रहित वाहन, चेहरा पहचान प्रणाली, स्वचालित बैंकिंग प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

**पैच अटैक खतरनाक चुनौती :** डा. अग्रवाल बताते हैं कि पैच अटैक सबसे खतरनाक चुनौती बनते जा रहे हैं। कोई भी साधारण दिखने वाली वस्तु जैसे सड़क का साइन बोर्ड, कपड़े का पैटर्न या यहां तक कि मोबाइल का कवर को दुर्भावनापूर्वक पैच के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इन पैच का मकसद मशीन को भ्रमित करना है।

उदाहरण के लिए सेल्फ-ड्राइविंग कार किसी साइन बोर्ड को गलत पढ़ ले तो दुर्घटना हो सकती है। नयी तकनीक इस खतरे को कम करती है। यह कोई पहली बार नहीं है जब डा. अक्षय अग्रवाल ने एआइ तकनीक में बड़ा योगदान दिया है। इससे पहले भी वे डीपफेक डिटेक्टर और कान से बायोमेट्रिक डिटेक्शन सिस्टम बना चुके हैं, जिनके लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। इनमें आइआइटी दिल्ली से बेस्ट डिजर्टेशन अवार्ड और इनोवेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट पुरस्कार प्रमुख हैं।

**डिजिटल प्लेटफार्म्स पर मजबूत होगा भरोसा :** इस शोध का महत्व केवल वैज्ञानिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि आम उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा से भी जुड़ा है। आज के दौर में जब फर्जी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया के जरिए तेजी से फैलते हैं तो यह तकनीक सच और झूठ की पहचान में मदद करेगी। इससे न केवल साइबर अपराधों पर रोक लगेगी बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म्स पर भरोसा भी मजबूत होगा। आने वाले समय में इस एल्गोरिदम को और बेहतर बनाकर रियल-टाइम एप्लीकेशन में उतारा जायेगा। यानी भविष्य में हर कैमरा, मोबाइल या सुरक्षा प्रणाली में यह एआइ फीचर मौजूद हो सकता है, जो तुरंत बता देगा कि किसी तस्वीर या वीडियो से छेड़छाड़ हुई है या नहीं। आटोनोमस सिस्टम में एआइ एल्गोरिदम बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। इससे वीडियो व फोटो में जोड़े गये पैच को पहचानने में आसानी होगी। भविष्य में यह ड्रोन निगरानी, चालक रहित वाहन, चेहरा पहचान प्रणाली, स्वचालित बैंकिंग प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

## मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन कर रहे जरांगे ने सरकार को दी चेतावनी, कहा-

# 'नहीं मानी मांगें तो पानी पीना भी कर देंगे बंद'

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** शहर के आजाद मैदान में मनोज जरांगे के नेतृत्व में रविवार को तीसरे दिन भी मराठा आरक्षण आंदोलन जारी रहा। इस दौरान कार्यकताओं ने अपना रुख कड़ा करते हुए कहा कि उनकी मांग संवैधानिक रूप से वैध है। वहीं, दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भाजपा के कुछ मंत्रियों ने कहा कि समुदाय को मौजूदा ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ उठाना चाहिए। बता दें कि मनोज जरांगे मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। वह चाहते हैं कि मराठाओं को ओबीसी में शामिल कृषक जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिल सके, हालांकि ओबीसी नेता इसका विरोध कर रहे हैं।



**सरकार नहीं मान रही मांगें :** मनोज जरांगे ने अपनी मागें पूरी न होने तक मुंबई न छोड़ने का संकल्प लेने की बात कही है। उन्होंने कहा, 'सरकार के पास 58 लाख मराठाओं के कुनबी होने का रिकॉर्ड है।' हाई कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश संदीप शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद भी जरांगे के रुख में कोई नरमी नहीं आयी। जरांगे ने कहा, 'कल से मैं पानी पीना बंद कर दूंगा क्योंकि सरकार मेरी मांगें नहीं मान रही है। जब तक आरक्षण की मांग पूरी नहीं हो जाती, मैं वापस नहीं जाऊंगा। चाहे कुछ भी हो जाए, हम ओबीसी श्रेणी के तहत मराठाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे।'

**समाधान निकालने में जुटी सरकार :** सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार के स्तर पर समाधान तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने शनिवार देर रात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। सीएम फडणवीस ने कहा है कि सरकार संवैधानिक और कानूनी ढांचे के भीतर इस मुद्दे का समाधान ढूंढ़ने की कोशिश कर रही है। बता दें कि शनिवार को हाई कोर्ट के रिटायर्ड संदीप शिंदे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जरांगे का आंदोलन समाप्त कराने में असफल रहा। जरांगे इस मांग पर अड़े रहे कि मराठवाड़ा के सभी मराठाओं को आरक्षण के उद्देश्य से कुनबी के रूप में मान्यता दी जाये। हजारों आरक्षण समर्थकों की उपस्थिति के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के आसपास का क्षेत्र छावनी जैसा लग रहा है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**